प्रधानमंत्री मोदी-मंगोलिया के विकास में भारत दृढ़ साझेदार
- 12

सितंबर माह में मांग बढ़ने से बढ़ा रत्न आभूषण का निर्यात
- 12

अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट वैश्विक दृष्टिकोण जरूरी
- 13

राहुल का अर्धशतक भारत ने किया क्लीन स्वीप
- 14

आज का मौसम

32.0° अधिकतम तापमान

29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.08 सूर्यास्त 05.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी 10:34 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 15 अक्टूबर 2025, वर्ष 35, अंक 257, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

ब्रीफ न्यूज

सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल 30 नवंबर तक बढ़ाया

नई दिल्ली। सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल एक महीने बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दिया है। सरकार ने 31 दिसंबर 2023 को 16वें वित्त आयोग का गठन किया था और नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया का इसका चेयरमैन बनाया गया था। इस आयोग को 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। आयोग मुख्य तौर पर एक अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र एवं राज्यों के बीच करों के वितरण पर सिफारिशें करता है। वित्त मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को अधिसूचना में कहा कि 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट दाखिल करने करने की तिथि 30 नवंबर तक बढ़ाई जा रही है।

2.15 करोड़ के मादक पदार्थ की तस्करी में दो विदेशी गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक में दो विदेशी नागरिकों को 2.15 करोड़ रुपये मूल्य के एमडीएमए और कोकीन बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों में एक पुरुष और एक महिला है। पुलिस ने उनके कब्जे से 490 ग्राम एमडीएमए और 43 ग्राम कोकीन जब्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये गिरफ्तारियां इलेक्ट्रॉनिक सिटी थाने के एक निरीक्षक को आठ अक्टूबर को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर की गईं।

सरकार जिला पंचायतों में सिविल इंजीनियर, आर्किटेक्ट करेगी तैनात

मुख्यमंत्री ने ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के दिए निर्देश

- पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और संसाधनों के उपयोग पर बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पारदर्शिता व तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित करने पर बल दिया है। यह निर्देश भी दिया कि विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए जिला पंचायतों में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

सीएम ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। कहा, आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले और मिलने वाले शुल्क से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो। पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। पंचायतों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों के पास जितनी अधिक स्व-वित्तीय क्षमता होगी, उतनी ही तेजी से ग्रामीण विकास के कार्य आगे बढ़ेंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल सेवा व जनसुविधा संचालन का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

लखनऊ में पंचायतों का ऑन सोर्स ऑफ रेवेन्यू बढ़ाए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

तालाबों, पोखरों को लेकर स्पष्ट नियमावली तैयार हो : योगी

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पंचायती राज विभाग द्वारा तालाबों, पोखरों की सूचीकरण और उपयोग नीति पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत तथा जिला पंचायत के अधीन तालाबों व पोखरों का समयबद्ध पट्टा किया जाए और इनसे प्राप्त राशि को हर घर नल, जल संरक्षण और ग्राम्य हित के कार्यों में ही उपयोग किया जाए। उन्होंने इसके लिए एक स्पष्ट नियमावली तैयार करने के निर्देश भी दिए।

एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकवादी ढेर

- 12 घंटे चली मुठभेड़ में मार गिराया, सर्च अभियान जारी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार देर रात कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी। दोनों पक्षों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई।

श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस की विशिष्ट खुफिया जानकारी और सूत्रों व एजेंसियों की पुष्टि के आधार पर संभावित घुसपैठ के प्रयास के संबंध में 13 अक्टूबर 2025 को कुपवाड़ा के माछल सेक्टर में सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। पोस्ट में कहा गया है, सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और चुनौती दी, जिसके बाद आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। बड़ी मात्रा में हथियार और उपकरण बरामद किए गए।

दिवंगत आईपीएस पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगा एएसआई ने की आत्महत्या

- छह मिनट का वीडियो और तीन पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा
- बोला- करप्शन में बदनामी के डर से पूरन ने किया सुसाइड

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा में एक सहायक उप-निरीक्षक ने मंगलवार को रोहतक जिले में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए छह मिनट का वीडियो व तीन पन्नों का एक सुसाइड नोट छोड़ा है।

पुलिस ने बताया कि एएसआई संदीप कुमार ने पूरन कुमार के सहयोगी और हेड कांस्टेबल सुशील की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई थी। पूरन रोहतक जिले में महानिरीक्षक रहे थे और पिछले हफ्ते चंडीगढ़ स्थित अपने घर में मृत पाए गए थे। साइबर प्रकोष्ठ में तैनात एएसआई का शव रोहतक के लाढौत-धामर रोड स्थित उनके घर से बरामद किया गया। आईपीएस अधिकारी के आत्महत्या के मामले को लेकर बढ़ते विवाद के बीच संदीप कुमार की आत्महत्या का मामला सामने आया है। संदीप ने वीडियो में पूरन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भगत सिंह ने भी बलिदान दिया व एक कठिन रास्ता अपनाया, जिसके बाद देश जागृत हुआ। वीडियो में कहा, यह देश तब जागृत होगा जब हम सत्य के मार्ग पर अपना बलिदान देंगे। वीडियो में यह भी सुना जा सकता है कि 'ईमानदार अधिकारी' नरेंद्र बिजारणिया ने पूरन से सवाल किए थे। पूरन का नाम हाल ही में एक रिश्वत कांड में सामने आया था। रोहतक में शराब के एक ठेकेदार ने हेड कांस्टेबल सुशील कुमार के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज कराया था। ठेकेदार ने आरोप लगाया कि सुशील ने पूरन के नाम पर (जब वह वहां तैनात थे) 2.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सुशील कुमार को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था।

आरोपों से घिरे डीजीपी को छुट्टी पर भेजा गया

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या मामले को लेकर विपक्ष के हमले के बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया। सरकार ने इससे पहले रोहतक के पूर्व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया का तबादला कर दिया था।

प्रदेश के 14.82 लाख राज्य कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के मौके पर राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। इस पर कुल व्ययभार 1,022 करोड़ रु. आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 रु. के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रु. का लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

एसी बस में लगी आग, 20 यात्री जिंदा जले

जैसलमेर जिले के थईयात गांव के पास आग लगने के बाद धू-धूकर जलती बस।

जैसलमेर, एजेंसी

जैसलमेर-जोधपुर राजमार्ग पर मंगलवार को जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक एसी बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जिंदा जल गए। बस में 57 यात्री सवार थे। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।

उन्होंने कहा, राजस्थान के जैसलमेर में हुए हादसे में हुई जान-माल की हानि से व्यथित हूं. इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। पीएम ने मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। जोधपुर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजेश मीणा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोधपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बस जैसलमेर से जोधपुर जा रही थी तभी अपराह्न करीब तीन बजे थईयात गांव के पास उसके पिछले हिस्से से अचानक धुआं निकलने लगा और चालक ने बस को सड़क किनारे रोका। हालांकि कुछ ही पलों में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासी और राहगीर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में मदद की। दमकल और पुलिस को सूचित किया और घायलों को जैसलमेर के जवाहर अस्पताल ले जाया गया। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और संबंधित अधिकारियों को तत्काल राहत एवं चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

भाजपा ने 71 उम्मीदवारों की सूची जारी की

बिहार चुनाव

- विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा

पटना, एजेंसी

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें 13 मंत्रियों और नौ महिलाओं के नाम शामिल हैं जबकि विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है।

भाजपा नवंबर में होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत लड़ रही है। वह 243 विधानसभा सीट में से 101 पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। शेष सीटें गठबंधन सहयोगियों के हिस्से में गई हैं जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यू) भी शामिल है। भाजपा की पहली सूची में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तारापुर और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को लखीसराय से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है। यादव सात बार पटना साहिब से विधायक रह चुके हैं।

अयोध्या में बनेगा एनएसजी का केंद्र

मानेसर (हरियाणा), एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में ब्लैक कैट कमांडो बल एनएसजी का एक और क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करेगी। मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और गांधीनगर के मौजूदा केंद्रों के बाद यह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का छठा क्षेत्रीय केंद्र होगा। एनएसजी केंद्र इसके कमांडो को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी ढंग से पहुंचने में मदद करते हैं। आतंकवाद रोधी कमांडो बल के 41वें स्थापना दिवस पर यहां उसके मुख्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मोदी सरकार आने वाले दिनों में एनएसजी की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव लाने वाली है।

तैयारी | रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के कलाकार करेंगे मंचन

9वें दीपोत्सव में विदेशी कलाकार करेंगे रामलीला

विभिन्न देशों से अयोध्या पहुंचे रामलीला के कलाकार। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में नौवां दीपोत्सव में भारतीय के साथ विदेशी परंपरा भी जुड़ने से यह अंतरराष्ट्रीय ख्याति पर्व बन गया है। दीपोत्सव में 19 अक्टूबर को आयोजित भव्य आयोजन में पांच देशों रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के कलाकार भारतीय वेशभूषा में अपनी -अपनी परंपरा से रामलीला का मंचन करेंगे। इसके लिए विभिन्न देशों के कलाकार मंगलवार को अयोध्या पहुंच गये हैं।

सरयू तट स्थित राम कथा पार्क के अंतरराष्ट्रीय मंच पर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के कुल 90 कलाकार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला का अलग-अलग प्रसंग पर मंचन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति में भारतीय वेशभूषा, लाइटिंग और सेट डिजाइन दर्शकों के लिए अलौकिक और अद्भुत दृश्य होगा। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के संस्थान के सलाहकार और विशेष कार्याधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय रामलीला 17 से 20 अक्टूबर तक चलेगी। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल रामलीला की परंपरा को जीवंत रखना है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करना है।

आज ही खरीदें और बड़ी बचत करें

इस दिवाली, कम GST और शानदार फेस्टिव ऑफर्स का लाभ उठायें।

मॉडल्स	GST में कटौती*	शुरूआती कीमत^	अतिरिक्त फायदे*
Grand i10 NIOS	₹73 808	₹5 47 278	₹55 000
VENUE	₹1 23 659	₹7 26 381	₹50 000
AURA	₹78 465	₹5 98 320	₹43 000
EXTER	₹51 158	₹5 48 742	₹45 000
i20	₹98 053	₹6 86 865	₹55 000
ALCAZAR	₹75 376	₹14 47 305	₹60 000

HYUNDAI

CSD और KPKB ग्राहकों के लिए अतिरिक्त फायदे## | अतिरिक्त स्क्रैपेज बोनस डिपॉजिट के वैध सर्टिफिकेट के बदले उपलब्ध है~~।

LUCKNOW: JSV HYUNDAI: GOMTINAGAR: GOMTI NAGAR, CHINHAT TIRAHA. CALL: 7897703434, 9044038102. **RING ROAD:** RING ROAD, ENGINEERING COLLEGE CHAURAHA. CALL: 7705802681, 7897771166. **PR HYUNDAI: CHOWK:** CALL: 8112377777, 8112580000. **BAKSHI KA TALAB:** REWATHY SQUARE, SITAPUR ROAD, LUCKNOW. CALL: 7052000148, 7052000155. **SAS HYUNDAI: STATION ROAD:** CALL: 9919800464. **KANPUR ROAD:** CALL: 9919800458. **TELIBAGH:** CALL: 7408221166. **ARJUNGANJ:** CALL: 9919800463. **BEEAAR HYUNDAI: MAHANAGAR:** CALL: 9724777048. **SHAHNAJAF ROAD:** CALL: 9724777048. **GOMTI NAGAR:** CITY MALL, VIPUL KHAND 4. CALL: 9724777048.

my Hyundai app | Hyundai Promise Certified Pre-Owned Car | Scan to chat with us or give a missed call at 9555295868

*Terms & conditions apply. ^Starting price mentioned are for base variants. *Offer valid till 31st October 2025. Offers mentioned include cash, corporate, either exchange or scrappage benefits as applicable. Offers may vary from variant to variant and city to city. HMIL reserves the right to alter or discontinue the deals, benefits or offers at its sole discretion at any time. For more details, visit your nearest Hyundai showroom. ~~Scrappage bonus will be applicable against a valid certificate of deposit (issued by government approved and operational scrappage center) and exchange of old car. In case the customer is giving certificate of deposit but not physically exchanging his old car and buying a new car - then only scrappage bonus of ₹5 000 will be paid. This advertisement and car shown here is for creative representation purposes only and the depictions are for illustrative purposes. Features and specifications shown may or may not be part of standard fitment and are subject to change without prior notice. Hyundai Motor India Limited reserves the right to change specifications, colour, equipment, and schemes at any time without prior notice. The black shade on glass is due to lighting effect. Size and colour may appear to vary due to lighting and position effect. ##CSD: Canteen Stores Department, KPKB: Kendriya Police Kalyan Bhandar.

देवा मेले में आज

पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक
- वॉलीबॉल प्रतियोगिता (फाइनल)
- हॉकी प्रतियोगिता, बैडमिंटन टूर्नामेंट (सायं 5 :30 से 8 रात्रि बजे तक)

पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 5 बजे तक
- प्रेक्षागृह में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम।

सायं 5 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक
- प्रस्तुति-भोजपुरी गायक-सुरेश कुशवाहा। ● प्रस्तुति-लोक गायन- पूजा पांडेय। ● प्रस्तुति-नृत्य नाटिका-पुनीत मित्तल, यायावर रंग मंडल। ● प्रस्तुति-लोकगीत-दीप शिखा।

रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक ● मुशायरा

(देवा मेला से संबंधित खबरें पेज 8 पर)

ब्याज देते-देते 28 से 42 लाख हो गई रकम

अमृत विचार Follow UP

व्यापारी खुदकुशी प्रकरण

- **व्यापारी को धमकाने का वायरल हुआ ऑडियो**
- **वायरल हुए ऑडियो की जांच में जुटी पुलिस**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कपड़ा व्यापारी आत्महत्या प्रकरण में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद गेंद पुलिस के पाले में आ गई है। इस बीच सोशल मीडिया पर वायरल आडियो इस समय काफी चर्चा में है। इस आडियो में घटना से पहले की लंबी बातचीत है जिसमें रुपये लेनदेन को लेकर गाली गलौज, धमकी, आत्महत्या के लिए उकसाने वाली बातें शामिल हैं। यह आडियो खरा निकला तो जांच में अहम भूमिका निभाएगा। उधर पुलिस सुसाइड नोट में दिए गए नामों की तस्दीक की तैयारी में है।

बताते चलें कि कपड़ा व्यापारी नीरज जैन आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने दर्ज किए गए मुकदमे में कई अहम बिंदुओं को शामिल किया है। जैसे कि घटनाक्रम, मृतक के छोटे भाई केडी का पहुंचना, सुसाइड नोट व काल रिकार्डिंग मिलना, आत्महत्या के लिए उकसाना। पुलिस की रिपोर्ट में कुल सात लोग नामजद हैं, जिनमें मुख्य नाम उमाकांत उपाध्याय का है जो शहर के लखपेड़ाबाग निवासी रिटायर्ड दरोगा हैं। इस समय मृतक व आरोपी के बीच लंबी बातचीत का जो आडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, उसमें एक आवाज नीरज जैन की तो दूसरी उमाकांत की बताई जा रही। हालांकि अमृत विचार इस आडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस आडियो में प्रमुख बिंदु यह हैं कि नीरज ने 28 लाख की रकम ब्याज पर ली थी, वह ब्याज की अदायगी करते करते अब 42 लाख हो गई है। उमाकांत की धमकी कि या तो खुद को गोली मार लो वरना सरेबाजार मैं मारूंगा। फांसी लगाकर मर जाओ तो सब माफ हो जाएगा। 10 प्रतिशत मासिक ब्याज पर रकम ली गई थी।

बहरहाल, इस ऑडियो की सत्यता की जांच पुलिस कर रही है। वहीं सुसाइड नोट मृतक ने ही लिखा या किसी और ने, यह भी जांच का ही विषय है। पुलिस जांच में कोई भी पहलू छोड़ना नहीं चाहती ताकि घटना का सही रूप सामने आ सके। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से चालक की मौत

सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार : कोठी के अरुई में मंगलवार को धान की कटाई के दौरान 11 हजार वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से मशीन चालक की मौत हो गई।

रमेश के खेत में धान काटने के लिए हार्वेस्टर मशीन गई थी। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन मशीन के संपर्क में आ गई।

करंट लगने से मशीन चालक गजराज निवासी पूरे मेडई, थाना जायस, अमेठी मशीन से नीचे गिर पड़े और पहिए के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ऑफरोल कर्मियों, सीएससी संचालक ने किया गबन

बाराबंकी, अमृत विचार : एक्सिस बैंक की बाराबंकी शाखा के माइक्रो फाइनेंस विभाग में कार्यरत ऑफरोल कर्मियों ने सीएससी संचालक के साथ मिलकर लाखों का गबन किया है। बैंक की जांच में इस गबन की पुष्टि होने पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्वेस कॉर्प लिमिटेड के माध्यम से कार्यरत दो कर्मियों पुनीत कुमार निवासी सीतापुर और जनसेवा केंद्र संचालक सचिन कुमार निवासी देवा ने मिलकर एक्सिस बैंक के समूह लोन ग्राहकों के नाम पर फर्जी खाते इंडियन ओवरसीज बैंक देवा शाखा में खुलवाए। इन खातों में लोन की राशि ट्रांसफर कराकर ग्राहकों को लोन रद होने का बहाना बनाकर उनके बायोमेट्रिक से सारा पैसा निकाल लिया गया। लगभग 60 ग्राहकों से 9,73,803 की धोखाधड़ी की गई। इसी तरह, फील्ड स्टाफ उत्कर्ष आर्यन निवासी बहराइच पर भी 18 ग्राहकों से 44,770 की किस्त वसूल कर उसे उनके लोन खातों में जमा न करने का आरोप लगा है। जनसेवा केंद्र संचालक सचिन ने अपनी भूमिका स्वीकार कर ली है, जबकि पुनीत कुमार फरार चल रहा है और उसका मोबाइल फोन बंद है।

न्यूज ब्रीफ

परिजनों के सुपुर्द की गयी युवती

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना कोठी की मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा गुमशुदा को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। रिंकी देवी पत्नी रिंकू गौतम निवासी गोसाई का पुरवा थाना कोठी अपने घर से गुस्सा होकर बिना बताए कहीं चली गई थी, जिस संबंध में थाना कोठी पर गुमशुदगी पंजीकृत कराई गई। मिशन शक्ति केन्द्र टीम उपनिरीक्षक विजय प्रकाश यादव, महिला सिपाही अंतिमा यादव द्वारा गुमशुदा रिंकी देवी को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

नाले में डूबकर व्यक्ति की मौत

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मंगलवार को एक चालीस वर्षीय व्यक्ति की नाला में डूबने से मौत हो गयी। बदोसरांय के मरौचा निवासी राम कैलाश (40) पुत्र धर्मराज के साथ साइकिल से रामनगर थाना के बुधई पुरवा मजरे लहड़रा जा रहे थे। शौच करते समय पैर फिसलने से रामकैलाश नाले में गिर गए। डूबने से उनकी मौत हो गई।

मामूली विवाद में सगे भाइयों को पीटा

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के बीजापुर गांव में मामूली बात को लेकर दो सगे भाइयों की पिटाई कर दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है। जलालू ने तहरीर में बताया कि एक सप्ताह पहले वह अपने घर के बाहर नहा रहा था। इसी समय पडोस़ की महिला ने बंदर भगाने के लिए पत्थर मारा जो उसके पास आकर गिरा। उसने महिला को हिदायत दी। महिला के परिजनों ने उसकी व उसके भाई भखरुद्दीन व बहू को भी पीटा।

लापता युवक का शव मिला

आरोप-अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी ने करायी हत्या

गुत्थी उलझी

- **गड्ढे में पड़ा था खून से लथपथ शव, पास ही पड़ी थी बाइक**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : घुंघटेर थाना क्षेत्र में रात भर लापता रहे एक युवक का शव उसके ही गांव के पास एक गड्ढे में खून से लथपथ पड़ा मिला। शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं। वहीं मृतक के परिजन पत्नी पर रंजिशन हत्या का आरोप लगा रहे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम ददेरा में रहने वाले 35 वर्षीय हेमंत पुत्र चोखेलाल का शव गांव के ही पास गड्ढे में खून से लथपथ मिला। पास में ही उसकी बाइक भी पड़ी थी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार, हेमंत सोमवार रात घर से यह कहकर निकले थे कि वे देवा मेला देखने जा रहे हैं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे।

बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को शुरुआती जांच में मृतक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। माना जा रहा है कि युवक पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया है। मृतक के भाई पुत्ती लाल ने हेमंत की पत्नी पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है। बताया कि पत्नी के किसी युवक से अवैध संबंध थे, जिसका हेमंत ने विरोध किया था। इसी रंजिश में उसकी हत्या की गई और घटना को सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की जा रही है।

यह भी बताया कि घटना के समय हेमंत की बाइक पर दो अन्य लोग सवार थे, जिन्हे किसी प्रकार की चोट नहीं आई। क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

नवजात की मौत प्रसूता गंभीर

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : सरांय बरई स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी में लापरवाही से प्रसूता की हालत बिगड़ गई वहीं नवजात ने दम तोड़ दिया। पति ने पुलिस से शिकायत की है, वहीं सीएचसी की ओर से अस्पताल को नोटिस भेजी गई है। कूढ़ा सुखीपुर निवासी रामू ने बताया कि रविवार सुबह वे गर्भवती पत्नी को पीएम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्लेटलेट्स कम होने की बात कही लेकिन नर्सें नॉर्मल डिलीवरी कराने पर अड़ गईं। डिलीवरी के दौरान प्रसूता की हालत बिगड़ गई और नवजात ने जन्म के बाद दम तोड़ दिया। आरोप है कि बच्चे की मौत के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की बात कहकर 50 हजार रुपये लिये। ऑपरेशन तो किया गया, लेकिन पत्नी की हालत और बिगड़ गई।

88 हजार का मिलावटी घी सीज

- **270 किलो दूषित खाद्य सामग्री करायी गयी नष्ट**

बासी जूस नष्ट करातीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैय्या दूज के मद्देनजर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन छापेमारी अभियान चलाया।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कुल 6 नमूने लिए गए और 138 किलो मिलावटी घी अनुमानित कीमत 88,000 सीज किया गया। अभियान के दौरान नवाबगंज, देवा, सतरिख, दारापुर, सिद्धौर और कुर्सी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। कुर्सी चौराहे से अस्वच्छ अवस्था में संकलित 200 लीटर दूध और खराब गुणवत्ता की 20 किलो पनीर एवं देवा मेला क्षेत्र से 50 लीटर बासी जूस मौके पर नष्ट कराया गया।

डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग ने 5 प्रतिष्ठानों को सुधार के लिये नोटिस भी जारी किया है। सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, सलिल कुमार, भगौती प्रसाद, डॉ. अंकिता यादव, पल्लवी तिवारी, अनुराधा और अर्शी फारूकी शामिल रहे।

डीसीएम ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, दो की मौत

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : मंगलवार की रात फतेहपुर थाना क्षेत्र के रामनगर रोड स्थित इब्राहिमपुर के पास डीसीएम ने धान लदी ट्रैक्टर ट्राली को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर गड्ढे में पलट गया और उस पर सवार लोग नीचे दब गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये

हादसे में ट्रैक्टर चालक सूरज यादव निवासी रायपुर, जैसू निवासी लधपुरवा, कल्लू (36) निवासी सैंवढा थाना टिकैतनगर, देशराज यादव (30) निवासी रायपुर तथा कमलेश (35) निवासी सराय टिकैतनगर सवार थे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने धान की बोरियां हटाकर दबे लोगों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने देशराज यादव और कल्लू को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल जैसू व कमलेश की हालत चिंताजनक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम और ट्रैक्टर को सड़क किनारे से हटवाया, जिससे यातायात बहाल हो सका।

दुर्घटनाओं में दो की मौत, पांच घायल

बाराबंकी, अमृत विचार : मंगलवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। घुंघटेर थाना क्षेत्र के रामपुरवा मजरे अप्सरा गांव निवासी 40 वर्षीय संतलाल ऑटो चलाते थे। सोमवार शाम वे ऑटो लेकर घर से निकले थे। निगोहा-अटहरा मार्ग पर नारदपुर मंदिर के पास सड़क पर दो सांड़ लड़ रहे थे। इस दौरान दोनों सांड़ ऑटो से टकरा गए, जिससे ऑटो पलट गया और चालक संतलाल नीचे दब गए। ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सफदरगंज के बनौक गांव के निकट मंगलवार दोपहर कार की टक्कर से बाइक सवार 60 वर्षीय हुसैनी की मौके पर ही मौत हो गई। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को दिल्ली से पटना जा रही कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार युवती अतीका (25) और उसका साथी श्रेयांस (28) घायल हो गए। मसौली थाना क्षेत्र में ग्राम बांसा निवासी सुफियान ऑटो से उतरकर सड़क पार कर रहे थे, तभी बाराबंकी की ओर से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में सुफियान, बाइक सवार प्रिंस और लविंस घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बड़ागांव लाया गया, जहां से सुफियान और लविंस को जिला अस्पताल तथा गंभीर हालत में लविंस को लखनऊ रेफर किया गया।

24 नवंबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

बाराबंकी, अमृत विचार : शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के विरोध में जनपद बाराबंकी के शिक्षक 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि यह निर्णय अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ऑनलाइन बैठक में लिया गया है। उन्होंने कहा कि टीईटी अनिवार्यता उन शिक्षकों पर थोपना अन्याय है, जिनकी नियुक्ति शिक्षा अधिकार अधिनियम और टीईटी लागू होने से पूर्व की गई थी। संगठन ने इस निर्णय के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। अभिषेक सिंह ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों और मंत्रियों से अपील की है कि वे अपने-अपने विकासखंड से अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए 15 अक्टूबर को लखनऊ में संघ की बैठक भी आयोजित होगी।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शुभेंद्र अवस्थी निर्विरोध तहसील अध्यक्ष निर्वाचित

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील इकाई के द्विवार्षिक चुनाव में शुभेंद्र अवस्थी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। मंगलवार को तहसील सभागार में संपन्न चुनाव में सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध हुआ। निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह, राहुल कनौजिया और पर्यवेक्षक राजेश कुमार यादव की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। इसमें विवेक कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामकरन कनिष्ठ उपाध्यक्ष, समर सिंह मंत्री, प्रदीप वर्मा उपमंत्री, आनंद यादव कोषाध्यक्ष तथा अश्वनी कुमार को ऑडिटर नियुक्त किया गया।

विवि टॉपर बने अपूर्व द्विवेदी

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : नरेंद्रपुर के अपूर्व द्विवेदी ने ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में बीटेक (सिविल इंजीनियरिंग) में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्नातक स्तर पर समस्त संकायों में द्वितीय स्थान एवं अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए उन्हें कुलपति स्वर्ण पदक तथा महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से विशेष स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। अपूर्व, हरिकेश द्विवेदी के पुत्र व स्व. सुशीला देवी एवं चंद्र कुमार द्विवेदी के पौत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

शानदार जीत के साथ फाइनल में पहुंचा लखनऊ

बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रहे 19वें आसिफ अली मेमोरियल प्राइस मनी स्टेट लीग 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन ने सुल्तानपुर क्रिकेट एसोसिएशन को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सुल्तानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 .4 ओवर में 244 रन बनाए। जवाब में लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 29 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। ओपनर हिमांशु सिंह ने मात्र 77 गेंदों में 117 रनों की तूफानी पारी खेली।

बाराबंकी डायरी

कथा व्यास से सम्मान प्राप्त करते पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवेश सिंह।

हमेशा बोलनी चाहिए मधुर वाणी

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : चौबिसी में प्रधान गौरव सिंह के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास उज्जैन से पधारे प्रणव पुरी महाराज ने राजा उत्तानपाद एवं ध्रुव चरित्र का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। नारद जी की परीक्षा के बावजूद ध्रुव की अटल श्रद्धा ने उन्हें भगवान की प्राप्ति कराई। कथा में उन्होंने कहा कि विद्या, तप, धन, कुल, यौवन और बल जैसे गुण यदि सज्जनों के पास हों तो शोभा बढ़ाते हैं, लेकिन दुर्जनों में ये अहंकार का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि कठोर वचनों से हुए घाव कभी नहीं भरते, इसलिए मधुर वाणी बोलना चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र बहादुर सिंह, समाजसेवी सुंदरलाल जायसवाल, शिक्षक नेता धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विजय सिंह, जेपी सिंह, भाजपा नेता अवधेश सिंह चंदेल समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने कथा व्यास का सम्मान किया।

बैठक करतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल।

पराली न जलाने की अपील की

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : फसल अवशेष जलाने की बढ़ती घटनाओं को रोकने और आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। तहसील सभागार में आयोजित इस बैठक में तहसीलदार विपुल कुमार सिंह व खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। ग्राम प्रधानों से अपील की गई कि वे किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने महादेवा महोत्सव को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित कराने के लिए भी सुझाव और सहयोग मांगा।

छात्र-छात्राओं को सम्मानित करतीं बीईओ फिजा मिर्जा।

विज्ञान केवल विषय नहीं, नवाचार का पहला कदम

बाराबंकी, अमृत विचार : सुंदरलाल महाविद्यालय में आविष्कार अभियान के अंतर्गत क्विज का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बीईओ फिजा मिर्जा ने विजयी पांच छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गणित और विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि नवाचार की दिशा में पहला कदम हैं। संविलियन स्कूल मरकामऊ की हर्षिता, उच्च प्राथमिक विद्यालय डूडी की पलक और मोहन, दानापुर शुक्ल की पल्लवी तथा संविलियन विद्यालय सिरौलीगौसपुर के दिवाकर का चयन द्वितीय चरण के लिए किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजयोगिनी बीके माधुरी दीदी।

आध्यात्मिकता से होगा सामाजिक परिवर्तन

बाराबंकी : अमृत विचार : हजाराबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज दिव्य शक्ति भवन में आयोजित स्नेह मिलन एवं ब्रह्माभोजन कार्यक्रम में बोलते हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश समाज सेवा प्रभाग की क्षेत्रीय समन्वयक राजयोगिनी बीके माधुरी दीदी ने कहा कि समाज और स्वयं में सकारात्मक बदलाव के लिए आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाना जरूरी है।

देवा मेला | मेहंदी, वाद-विवाद, निबंध व भाषण प्रतियोगिता भी की गयी आयोजित

छात्र-छात्राओं ने रंगोली में दिखायी प्रतिभा

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : देवा मेला ऑडिटोरियम में मंगलवार को रंग-बिरंगी और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन हुआ। जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने मेहंदी, वाद-विवाद, चित्रकला, रंगोली, निबंध व भाषण प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह से भाग लिया। हर प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी व जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ. सुविद्या वत्स, डायट प्रवक्ता महेंद्र यादव और खंड शिक्षा अधिकारी देवा सुनील कुमार गौड़ ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लेकर न सिर्फ मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि शिक्षा, कला और संस्कृति के समन्वय का भी परिचय दिया। आयोजकों ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल बताया।

छात्राओं को सम्मानित करते डायट प्रवक्ता, बीईओ व अन्य लोग। ● अमृत विचार

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

बाराबंकीः अमृत विचार : अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष विजयपाल गौतम की अध्यक्षता में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सतरिख नाका पर एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरने में दलितों, पिछड़ों और गरीबों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की गई। विजयपाल गौतम ने कहा कि आम आदमी आज असुरक्षित महसूस कर रहा है। धरने में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, आर.डी. राव, संजय गौतम, अजीत वर्मा, मोईनुद्दीन अंसारी, पंकज यादव समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री योगी ने व्यापक 'शहरी पुनर्विकास नीति' की आवश्यकता पर दिया बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है मसौदा
- ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए
- पुराने बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति बनाएं

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में व्यापक ''शहरी पुनर्विकास नीति'' की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। उन्होंने कहा कि नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुराने बाजारों, सरकारी आवास परिसरों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति तैयार की जाए। नीति में सेवानिवृत्त सरकारी आवासों, पुरानी हाउसिंग सोसाइटियों तथा अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

योगी आदित्यनाथ के मुताबिक, ''शहरी पुनर्विकास नीति'' केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त करेगी। कहा कि हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं। इनके पुनर्जीवन के लिए ऐसी नीति आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली और पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। निवेशकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश, प्रोत्साहन और सुरक्षा दी जाए, ताकि निजी क्षेत्र पुनर्विकास में सक्रिय भागीदारी कर सके।

उन्होंने कहा कि नई नीति का मसौदा जनप्रतिनिधियों, नगर निकायों और आम नागरिकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर अंतिम रूप से तैयार किया जाए और शीघ्र मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाए। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में विकास प्राधिकरणों द्वारा लिए जाने वाले बाह्य विकास शुल्क पर भी चर्चा हुई मुख्यमंत्री ने बाह्य विकास शुल्क को व्यावहारिक और जनहित के अनुरूप बनाए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी प्रकार के भूमि उपयोग आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक और कृषि पर समान शुल्क दरें लागू हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नई व्यवस्था में स्थान और भूमि उपयोग के आधार पर शुल्क दरों में अंतर रखा जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने सरकारी आवास में आवास विभाग की बैठक करते हुए।

सामान्य व्यक्ति स्वयं अपने शुल्क की गणना कर सकें

- मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि एवं औद्योगिक उपयोग की भूमि पर बाह्य विकास शुल्क, आवासीय और व्यावसायिक उपयोग की तुलना में कम होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय नगर निकाय सीमा के भीतर और नगर निकाय सीमा के बाहर की भूमि पर भी शुल्क की दरों में अंतर किया जाए, ताकि निवेशकों और आम नागरिकों दोनों के हितों का संतुलन बना रहे। उन्होंने बाह्य विकास शुल्क की गणना प्रणाली में पारदर्शिता और सरलता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिसमें सामान्य व्यक्ति भी बिना किसी परेशानी के स्वयं अपने शुल्क की गणना कर सके। इसके लिए शुल्क निर्धारण का फॉर्मूला स्पष्ट, ऑनलाइन और न्यूनतम मानव हस्तक्षेप वाला होना चाहिए।

विकास प्राधिकरणों की जवाबदेही तय हो

- मुख्यमंत्री ने कहा कि बाह्य विकास शुल्क से प्राप्त धनराशि का उपयोग वास्तव में बाह्य बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, विद्युत व अन्य जनसुविधाओं के विकास में ही किया जाए। इसके लिए विकास प्राधिकरणों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास विभाग को निर्देश दिया कि बाह्य विकास शुल्क से संबंधित वर्तमान प्राविधानों की समीक्षा कर, जनसुलभ, पारदर्शी और व्यवहारिक नीति का प्रारूप शीघ्र तैयार किया जाए, ताकि नगरीय विकास योजनाओं में गति आए और नागरिकों को वास्तविक लाभ मिले।

महाकुंभ से भी सुधारी राज्य की अर्थव्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजधानी पहुंचे राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने की बैठक

अमृत विचार : राजधानी पहुंची राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग (नेशनल स्टैस्टिकल कमीशन-एनएससी) के प्रतिनिधिमंडल के समक्ष मंगलवार को योगी सरकार के अफसरों ने महाकुंभ-2025 जैसे विशेष आयोजन का राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव समेत राज्य की अन्य आर्थिक कदमताल से अवगत कराया।

राज्य सरकार का प्रस्तुतिकरण देख राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग के अध्यक्ष, प्रो. राजीव लक्ष्मण करिंदकर ने उत्तर प्रदेश की सांख्यिकीय प्रणाली की प्रगतिशील दिशा की सराहना की और इसे देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय बताया।

इसी क्रम में आयोग की ओर से उच्चस्तरीय बैठक से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर केंद्र एवं राज्यों के बीच सांख्यिकीय क्रियाकलापों में समुचित समन्वय एवं प्रभावी रणनीतियां विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गई और हुए 'डेटा से नीति, नीति से विकास और विकास से समृद्धि' का खाका खींचा गया।

बैठक में डा. राजेश कुमार चौहान, उपनिदेशक, अर्थ एवं संख्या द्वारा प्रदेश में महाकुंभ-2025 जैसे विशेष आयोजन का राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव से सम्बंधित प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें एक्स्पेंडिचर अप्रोच द्वारा इस मेगा इवेंट से प्राप्त कुल जीवीए की गणना को दर्शाया गया। साथ ही प्रदेश में पर्यटकों के आगमन में उतरोत्तर वृद्धि को रेखांकित करते हुए विभिन्न पर्यटन स्थालों पर चर्चा की। उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष, प्रो. राजीव लक्ष्मण करिंदकर ने की।

भाजपा जातिवादी पार्टी सावधान रहना है

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा बहुत बड़ी जातिवादी पार्टी है, समाज में नफरत फैलाती है और विघटन पैदा करती है। भाजपा से सभी को सावधान रहना है। उप्र. में अपराधियों से प्रशासन की सांठ-गांठ है। प्रदेश की कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य और शिक्षा सब कुछ बर्बाद है। भाजपा सरकार में जातीय उत्पीड़न और भेदभाव चरम पर है। सपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को संबोधित कर रहे थे। गोमती नदी की सफाई की व्यवस्था सपा सरकार में की गई, लेकिन भाजपा सरकार ने सब खराब कर दिया है। अब चला-चली की बेला है तो गोमती नदी की सफाई को लेकर ढोंग कर रहे हैं।

अंतर्जनपदीय असलहा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

संवाददाता, कोहड़ौर, प्रतापगढ़। कोहड़ौर पुलिस ने सोमवार की रात थाना क्षेत्र के अर्धनिर्मित टोल प्लाजा धरौली मधुपुर के पास एक अंतर्जनपदीय असलहा तश्कर को गिरफ्त में लिया। उसके पास से एक अवैध पिस्टल, रिवाल्वर, दो देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस भी बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रविंद्र कुमार मिश्र निवासी मिश्र का पुरवा, थाना गोसाईगंज सुल्तानपुर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उसने बताया कि पिस्टल अवैध है। तमंचा और रिवाल्वर को ठीक करा कर बेचने जा रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

Public Notice

I hereby declare that in school records of my ward Yash Jaiswal studying in Stella Maris Convent School Narayanpur in class 9th-C his mother name is incorrectly mentioned MINA JAYSWAL which should be read and written as MEENA JAISWAL respectively. Smt- MEENA JAISWAL w/o MANISH JAISWAL. R/O HOUSE No. 947, PALTAN BAZAAR,TEHSIL SADAR DIST. SULTANPUR Uttar Pradesh

सूचना

मैं **वैभव तिवारी पुत्र श्री राजेन्द्र नारायण तिवारी निवासी– 171 मोहल्ला रायगंज अयोध्या,** मेरी पुत्री स्तुति तिवारी का नाम चूक के चलते बिट्टू तिवारी हो गया है। मेरी पुत्री का नाम स्तुति तिवारी है न कि बिट्टू तिवारी अतः मेरी पुत्री का नाम स्तुति तिवारी के स्थान पर बिट्टू तिवारी पढ़ा जायें।

सूचना

मेरा एलआईसी की पालिसी संख्या 265495182 में नाम रामखिलावन पुत्र मानसिंह लिखा हुआ है मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में नाम रामलखन है यह दोनों नाम मेरे ही है अब मुझे रामलखन के नाम से जाना जाए भवदीय **रामलखन पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम बिरियन नगला पोस्ट बमरौली,जिला कन्नौज।**

सूचना

सूचित किया जाता ही कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ISLAM से MOHD ISLAM कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD ISLAM, Add- GHOSIYANA NEAR MASJID RAJEEV NAGAR KHARIKA,TELIBAG, LUCKNOW

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Abhishek Kumar से Abhishek Kumar Pandey कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Abhishek Kumar Pandey H-NO-20, Saray Raghunath Ayodhya

सूचना

मैने अपना नाम ASHISH KUMAR से बदलकर ASHISH SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-JAI SHANKER NATH ADD-555 KHA/A/79, BHOLAKHERA MANAS NAGAR DIST-LUCKNOW-226023 (U.P)

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना सं. NER-LJN-2025-166

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् हैः– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-166; कार्य का नाम:** सीतापुर जंक्शन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 के बीच दो अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के संबंध में विस्तार और चौड़ीकरण का कार्य, प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 के बीच मिट्टी का कार्य, नाली का निर्माण, ट्रैक को जोड़ना एवं अन्य विविध सिविल और ट्रैक कार्य।; **अनुमानित लागत (₹):** ₹10,61,38,552.36; **अग्रिम धन (₹):** ₹6,80,700/-; **समापन अवधिः** 12 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-166** के लिए ई–निविदा दिनांक 04.11.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू–295 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सूचना

मैने अपना नाम RAJ KUMAR से बदलकर RAJ KUMAR PAL रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM SHABD ADD-72K, KHANPUR SHAH SULEMPUR PO-BARIYAWAN DIST-AMBEDKAR NAGAR-224210 (U.P)

सूचना

मैंने अपने पुत्र का नाम RIDHAN GUPTA से बदलकर RIDHAAN GUPTA रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को RIDHAAN GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O ROHIT GUPTA ADD - 350-Ga, SHAKTI NAGAR INDIRA NAGAR A-BLOCK CONVERSATION CENTER LUCKNOW

सूचना

मै **शशि कला निवासी 554/595 एकता नगर कैम्पबेल रोड़ बालागंज** की निवासी हूं। पहले मेरा नाम शशि कला देवी था और अब मेरा नाम शशि कला है। भविष्य में मुझे मेरे शशि कला नाम से ही जाना पहचाना जाय

सूचना

मेरा नाम आधार कार्ड में गलती से भुनेश्वर लिख गया है सही नाम मुनेश्वर, muneshwar prasad पुत्र sunder है। **मुनेश्वर प्रसाद पुत्र सुंदर आधार नं 764410565717 निवासी– ग्राम लंगड़ी किशुनपुर ग्रिंट पोस्ट रेहराबाजार जनपद बलरामपुर**

सूचना

मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी नंबर 2366 31431 में नाम घनश्याम पुत्र कन्धई लाल है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम विजय कुमार पुत्र कन्धई लाल है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे दोनों नाम से जाना में पहचाना जाता है। **घनश्याम पुत्र कन्धई लाल ग्राम समदा परगना व तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर**

सूचना

मेरा पासपोर्ट नंबर M4997603 मे नाम मोहम्मद अयूब खान मोहम्मद रुस्तम पुत्र मोहम्मद रुस्तम अब्बास खान तथा माता का नाम शेरुन्निशा मोहम्मद रुस्तम लिखा है आधारकार्ड, पैनकार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम मोहम्मद अयूब खान पुत्र मोहम्मद रुस्तम तथा माता का नाम शेरुन्निशा है यही सही है। **मोहम्मद अयूब खान, निवासी–ग्राम सेमरी परगना व तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर**

स्वर्ण पदक हासिल करने वाली स्नेहा बनीं प्राचार्य, छात्रों को किया प्रोत्साहित

संवाददाता, प्रतापगढ़

पीबीपीजी कॉलेज में छात्रा स्नेहा यादव का स्वागत करते प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव।

- मिशन शक्ति के तहत पीबीपीजी कॉलेज में छात्रा को दायित्व देकर प्राचार्य ने किया स्वागत

अमृत विचार : पीबीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ सिटी में नारी सशक्तीकरण का संदेश देने के लिए मंगलवार को एक छात्रा को प्राचार्य बनाया गया। परास्नातक हिंदी में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली छात्रा स्नेहा यादव ने प्राचार्य के रूप में अपने सभी दायित्वों को समझा।

कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बात कर उनको प्रोत्साहित किया। कॉलेज में अनुशासन के साथ स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह पहल नारी सशक्तीकरण व बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए की गई। डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, मुख्य कुलानुशासक डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. वंदना सिंह के साथ महाविद्यालय में भ्रमण कर कक्षाओं का संचालन देखा। इस दौरान डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, प्रीति सिंह, रवि प्रकाश सिंह, रचना सिंह, कार्यालय अधीक्षक संतोष सिंह, बालेंदु सिंह, संदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

दीपावली पर 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश

अमृत विचार, लखनऊः नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण पर्वों के मद्देनजर कैंप ऑफिस से वर्चुअल समीक्षा बैठक कर ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के तैयारियों की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दीपावली पर्व के दौरान 24 घंटे निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय बिजली कटौती से जनसामान्य को असुविधा न हो, इसके लिए सभी स्तरों पर विद्युत व्यवस्था की गहन मॉनिटरिंग की जाए। मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिले, इसके लिए लो वोल्टेज एवं बार-बार शटडाउन की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य समय रहते पूरे कर लिए जाएं ताकि त्योहारों के समय कोई बाधा उत्पन्न न हो।

स्टे वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

रानीगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार : फतनपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी 65 वर्षीय कृपाशंकर दुबे मंगलवार को विद्युत पोल से लगे एक रस्सी पर कपड़े डाल रहे थे। पोल से लगे स्टे वायर में करंट आ रहा था। उनका हांथ स्टे वायर में छू गया। इससे वह करंट की चपेट में आ गए। परिजन उपचार के लिए पीएचसी बीरापुर ले कर पहुंचे। जहां पर हालात गंभीर होने पर प्रतापगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां पर उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन रोने बिलखने लगे। कृपा शंकर के पुत्र ललित कुमार दुबे रांची में एक दैनिक अखबार में कार्यरत हैं। रत्नेश दुबे दिल्ली में रहकर कारोबार करते हैं। कृपा शंकर की पत्नी मोहनी देवी सहित परिजन बिलखते रहे।

दीपावली व छठ पर्व पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिल्ली से लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर सहित प्रमुख मार्गों पर बसें चलेंगी
- गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और इटावा के लिए भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दीपावली, भैयादूज और छठ जैसे प्रमुख पर्वो पर प्रदेशवासियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में 18 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक प्रोत्साहन अवधि घोषित किया गया है, प्रोत्साहन अवधि में कार्यरत चालकों, परिचालकों और कर्मचारियों के लिए सरकार ने आर्थिक प्रोत्साहन योजना की भी घोषणा की है, जिसमें इन्हें इस अवधि में कार्यकरने पर अतिरिक्त राशि दी जाएगी।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि कहा कि दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर सहित प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और इटावा के लिए भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि जो चालक-परिचालक 12 दिन ड्यूटी करते हुए औसतन 300 किमी प्रतिदिन का संचालन करेंगे, उन्हें 400 रूपए प्रतिदिन की दर से 4800 रूपए दिए जाएंगे। यदि कोई कर्मी 13 दिन लगातार ड्यूटी करता है और तय मानक पूरा करता है, तो उसे 450 रूपए प्रतिदिन की दर से 5850 रूपए मिलेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि अनुबंधित चालकों-परिचालकों को मानक से अधिक चलने पर 55 पैसे प्रति किमी अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा

एनकाउंटर में मारे गए 256 दुर्दांत अपराधी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- मिशन शक्ति 5.0 के तहत 20 दिनों में एक दर्जन से अधिक एनकाउंटर हुए



अमृत विचार : योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड एनकाउंटर कार्रवाई की है। एनकाउंटर में मेरठ जोन ने मारी बाजी और पूरे प्रदेश में एनकाउंटर में पहले स्थान पर है। उक्त क्रम में ही मिशन शक्ति 5.0 के तहत पिछले 20 दिनों में एक दर्जन से अधिक एनकाउंटर की कार्रवाई की। बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया जबकि कुछ दिन पहले बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को करारा जवाब दिया।

जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में हुए एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपरधियों को यमलोक पहुंचाया है। पुलिस ने 15,726 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर में 10,324 अपराधी घायल हुए। वहीं 18 पुलिसकर्मी भी शहीद हो गये जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदेश में सबसे अधिक मेरठ ज़ोन में पुलिस ने 4,453 कार्रवाई की।

जिसमें 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मारे गए, हालांकि दो पुलिसकर्मी भी शहीद हो गये। इसी तरह, दूसरे स्थान पर रहे वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ में 27 अपराधी ढेर हुए। तीसरे स्थान पर रहे आगरा जोन में 2,374 एनकाउंटर की कार्रवाई के दौरान 22 अपराधी मार गिराए गए। मुठभेड़ के दौरान 59 पुलिसकर्मी घायल हुए।

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

दहेज हत्या के मामले में पति-ससुर गिरफ्तार

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार : सैदापुर गांव में दहेज हत्या के आरोप में नवविवाहिता के पति मुनेश्वर प्रसाद और ससुर रामभजन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बीते रविवार को 23 वर्षीया सरस्वती का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला था। पिता शिवसागर ने बताया कि शादी में हैसियत के अनुसार दहेज दिया गया था, लेकिन ससुराल वाले बाइक और सोने की चेन की अतिरिक्त मांग कर परेशान कर रहे थे। करवा चौथ के दिन मारपीट की गई। सीओ महोली नागेंद्र चौबे ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया।

छापे के बाद नर्सिंग होम संचालक रफूचक्कर

तंबौर, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध अभियान चलाया। कई संचालक मौके से रफूचक्कर हो गए। बताते हैं कि सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार को गोपनीय स्तर पर अवैध नर्सिंग होम संचालन की सूचना मिली। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। एक मेडिकल स्टोर की भी जांच की गयी हालांकि सीएचसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने छापेमारी की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।

सातवें दिन भी भूख हड़ताल जारी

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार : ऐलिया ब्लॉक में पसनैका के ग्रामीणों का बेमियादी धरना सातवें दिन भी जारी रहा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को जांच अधिकारी बनाया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि तकनीकी जांच कौन करेगा और अवर अभियंता स्तर के अधिकारी को शामिल क्यों नहीं किया गया।

दो छात्राएं बनीं एक दिन की डीएम और एसपी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : बेटियां वो सब कर सकती हैं जो राष्ट्र और समाज की उन्नति के लिए कारगर हो। शर्त ये है कि परिवार को भी इस ओर मजबूत निर्णय लेने होंगे, क्योंकि पढ़ेंगी बेटियां तभी तो बढ़ेंगी बेटियां। समाज में मिशन शक्ति का यही संदेश देने के लिए आर कन्या इण्टर कॉलेज की दो छात्राएं एक दिन की डीएम और एसपी बनीं। प्रतिभा का परिचय देते हुए दोनों ने न सिर्फ सवालों के हल खोजे, बल्कि कार्यालय में आने वाले फरियादियों को नियम और कानून का पाठ भी पढ़ाया।

आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा दीक्षा विमल एक दिन की जिलाधिकारी बनीं। मिश्रिख से आई महिला पारिवारिक विवाद का हवाला देकर फफक पड़ी। ऐसे में उन्होंने सीधे इंस्पेक्टर मिश्रिख को फोन किया, समस्या का हल निकालने के लिए निर्देश दिए। नियम कानून का ककहरा भी छात्रा ने महिला को पढ़ाया। शासन की योजनाओं की जानकारी भी अन्य शिकायतकर्ताओं के बीच साझा की। उधर, एसपी बनीं कक्षा 12 की छात्रा पूजा भारती का तेवर भी देखने लायक था। एक दिन की एसपी बनी छात्रा ने आपदा प्रबंधन को समझा। मिश्रिख से आई महिला ने अपनी सास की शिकायत करते हुए कहा कि शराब बनाने में मदद कर रही हैं। फिर क्या था, कोतवाली प्रभारी मिश्रिख अरविंद सिंह से तीखे सवाल कर डाले, अभियान के तहत ठोस कार्रवाई की बात भी कही। कहा कि पीड़ितों से अच्छा व्यवहार ही समाज में भरोसे की डोर को मजबूत करता है। बाद में महिला थाना प्रभारी इंतुल चौधरी की मौजूदगी में महिला थाने का मुआयना किया।

एक दिन की डीएम के साथ जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

शस्त्रागार का निरीक्षण करती एक दिन की एसपी बनी छात्रा। ● अमृत विचार

डैशबोर्ड पर निगरानी न रखी तो कार्रवाई तय

सीतापुर, अमृत विचार : डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का नियमित अनुश्रवण करें और निर्धारित पोर्टल पर समय से शुद्ध डाटा भरें।

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जल जीवन मिशन, मध्याह्न भोजन योजना, सेतु निर्माण और अन्य खराब रैंकिंग वाली योजनाओं की प्रगति सुधारने पर जोर दिया गया। डीएम ने लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण, राशन दुकानों का आवंटन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को स्वयं डैशबोर्ड पर निगरानी रखने और कार्य में विलंब न होने देने का निर्देश दिये।

त्योहारों पर निर्बाध रखें विद्युत आपूर्ति

सीतापुर, अमृत विचार : डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक हुई। डीएम निर्देश दिए कि त्योहारों पर विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहे। जर्जर पोल और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर तुरंत बदलवाए जाएं और रिजर्व ट्रॉली ट्रांसफार्मर तैयार रखे जाएं।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

जागरण देखकर घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

रफ्तार की मार

संवाददाता, मानपुर, सीतापुर

अमृत विचार : क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक जागरण देखने के लिए गए थे और लौटते समय उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

दयाराम यादव (20) पुत्र सरदार यादव और हरि ओम मौर्य (22) पुत्र पराग मौर्य बिसवां से खाना लेकर लौट रहे थे। रात करीब 12:00 बजे बखरिया गांव के सामने शमशाद के धर्म कांटे के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे कीसूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मानपुर पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां भेजा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार कंटेनर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी रेउसा पहुंचाया, घायलों की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। सदरपुर थाना क्षेत्र के घरथरी गांव निवासी निजामुद्दीन (30) अपनी पत्नी शम्मो (28), साली शन्नो (25) और भतीजा अब्दुल्ला (3) के साथ एक बाइक पर सवार होकर रेउसा कस्बे शादी का सामान खरीदने आए थे। शाम को सामान लेकर घर लौट रहे थे। बहराइच-सीतापुर मार्ग स्थित रेउसा कस्बे में इंडियन बैंक के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शन्नो ट्रक के नीचे आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। निजामुद्दीन, शम्मो और बच्चा अब्दुल्लाह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रक चालक हिरासत में लेते हुए कंटेनर को कब्जे में लिया। इंस्पेक्टर हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

छेना में मिले कीड़े, नष्ट कराया स्टाक

- खाद्य विभाग व पुलिस टीम ने छापेमारी कर की कार्रवाई

संवाददता, कमलापुर, सीतापुर

अमृत विचार : सिधौली उपजिलाधिकारी राखी वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा समिति, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सिधौली और कमलापुर कस्बों में छापेमारी कर चार दुकानों से खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए भरे। सिधौली में एक दुकान पर उत्पाद में कीड़े मिलने पर छेना और रसगुल्लों को गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया।

कमलापुर में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने दुकानों पर खाद्य पदार्थों की जांच की। एसडीएम राखी वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हृदय नारायण ने कस्बे के महावीर मिष्ठान्न भंडार से खोया तथा कृष्णा मिष्ठान्न भंडार से बेसन का सैंपल लिया। इस दौरान सीओ कपूर कुमार, थाना प्रभारी कमलापुर प्रदीप कुमार सिंह सहित पुलिस बल भी मौजूद रहा।

सिधौली कस्बे में भी खाद्य सुरक्षा विभाग, तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मिठाई की दुकानों में छापा मारा। राजा स्वीट्स दुकान के छेना रसगुल्ले में कीड़े पाए जाने पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उत्पाद को गड्ढा खोदकर नष्ट कर दिया। इसके अलावा टीम ने वहां से तेल का भी नमूना भरा।

खाद्य विभाग की छापेमारी के दौरान मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

विस्फोटक सामग्री के साथ 3 बंदी

कार्रवाई

- बड़ी मात्रा में गोला, पटाखे और बारूद बरामद

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : मानपुर थाना पुलिस ने अवैध विस्फोटक सामग्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गांव में छापेमारी कर गोला, पटाखा और बारूद जैसी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की है। इस दौरान तीन आरोपी राजू, चांद और कलीम को गिरफ्तार किया।

छापेमार कार्रवाई के दौरान बाधा बन रहे कई रसूखदार सफेदपोशों को खाकी ने हिदायत भी दी। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी दुर्गेश शुक्ल और थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने हालात पर नियंत्रण पाया।

सूत्रों के अनुसार, ग्राम प्रधान ने आरोपियों की पैरवी करते हुए पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें विभागीय कार्रवाई से दूर रहने की सख्त हिदायत दी।

इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश शुक्ल का कहना है कि बरामद सामग्री का परीक्षण कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

तीन क्विंटल बारूद के साथ तीन गिरफ्तार : हरगांव। हरगांव थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई।

इस कारवाई मे कुल तीन क्विंटल विस्फोटक साम्रगी बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपितों में पवन कुमार और मुख्तार अली पुत्र असगर अली के विरूद्ध कारवाई की गई।

पुलिस ने पवन कुमार के कब्जे से लगभग डेढ़ क्विंटल विस्फोटक सामग्री बरामद की, जबकि मुख्तार अली से भी इतनी ही मात्रा में बरामद की गई।

प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के पदाधिकारी और सदस्य। ● अमृत विचार

बूचड़खानों को लेकर हिंदू संगठन मुखर, सौंपा ज्ञापन

लहरपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के अवैध रूप से संचालित बूचड़खानों एवं कान्हा गौशाला में गाय और बछड़ों की मौत के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पक्का तालाब तीर्थ से तहसील परिसर तक प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में सीनू मिश्रा बजरंगी, अमन मिश्रा, आकाश मिश्रा, नीरज कुमार, आशीष मिश्रा, अभय मिश्रा, हरेश कुमार, शिव दयाल, जितेंद्र कुमार वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, कृपा शंकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

राज्यमंत्री ने की कलाकारों से मुलाकात

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : पिसावां कस्बे के ऐतिहासिक रामलीला मैदान पर सोमवार देर रात राज्य मंत्री गिरीशचंद्र मिश्रा पहुंचे। उन्होंने रामलीला के कलाकारों से भेंट कर उनके प्रदर्शन की सराहना की और आयोजन समिति को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि पिसावां की रामलीला स्थानीय कलाकारों की मेहनत, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। व्यापारी, किसान और युवक अपने संसाधनों से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन को मंच पर जीवंत करते हैं। गौरतलब है कि पिसावां की रामलीला का इतिहास दशकों पुराना है। इस वर्ष श्रीराम की भूमिका हरिदीप मौर्य, लक्ष्मण की भूमिका सुभ्रू सिंह, रावण की भूमिका किसान प्रमेंद्र सिंह और कुंभकरण की भूमिका राहुल सिंह द्वारा निभाई गई।

चित्रों का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

ला प्रतियोगिता में बिखरे दीपावली के रंग

लहरपुर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय शहर बाजार में कदम और कार्यक्रम के तहत दीपावली पर्व पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 5 के 45 छात्र-छात्राओं ने दीपावली पर्व कैसे मनाएं, विषय पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन ह्यूमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया संस्था के कदम प्लस कार्यक्रम के तहत किया गया। दीपावली पर्व पर आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और दीपावाली से संबंधित सुंदर चित्र बनाए, जिससे विद्यालय का माहौल रचनात्मकता और उत्साह से भर गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका नूर सबा खातून ने किया। उन्होंने बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विजय कुमार शर्मा, रोहित कुमार आदि शामिल थे।

रायफल शूटिंग में ऋषभ ने मारी बाजी

प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : शहर स्थित 11वीं वाहिनी पीएसी के फायरिंग बट मैदान पर 50वीं यूपी पुलिस वार्षिक शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 12 जोनों के सिपाहियों ने रायफल, रिवॉल्वर और पिस्टल की विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। श्री पी (300 गज) रायफल में पश्चिमी जोन के आरक्षी ऋषभ कुमार ने पहला स्थान हासिल कर टीम को गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में 100 गज स्टैंडिंग पोजीशन में मध्य जोन के विनीष कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि ईश्वर चंद और अफजल क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। 200 गज नीलिंग पोजीशन में राजकुमार मौर्य, मनीष कुमार और हरिओम ने क्रमशः पदक जीते। 300 गज प्रोन पोजीशन में शिवम वर्मा ने शीर्ष स्थान हासिल किया। 300 गज स्नेप पोजीशन में सूरज शाह ने जीत दर्ज की। नई स्पर्धा श्री पी रायफल में ऋषभ कुमार प्रथम, सौरभ बंसला द्वितीय और अतहर अहमद तृतीय रहे। कार्यक्रम में सहायक सेनानायक आनंद कुमार ओझा, हीरालाल कनौजिया, मुख्य रेफरी जयचंद शर्मा समेत सभी जोनों के अधिकारी व टीम मैनेजर उपस्थित रहे।

लक्ष्य साधता जवान। ● अमृत विचार

सिटी डायरी

जनता की समस्याओं को उजागर करते हैं पत्रकार: संग्राम सिंह

लहरपुर, अमृत विचार : नगर के एक निजी डिग्री कॉलेज में मंगलवार को समाजसेवी रवि वर्मा द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रघुवंश अवस्थी ने की, जबकि मुख्य अतिथि भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल रहे। उन्होंने पत्रकारों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संग्राम सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं, जो जनता की समस्याओं को उजागर कर उनके समाधान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम का संचालन हाशिम अंसारी ने किया। इस मौके पर लहरपुर, तंबौर और परसेंडी से आए पत्रकारों सहित सपा नेत्री रेनू यादव, किसान नेता अजीत वर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

कटिया केंद्र पर उपस्थित कृषि वैज्ञानिक और किसान।

धान उत्पादन में मीथेन नियंत्रण के उपाय बताए गए

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया और अमेरिकी संस्थान आईजीएसडी के सहयोग से धान के खेतों में मीथेन उत्सर्जन में कमी विषय पर किसान पाठशाला और प्रायोगिक प्रदर्शन आयोजित किया गया। संस्था के अली रजा, ऋषि बख्शी और अथर्व देशमुख ने परियोजना के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं और सतत कृषि में उपयोगिता पर तकनीकी प्रस्तुति दी। केंद्र के वैज्ञानिक शैलेन्द्र सिंह ने मीथेन के पर्यावरणीय प्रभाव और कार्बन क्रेडिट की जानकारी दी। डॉ. शिशिर कांत सिंह ने बताया कि डायरेक्ट सीडेड राइस में मिथेनोटॉप्स बैक्टीरिया का उपयोग उत्सर्जन कम करने में प्रभावी रहा।

बैठक के दौरान उपस्थित शोध दल।

अशोका यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने फीटल हर्ट रेट का किया निरीक्षण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : सीएचसी में मंगलवार को अशोका यूनिवर्सिटी के शोध दल ने फीटल हर्ट रेट (एफसीआर) का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता और अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने टीम को बताया कि भ्रूण की सामान्य हृदय गति 110 से 160 बीपीएम प्रति मिनट होती है। हृदय गति में कमी या बदलाव समस्या का संकेत देता है। टीम को कार्डियो टोकोग्राम के उपयोग की जानकारी भी दी गई। अंशिका और वैभव ने बताया कि शोध का उद्देश्य प्रसव कक्षों में हृदय गति निगरानी प्रक्रिया का अध्ययन कर भ्रूण मृत्यु दर कम करना है।

ज्ञापन सौपते किसान संगठन के पदाधिकारी।

बंद धान केंद्रों पर बिफरा भाकियू

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : भाकियू (सरदार भगत सिंह) के जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने रुकनापुर बिसवां मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 9 धान क्रय केंद्रों में से केवल 3 ही संचालित पाए गए। हरप्रीत सिंह ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर दो बंद केंद्रों को मौके पर चालू कराया और मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर सभी केंद्रों को चालू करने की मांग की।

रामलीला महोत्सव | राम जन्म से लेकर सीता स्वयंवर तक की लीला का हुआ मंचन

मेला मैदान में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

संवाददाता, मिश्रिख, सीतापुर

अमृत विचार : दशकों बाद मिश्रिख के मेला मैदान में श्री महर्षि दधीचि रामलीला न्यास समिति द्वारा रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव और एमएलसी पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा ने कहा कि रामलीला के मंचन से लोगों में भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और आदर्शों के पालन की भावना जागृत होती है। रामलीला का शुभारंभ भगवान गणेश की झांकी से हुआ। प्रथम दिवस के मंचन में राम जन्म, ताड़का वध और सीता स्वयंवर के प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

ब्राइट फ्यूचर एकेडमी, दिल्ली के कलाकारों ने शानदार अभिनय से सबका मन मोह लिया। जब श्रीराम ने शिव धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और माता सीता ने वरमाला पहनाई, तो पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोषों से गूंज उठा। कार्यक्रम में महंत संतोष दास खाकी, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी, गन्ना चीनी मिल चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सांसद अशोक रावत। ● अमृत विचार

सपा ने की बूथ स्तर की समीक्षा बैठक

बिसवां, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने बिसवां विधानसभा में बूथ स्तर की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने की। एमएलसी जासमीर अंसारी ने कहा कि बूथ मजबूत होने पर ही विधानसभा मजबूत होगी। विधायक अनिल वर्मा ने भाजपा सरकार में बढ़ते भ्रष्टाचार और महंगाई पर चिंता जताई। पूर्व मंत्री रामहेत भारती ने कहा कि चुनावों में सांसद और विधायक बनने में बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत अहम भूमिका निभाती है। सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने निर्देश दिए कि कार्यकर्ता बूथ स्तर एजेंट बनाएं और गांव-गांव पीडीए चौपाल लगाकर पार्टी की योजनाओं की जानकारी दें।

न्यूज ब्रीफ

घर से महिला लापता पुत्र ने दी तहरीर

सरेनी, रायबरेली। सोमवार को अचानक घर से महिला के लापता होने पर बेटे ने थाने में तहरीर दी है। तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के पश्चिम लाल मजरे उसुरू गांव की रहने वाली बिदना (52) पत्नी मेवा लाल सोमवार को अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने महिला की खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है। बेटे सोनू की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया है।

छापेमारी कर मेडिकल स्टोर किया सीज

रायबरेली, अमृत विचार। ड्रग इंस्पेक्टर ने मिल एरिया थाना क्षेत्र के कल्लू का पुरवा में छापेमारी करके मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया है। उन्होंने बताया कि मेडिकल संचालक पर एक लाख 40 हजार कोडीन युक्त कफ सीरप खरीदने का आरोप लगाया गया था। कई बार बुलाने के बाद भी वह नहीं आए तब यह कार्रवाई की गई।

आठ किलो गांजा के साथ तीन को पकड़ा

रायबरेली, अमृत विचार। शहर कोतवाली पुलिस ने आठ किलो गांजा के साथ तीन लोगों को पकड़ा है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान इन लोगों को पकड़ा गया है। पकड़े गये अनुज पुत्र लाल बहादुर निवासी ब्यासबाग कोटरा बहादुरगंज, जयकिशन उर्फ चमन पुत्र कृष्ण कुमार निवासी पूरे अयोध्या थाना ऊंचाहार, रामबालक पुत्र गंगाराम निवासी फरुखाबाद चिल्लावा थाना सरोजनी नगर जिला लखनऊ के खिलाफ मामला पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

मुड़िया डीह शक्ति पीठ के दंगल में केसरी बने काली

धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव शील्ड पर पहलवान नरेश का कब्जा

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र के प्रसिद्ध मुड़िया डीह आश्रम चामुंडा शक्ति पीठ पठान गांव में सोमवार को बिजली की दूधिया प्रकाश में डे-नाइट 26वां प्रदेश स्तरीय दंगल आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह रहे। दंगल में इटौंजा के राजा भानु प्रताप सिंह की स्मृति में फाइनल चैलेंज कुश्ती में शामली के पहलवान काली ने कानपुर के पहलवान संजू को शिकस्त देकर दंगल केसरी बने। पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह की स्मृति में पंजाब के पहलवान नरेश ने इटावा के गोलू यादव को पटखनी दीं। हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव की स्मृति में उत्तराखंड के पहलवान शावेज़ और नीरु सिंह की स्मृति में जम्मू कश्मीर के पहलवान राकेश ने बाजी मारी।

जीत के लिए जोर-आजमाइश करते पहलवाल। अमृत विचार

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आधा दर्जन महिला पहलवानों के बीच मुकाबला हुआ।हरियाणा की राष्ट्रीय पहलवान पूनम ने गाजियाबाद की अंशु यादव, नेपाल की रुबी थापा ने पुरुष पहलवान शेर सिंह पटखनी दी। डीएम और एसपी ने आयोजक मुड़िया डीह आश्रम चामुंडा शक्ति पीठ के महंत कृष्णानंद जी महाराज के प्रयास की सराहना की। संचालन शिक्षक प्रवेश यादव, नीरज चौरसिया, जय किशन कनौजिया, हीरा लाल यादव, जबकि निर्णायक सुरेन्द्र नाथ पाठक रहे। इस मौके पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, विद्युत नियामक आयोग के उपाध्यक्ष डीके सिंह, एसडीएम गौतम सिंह, सीओ प्रदीप कुमार, नपाप अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, सपा के प्रदेश सचिव शशिकांत शर्मा, सौरभ राजन आदि मौजूद रहे।

दो पक्षों में मारपीट मुकदमा दर्ज

सलोन, रायबरेली। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हुई है। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत सलोन कच्ची मस्जिद मोहल्ले में मोहम्मद हबीब और सईद अहमद उर्फ ननकऊ के मध्य काफी दिनों से तनातनी चल रही थी। सोमवार की शाम दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए।तहरीर के मुताबिक हबीब अहमद ने बताया कि विपक्षी सईद उनका लड़का सोनू बेटी गुलशन और पत्नी दिलवरी ने उनकी पत्नी रईखुन और बेटी उम्मतुन को मारा पीटा है। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि हबीब की तरफ से तीन विपक्षियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

जर्जर सड़क को लेकर किया प्रदर्शन

आक्रोश

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूढ़ा में करीब पांच मीटर लंबा चुन्नीलाल खेड़ा संपर्क मार्ग पिछले डेढ़ दशक से बदहाल है। दर्जनों शिकायतों के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

चुन्नीलाल खेड़ा गांव के रहने वाले सपा नेता श्रवण कुमार, मनोज कुमार रावत, दिनेश यादव, राम साजन, श्रवण कुमार यादव, राम सजीवन, रामभजन, पिंटू यादव, संदीप यादव, हर्ष भगत सिंह, बेचा लाल यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2006-07 में पूर्व विधायक रामलाल अकेला के कार्यकाल में इस संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। आलम यह कि इस संपर्क मार्ग की डामर युक्त गिट्टियां उखड़कर गायब हो गई हैं। पूरा मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है जिससे छात्र-छात्राएं एवं राहगीरों को असुविधा होती है।

चुन्नीलाल खेड़ा संपर्क मार्ग बदहाल होने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

मामले की शिकायत सपा नेता श्रवण कुमार ने क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुंदर भारती से की है।

सपा विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि सड़क के नवीनीकरण के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

गांव की गलियां सुनीं, हर ओर सन्नाटा

ऊंचाहार कांड का खौफ

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। बीती एक अक्टूबर की रात क्षेत्र के ईश्वरदासपुर रेलवे हाल्ट के पास विक्षिप्त को चोर समझकर की गई निर्मम हत्या का दंश अब आसपास के कई गांव झेल रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई के खौफ से गांव के लोग पलायन कर गए है, गालियां सूनी होने लगी हैं। हर तरफ सन्नाटा है। अनजाना भय लोगों पर इस कदर हावी है कि ग्रामीणों के चेहरे की मुस्कान खो गई है। मामले की गंभीरता को लेकर अब ग्रामीण पूरी तरह से मायूस हो चुके हैं। उनके मन में हर समय दहशत का माहौल बना हुआ है।

अब तक 14 लोग गिरफ्तार

ऊंचाहार कांड में अब तक कुल 14 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है । बीते सोमवार को पुलिस ने इस कांड में पूरे बनियन मजरे पचखरा गांव निवासी छोटू उर्फ सुजीत अग्रहरि और अविनेश सिंह उर्फ सौरभ सिंह बघेल को गिरफ्तार करके जेल भेजा है । पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी 7 अन्य लोगों को चिन्हित करके उनकी तलाश की जा रही है । यह लोग गैर प्रांत भाग गए है, जिनके लिए पुलिस टीमें लगी है ।

इस जघन्य हत्याकांड की चीख जहां एक ओर दिल्ली तक सुनी गई है, वहीं पुलिस की कार्रवाई ने क्षेत्र के गांव डांडेपर, बाहरपुर, पट्टी, पूरे बनियन, मठ और ईश्वरदासपुर की दिनचर्या को ही बदल दिया है। सुबह, दोपहर और शाम हमेशा खुशी से लबरेज रहने वाले इन गांवों की फिजा में अब खौफ समाया है। हर चेहरे पर अजीब सा खौफ छाया हुआ है। खौफ के चलते लोग बहुत कम ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। आलम यह है कि अब मामले ने राजनैतिक रंग लिया, जिसके बाद में पुलिस सक्रिय हुई और मामले में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू हुई। इसके बाद इन गांवों के युवा पलायन कर गए हैं। अब गांवों की स्थित यह है कि गांव में युवा बचे ही नहीं है। जिन गांवों में एक अक्टूबर से पहले हंसी ठिठोली गूंजती थी वहां अब सन्नाटा है।

बीस लाख रुपये हड़पने का लगाया आरोप, मांगा न्याय

लालगंज, रायबरेली। सराफा मंडी चिकवाही मंडी निवासी निखिलेश कुमार गुप्ता ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने नवंबर 2022 में 58 लाख रुपये में तीन दुकाने खरीदने के बाबत इकरारनामा कराया था। 20 लाख रुपये दे दिया। इसके बाद एक दुकान का कब्जा मिल गया। लेकिन जब उन्होंने इकरारनामा के आधार पर बैंक से ऋण लेना चाहा तो पता चला कि उनके नाम दुकानों का कोई स्वामित्व ही नहीं है। दुकानों का बैनामा कराने की बात कही तो दोनों मुकर गए और उन्होंने कब्जा की गई दुकान में भी ताला बंद कर दिया। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई।

दिव्यांग बच्चों के बनाए गए प्रमाण पत्र

महराजगंज, रायबरेली। मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत समेकित शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाना था। कैंप में विकास क्षेत्र के स्कूलों से आए अस्थि दिव्यांग, दृष्टि बाधित, सीपी बौद्धिक दिव्यांग, मूक बधिर सहित विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित 50 बच्चों का परीक्षण किया गया। डॉ. एमपी सिंह और डॉ. निदा की टीम ने इन बच्चों का गहन परीक्षण किया। इस दौरान छह छात्रों को मौके पर ही प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। जबकि शेष 44 बच्चों को आगे के परीक्षण और प्रमाण पत्र बनवाने हेतु एम्स रायबरेली और जिला अस्पताल रेफर किया गया। मेडिकल कैम्प में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. रुबी चौधरी, फिजियोथैरेपिस्ट आरती यादव, मनीष कुमार, प्रेम बहादुर, अनुजा शुक्ला, नाज़िश अनवर, बीईओ राम मिलन यादव आदि मौजूद रहे।

डीएम ने 24 घंटे में दिलाया प्रमाण-पत्र

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। डीएम हर्षिता माथुर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही जनता की समस्याओं को दूर कराने में वे आगे हैं। उन्होंने प्रेमा पत्नी स्व. शिव बहादुर सिंह निवासी ग्राम अजीतपुर, विकासखंड खीरों को उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रेमा के पति नेपाल में ईंट भट्ठे पर कार्य करते थे जिनकी मृत्यु 2021 में नेपाल में हो गई थी। अंतिम संस्कार रायबरेली में हुआ था। प्रेमा चार वर्ष से पति का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए प्रयासरत थी। 13 अक्टूबर को डीएम को जनसुनवाई में अपनी व्यथा सुनाई जिसे संज्ञान लेकर

मृतक आश्रित को मृत्यु प्रमाण पत्र देतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। 24 घंटे के अंदर महिला के पति का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत मृतक के पुत्र व पुत्री को पृथक-पृथक 2500-2500 रुपये प्रतिमाह, निराश्रित पेंशन योजनान्तर्गत रुपये 1000 प्रतिमाह की स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही बीडियो को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पात्रता की जांच करवाकर पात्र होने पर आवास का लाभ दिलाया जायें। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संघ के कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक। अमृत विचार

साकेत नगर में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

लालगंज, रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर साकेत नगर में एकत्रीकरण और पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के नगर प्रचारक पुष्पम ने बताया कि वर्तमान में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है जिसके तहत संघ ने पंच परिवर्तन का लक्ष्य ले रखा है। नगर कार्यवाह इंद्रेश सिंह ने बताया कि वर्तमान में पूर्ण गणवेश में पथ संचलन कार्यक्रम चल रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि संघ ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी का भाव जागृत करने के लिए पंच परिवर्तन के सामाजिक कार्यों के साथ समाज के बीच जाएगा। लायक सिंह, भोलेंद्र सिंह, श्याम दीक्षित, शीतला गुप्ता, राजेश सोनी आदि मौजूद रहे।

विभाग ने मारा छापा मिलावट खोरों में मचा हड़कंप

बछरावां, रायबरेली। डीएम हर्षिता माथुर के निर्देश का असर अब दीपावली पर्व के नजदीक आते ही दिखने लगा है। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कस्बे में लगने वाली खोया मंडी एवं अन्य दुकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया। छापेमारी में टीम ने आधा दर्जन से अधिक नमूनों के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीआर प्रजापति ने बताया कि दुकानों से भरे गए नमूनों को जांच को भेजा जाएगा। मिलावट या घटिया क्वालिटी की पुष्टि होने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अखंड रामायण पाठ में मौजूद भक्त। अमृत विचार

रामचरितमानस प्रेरणादायक ग्रंथ : दीप प्रकाश

लालगंज, रायबरेली। विकास क्षेत्र के चचिहा में रवि पंडित की ओर से रामचरितमानस का अखंड पाठ आयोजित किया गया। आचार्यों द्वारा गीत संगीत के साथ रामायण का पाठ किया गया। लोगों ने बड़े ही मनोयोग से रामायण पाठ का रसपान किया। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि रामचरितमानस हिंदुओं के लिए एक अत्यधिक पवित्र और प्रेरणादायक ग्रंथ है। इसमें भगवान राम की कथा के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों और नैतिकता का वर्णन किया गया है। रवि पंडित ने कहा कि रामचरितमानस में कर्तव्य और निष्ठा के महत्व पर जोर दिया गया है, जो हिंदू जीवन दर्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुशील शुक्ला ने कहा कि रामायण में सत्य और न्याय के महत्व को दर्शाया गया है, जो समाज के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, अनुराग बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।



प्राथमिक विद्यालय बलीपुर कुशमहुरा में आयोजित बैठक में मौजूद अभिभावक।

बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर दिया जोर

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बलीपुर कुशमहुरा में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आए अभिभावकों से बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति बढ़ाने और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा सितंबर माह में शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते हुए अभिभावकों को प्रथम सत्र परीक्षा में छात्र प्रगति से भी अवगत कराया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. अमर पाल ने बताया कि शैक्षणिक चर्चाओं के अलावा संचारी रोगों की रोकथाम के उपायों के बारे में भी अभिभावकों को जागरूक किया गया।

ट्रैक्टर-कार भिड़ंत में एक घायल

सलोन, रायबरेली। नेशनल हाइवे सूची सलोन मार्ग पर सोमवार की देर रात लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने कार सवार लोगों को टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। जबकि कार सवार घायल हो गया। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त गाड़ियों को राज्यमार्ग से हटाकर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। सोमवार की रात फतेह बहादुर सिंह निवासी कान्हपुर रायबरेली से अपने घर लौट रहे थे। वही विपरीत दिशा से आम की लकड़ी लदी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने इंडिगो कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार हवा में उछल गई, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया।

नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

लालगंज, रायबरेली। दीपावली में पटाखे की दुकानों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि लालगंज तहसील क्षेत्र में पटाखा की 30 लाइसेंस की दुकाने हैं। लालगंज में तीन दुकानें नगर के अंदर और दो दुकानें नगर के बाहर हैं। दुकानों का निरीक्षण कर सभी तरह के एहतियात बरतने के आदेश दुकानदारों को दिया गया है। अगर किसी भी पटाखा दुकानदार ने नियमों को दरकिनार किया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि इस बार फुटकर दुकाने बस स्टेशन ग्राउंड की बजाय बैसवारा डिग्री कॉलेज के दोनों मैदानों में लगेंगी। फुटकर दुकानदारों को तहसील से लाइसेंस लेना पड़ेगा और निर्धारित स्थान पर ही दुकान लगाएंगे। 18 से लेकर 20 अक्टूबर तक दुकानें लगेंगी।

मिथिलेश त्रिपाठी।

खेल सामग्री से गांवों में चमकेंगी प्रतिभाएं

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा के साथ ही खेल में भी लगातार प्रतिभाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। सोमवार को जिले के 215 युवक और महिला मंगल दलों को लखनऊ, जबकि पांच को जिला मुख्यालय में खेल सामग्री दिया गया। प्रोत्साहन सामग्री वितरण के तहत खेल सामग्री पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल गए।

जिला व्यायाम प्रशिक्षक रामकिशोर ने कहा कि सरकार की मंशा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है। इसी के तहत वितरण किया जा रहा है। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी ने युवाओं को खेल सामग्री देते हुए उत्साहवर्धन किया। कहा कि सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। अब खेल प्रतिभाएं अभाव में दम नहीं तोड़ रही हैं, जबकि उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। यह मौका सभी के पास है। बेहतर करें और अपने भविष्य को संवारे। भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं को हर सुविधा मुहैया करा रही है। खेल के माध्यम से भी आगे बढ़ सकते हैं।

जिला युवा कल्याण विभाग की ओर से युवक मंगल दल को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण करते भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, साथ में जिला व्यायाम प्रशिक्षक रामकिशोर व अन्य।

सूरज सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय पर पांच युवक और महिला मंगल दल, जबकि लखनऊ में 215 को खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर शंकर सिंह, आशीष कुमार, अंकित सिंह, साक्षी सिंह आदि मौजूद रहे।

फालोअप | नए थानाध्यक्ष पवन सोनकर के आगे चुनौती, वारदातों का अभी तक नहीं हुआ पर्दाफाश

चोरों का खौफ, वारदातों के खुलासे में खाकी को छूट रहा पसीना

संवाददाता, छतोह, रायबरेली

अमृत विचार। एक माह पहले नसीराबाद थाना क्षेत्र के लाला बाजार के जिस वार्ड में दो लाख से अधिक कि चोरी हुई थी। उसी वार्ड में बीती 10 सितंबर को एक बार फिर से शातिर चोरों ने हाथ साफ किया है। लाला बाजार के वार्ड नंबर एक के ही निवासी पप्पू मौर्या पुत्र राममिलन के यहां चोरों ने 35 हजार रुपये और करीब छह लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। घटना होते ही हड़कंप मच गया फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए हैं। जिससे यह कहना मुश्किल नहीं है कि नये थानाध्यक्ष पवन सोनकर भी शातिर चोरों के आगे पस्त पड़ रहे हैं।

विदित हो कि सितंबर महीने में एकाएक आए चोरी, लूट व डकैती की बढ़ी वारदातों से तत्कालीन थानाध्यक्ष बालेन्दु गौतम को हटना पड़ा। अब जिम्मेदारी इंस्पेक्टर पवन सोनकर को सौंप दिया गया है। हालांकि बीते दिनों चोरी की योजना बनाते कुछ शातिर पकड़े गए, लेकि यह अभी तक निश्चित नहीं हुआ कि इन वारदातों को अंजाम देने में यही शातिर थे या कोई और।

क्षेत्र में चोरी की हुईं प्रमुख वारदातें

- 12 सितंबर को नसीराबाद कस्बे के लाला बाजार वार्ड नंबर एक में दो लाख रुपये के जेवरात चोरी।
- 12 सितंबर को नसीराबाद व डीह थाना के सीमावर्ती गांव में तमंचा दिखाकर लूट।
- 17 सितंबर को पूरे बिधां बिरनावां में महिला को बांधकर पड़ी जेवरात लेकर भागे बदमाश।
- 17 सितंबर को पूरे बिधां सिंह मजरे बिरनावां निवासी शकुंतला रात करीब 11 बजे वह बरामदे में सो रही थी। बदमाशों ने महिला को बांधते हुए लाखों का सामान उठा ले गए।
- 22 सितंबर को चंदावाहीपुर गांव में सोनम को बांधकर नगदी जेवरात लूटे।
- 24 सितंबर को डीह व नसीराबाद थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव पूरे पाठक मजरे विरनावां में छोटेलाल की बेटी किरन पाल से बदमाशों ने जेवरात पार कर दिया।

> कुछ चोरियां संदिग्ध हैं। उनकी जांच चल रही है। नसीराबाद सीमावर्ती गांव चोरी प्रकरण के मामले में उनके घर के ही व्यक्ति कुछ संदिग्ध हैं उनकी भी जांच चल रही है। जल्द सबका खुलासा किया जाएगा।
> -पवन कुमार सोनकर, थानाध्यक्ष नसीराबाद

पुलिस गश्त में सुस्ती से बढ़ने लगी वारदातः ताबड़तोड़ क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं में पुलिस कर्मियों द्वारा गश्त में हीलाहवाली करना भी प्रमुख कारण है। पुलिस कर्मियों कि कमजोर गश्त चोरों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

एंजेल बनी एक दिन की महिला थानाध्यक्ष

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की मेधावी छात्रा एंजेल गुप्ता को एक दिन के लिए महिला थानाध्यक्ष बनाया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और जागरूकता पर केंद्रित था, जो मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ। एंजेल गुप्ता को एक दिन का थाना अध्यक्ष का चार्ज मिलने पर सभी से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद थाने का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें थाने की व्यवस्थाओं, सुरक्षा उपायों और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद एंजेल ने फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। एक घरेलू विवाद केस में उन्होंने त्वरित हस्तक्षेप करते हुए पक्षकारों के बीच मध्यस्थता की और मामले का सौहार्दपूर्ण निपटारा कराया। इसके बाद थाने से प्रस्थान कर पैदल मार्च का आयोजन किया। यह मार्च रायबरेली शहर के प्रमुख डिग्री कॉलेज चौराहे तक पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं और नारी शक्ति को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष किरन भास्कर और महिला थाना प्रभारी की पूरी टीम उनके साथ मौजूद रहीं।

एक दिन की महिला थानाध्यक्ष छात्रा एंजेल गुप्ता। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

नवागंतुक सीडीओ ने संभाला कार्यभार

रायबरेली, अमृत विचार। नवागंतुक आईएएस मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने कई विभागों का निरीक्षण किया। सीडीओ ने विकास भवन परिसर में फैली गंदगी को देख नाराज हुई। उन्होंने परिसर को साथ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।

एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर संपन्न

रायबरेली, अमृत विचार। रिफार्म क्लब परिसर में मंगलवार को एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए हुए रोगियों का दबाव देकर उपचार किया गया। डॉ. भगवानदीन यादव ने बताया कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से जटिल से जटिल रोगों का उपचार किया जाना संभव है। उन्होंने बताया कि यहां पर आने वाले रोगियों को स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए गए।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए बुकिंग शुरू

शिवगढ़, रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार की कृषि यंत्रीकरण योजना अन्तर्गत किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर भारी अनुदान का लाभ देने के लिए टोकन बुकिंग शुरू की जा रही है। एडीओ कृषि दिलीप सोनी ने बताया कि किसान 15 अक्टूबर से लेकर 29 अक्टूबर तक कृषि यंत्रों की टोकन बुकिंग करा सकते हैं। किसान विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कृषि ड्रोन, पावर टिलर, रोटावेटर, थ्रेशर, स्प्रेयर आदि पर अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

उत्पीड़न पर महिला आयोग सख्त

गौरीगंज में डॉ. प्रियंका मौर्या ने सुनीं जन शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने महिला उत्पीड़न के मामलों पर गंभीर रुख अपनाते हुए मंगलवार को तहसील गौरीगंज सभागार में जनसुनवाई की। बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता महिलाओं की उपस्थिति के बीच डॉ. मौर्या ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान डॉ. प्रियंका मौर्या ने संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनका सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। जनसुनवाई में कुल 12 महिलाओं ने अपनी शिकायतें आयोग की सदस्य के समक्ष दर्ज कराईं। डॉ. मौर्या ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, तीन गंभीर मामलों में पुलिस विभाग को तत्काल एफआईआर एफआईआर दर्ज करने के आदेश भी दिए गए। कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान निकाला गया जबकि लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। इस अवसर पर एसडीएम गौरीगंज प्रीति तिवारी, सीओ गौरीगंज अखिलेश वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव आदि मौजूद रहे।

शिकायतें सुनतीं महिला आयोग की सदस्य। अमृत विचार

छापेमारी में 61 हजार की दवाइयां सीज

संग्रामपुर, अमेठी। मंगलवार की शाम विशेषरगंज बाजार में ड्रग इंस्पेक्टर और संग्रामपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने राहुल मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान बिना लाइसेंस संचालित हो रहे स्टोर से 73 प्रकार की दवाइयां, जिनकी अनुमानित कीमत 61,781 रुपये है, सीज की गईं। साथ ही दो संदिग्ध दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश कुमार ने बताया कि अवैध मेडिकल स्टोर की शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की गई। जांच में वैध लाइसेंस नहीं पाया गया। सीज की गई दवाइयों की सूची तैयार कर ली गई है, और स्टोर संचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एथलेटिक्स में लालगंज बना ओवरआल चैंपियन

रायबरेली, अमृत विचार। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स स्पर्धा में अंतिम दिन शानदार खेल का प्रदर्शन करे हुए लालगंज जोन ओवर आल चैंपियन बना। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि रीजनल मैनेजर बैंक आफ बड़ौदा रायबरेली शैलेन्द्र सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ी को शील्ड, प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह वितरित किए। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर बालक वर्ग पूरे पांडेय प्रथम, लालगंज द्वितीय, सदर जोन तृतीय, सब जूनियर बालिका वर्ग लालगंज प्रथम, शंकरपुर द्वितीय, सदर तृतीय, जूनियर वर्ग बालक में पूरे पांडेय प्रथम, लालगंज द्वितीय, सदर तृतीय, बालिका वर्ग में लालगंज प्रथम, ऊंचाहार द्वितीय, सलोन तृतीय, सीनियर बालक वर्ग में लालगंज प्रथम, पूरे पांडेय द्वितीय, सदर तृतीय, सीनियर बालिका में लालगंज प्रथम, सदर द्वितीय, ऊंचाहार तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं ओवर आल चैम्पियन लालगंज ने हासिल किया। माध्यमिक शिक्षा खेल विभाग सचिव अजय सिंह चंदेल सफल प्रतिभागी 16 अक्टूबर को उन्नाव में होने वाली मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

खीरों के एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक। अमृत विचार

संघ का शताब्दी समारोह मनाया

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गठन के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में खीरो ब्लॉक के एक गेस्ट हाउस में श्री विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस के अवध प्रांत के प्रांत महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्य प्रमुख डॉ. पंकज पटवा रहे। उन्होंने संघ के गठन और उसके इतिहास पर प्रकाश डाला। संघ गीत के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रचारक अजीत, जिला कार्यवाह अनन्त वाजपेई, खण्ड कार्यवाह धर्मेन्द्र, सह खण्ड कार्यवाह श्रीहरि, खण्ड विस्तारक ऋग्वेद आदि लोग उपस्थित रहे।

तहसील बार एसो. के अध्यक्ष बने नागेंद्र व दुष्यंत महामंत्री

महराजगंज, रायबरेली। मंगलवार को महराजगंज तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें नागेंद्र सिंह को अध्यक्ष एवं दुष्यंत प्रसाद नवचेतन को महामंत्री चुना गया। एल्डर कमेटी सहित तहसील के अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। बताते चलें कि इस वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर अध्यक्ष रहे छोटेलाल सहित पदाधिकारियों ने अपना-अपना इस्तीफा सौंप दिया। जिसके बाद नौ सितंबर से तीन अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाया गया। एल्डर कमेटी के बलवंत प्रसाद शुक्ल, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में छह अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक नामांकन प्राप्त किए गए। मंगलवार को अधिवक्ता भवन में आयोजित चुनाव में किसी भी पद पर दो पर्चे दाखिल न होने से सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। जिसमें अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताहिर हुसैन, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, राधेलाल, महामंत्री दुष्यंत प्रसाद नवचेतन, वरिष्ठ सहमंत्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सहमंत्री अतुल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, पुस्तकालय अध्यक्ष समित कुमार, आय व्यय निरीक्षक बृजेंद्र प्रताप, मीडिया प्रभारी आलोक कुमार अवस्थी बनाए गए।

शशि को पत्रकारिता में मिला रजत पदक

जगदीशपुर, अमेठी

अमृत विचार। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित दशम दीक्षांत समारोह में जगदीशपुर क्षेत्र के शशि यादव ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्नातक स्तर पर रजत पदक प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। शशि का जन्म एक छोटे किसान परिवार में हुआ। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपनी लगन और निरंतर मेहनत से यह सफलता अर्जित की। उनकी उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि जिले को गर्वित किया है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महामहिम आनंदीबेन पटेल ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर पद्मश्री फिल्म निर्माता मुजफर अली, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और सांसद रजनी तिवारी भी मौजूद रहे। शशि यादव के पिता रूपेंद्र यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा हम किसान हैं पर हमें हमेशा विश्वास था कि शिक्षा ही असली ताकत है। शशि ने मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है जो हमारे परिवार और जिले के लिए गर्व का क्षण है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भी शशि यादव की मेहनत, अनुशासन और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी गहरी समझ की सराहना की। अमेठी के इस किसान पुत्र की सफलता यह संदेश देती है कि कठिन परिश्रम, समर्पण और सही दिशा में प्रयास से कोई भी युवा अपने सपनों को साकार कर सकता है।

रजत पदक देतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त व अवैध पटाखा। अमृत विचार

10 कुंतल विस्फोटक जब्त, एक गिरफ्तार

अमेठी, अमृत विचार। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रेलवे क्रासिंग दादरा रोड के पास गली में कपिल के मकान में अवैध रूप से पटाखों का भारी भण्डारण किया गया है और बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर तत्काल दबिश दी गई और कपिल कुमार पुत्र जगप्रसाद उम्र करीब 39 वर्ष निवासी वार्ड नं01, न0पं0 मुसाफिरखाना को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, उसके तीन साथी अब्दुल गफ्फार उर्फ चमरू, कयूम अली और खलील अहमद फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 22 बोरियों और 12 कार्टन में भारी मात्रा में अवैध पटाखे और आतिशबाजी बरामद हुई। जब्त पटाखों का वजन लगभग 10 कुंतल है, जिसकी अनुमानित कीमत 12,00,000 रुपये आंकी गई है। अभियुक्त कपिल कुमार पटाखा भण्डारण व बिक्री का लाइसेंस नहीं दिखा सका। पूछताछ में कपिल कुमार ने बताया कि वह और उसके फरार साथी दीपावली पर बेचने के लिए पटाखे लाए थे।

पौधों की सुरक्षा के करें समुचित उपाय: डीएम

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की सुरक्षा, गंगा नदी के संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की सिंचाई और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वन विभाग ट्री गार्ड लगा रहा है और समय-समय पर पौधों की सिंचाई भी सुनिश्चित की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो पौधे सूख गए हैं या नष्ट हो गए हैं, उनके स्थान पर तत्काल नए पौधे लगाए जाएं और उनकी सुरक्षा के लिए समुचित उपाय किए जाएं।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

गंगा संरक्षण और नदी सफाई पर फोकस: जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों का विस्तृत विवरण दिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को नदियों के किनारे और घाटों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा नदियों में कचरा न डालने के सख्त निर्देश दिए।

पर्यावरण के संरक्षण पर दिया गया जोर

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर डीएम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधों को लगाने, उनका संरक्षण करने और पौधों को काटने पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

ओलंपियाड और गणित में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

रायबरेली, अमृत विचार। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय मैथ ओलंपियाड एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य दीपिका चतुर्वेदी द्वारा किया गया। जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर के 156 बच्चों ने गणित ओलंपियाड में हिस्सा लिया। कंपोजिट विद्यालय सराय हरदो ऊंचाहार के अभिनय ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय खोजनपुर ऊंचाहार की आंचल ने द्वितीय, भटनी हार डलमऊ के देवर्स शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें माध्यमिक के 33 और बेसिक 26 शिक्षकों ने शिक्षण अधिगम सामग्री के साथ प्रतिभाग किया। गणित प्रदर्शनी में प्रथम स्थान रीता झा कंपोजिट विद्यालय शिवगढ़, द्वितीय प्रेरणा सिंह जीजीआईसी डीह और तृतीय स्थान शैलेंद्र द्विवेदी कंपोजिट विद्यालय पूरे जालिम डीह ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में जीआइसी सेमरी प्रधानाचार्य अभिषेक त्रिपाठी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भौतिक विज्ञान प्रवक्ता निधि सिंह रही। इस मौके पर किरण कुशवाहा, डा. अभिषेक द्विवेदी, पंकज सिंह, केपी सिंह, मनोज कुमार, अशोक मिश्रा, अंकुर मिश्रा, सविता आदि रहीं।

मनुष्य को बंधनों से मुक्त करता है यज्ञकर्म

छतोह, रायबरेली। ब्लॉक के कुकहा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य पंडित बद्रीविशाल ओझा ने सूर्य वंश और चन्द्र वंश की उत्पत्ति पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि संसार के सारे कर्म बंधन में बांधते हैं। केवल यज्ञ कर्म ही बंधनों से मुक्त करता है। उन्होंने कहा कि विश्व का पहला मनोरोगी अर्जुन, चिकित्सक योगेश्वर श्री कृष्ण और औषधि श्रीमद्भागवत थी। भगवान वामन के अवतार के कारण और महत्व, राजा बलि से तीन पग भूमि मांगने के कारण, भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद नंद बाबा के घर मनाए गए उत्सव का वर्णन किया। कथावाचक ने जीवन में अच्छे रास्ते पर चलने का संकल्प लेने और माता-पिता व गुरु की बात मानने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कथा श्रवण से आत्मिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। इससे सांसारिक दुखों से निकलने में मदद मिलती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बेकाबू ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, बालक की गई जान

रफ्तार की मार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र के बघौला चौराहे के पास तेज़ रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने सवारियों से भरे ऑटो में टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक आठ साल के मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दंपति और चार वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब ऑटो में सवार एक परिवार डिघिया से मेला देखकर अपने गांव मालिन का पुरवा लौट रहा था। जैसे ही उनका ऑटो बघौला चौराहे के पास पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने ज़ोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में आठ वर्षीय अंकुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अनिल (30), नेहा (28) और चार वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायज़ा लिया। ट्रक चालक हादसे के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। घटनास्थल से ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की जांच की जा रही है।

संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संग्रामपुर, अमेठी। मंगलवार की देर रात थाना संग्रामपुर के टीकरमाफी चौकी क्षेत्र के पूरे सुक्खा मजरा टीकरमाफी में एक ई-रिक्शा चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 43 वर्षीय रामजस गुप्ता पुत्र राम बली के रूप में हुई है। रामजस गुप्ता ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। जानकारी के अनुसार मृतक के परिवार में काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण बीती रात रामजस ने घर के एक कमरे में फंदे के सहारे शव मिला। रात भर रामजस की तलाश की गई लेकिन सुबह उनका शव घर के कमरे में फांसी से लटकता हुआ मिला। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। घटना की सूचना मिलने पर संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। इस संबंध में थाना संग्रामपुर के प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जागरण में गूंजे माता रानी के जयकारे

शुकुल बाजार, अमेठी। कस्बे के रुदौली रोड स्थित पंडित राम राज मिश्र महाविद्यालय का परिसर बीती देर रात अलौकिक आस्था का केंद्र बन गया। यहां मातारानी के जागरण ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। देवी भजनों की सुमधुर लहरों पर सवार ग्रामीण व भक्त खूब झूमे। जागरण की शुरुआत मां की मंगल आरती से हुई। इसके बाद मंच कलाकारों के हवाले हुआ। कलाकारों ने जैसे ही "मैया का चोला है रंग लाल", "ऊंचे पर्वत भवन निराले" और "माता रानी के भवन में घुटुअन खेलत लांगुरिया" जैसे कर्णप्रिय भजन सुनाए तो पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। कलाकारों ने मां काली, भक्त व भगवान की मित्रता दर्शाती सुदामा की झांकी और भगवान शंकर का रौद्र तांडव नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया। शीलू श्रीवास्तव ने जब अपनी भावपूर्ण आवाज़ में "आ जा शेरा वालिये तेरा भक्त तुझे बुलाए" व "माता ने बुलाया है भक्त दौड़ा चला आए" जैसे देवी गीत प्रस्तुत किए तो श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार, शाखा प्रबंधक रवि प्रकाश सिंह सहित जगदीश्वर बाजपेयी, देवेंद्र नाथ, सुरेंद्र, राजेंद्र, जितेंद्र, केशव, माधव बाजपेई, बासुदेव दुबे, राधेश्याम यादव, आदित्य, अभय, अर्जुन, रुद्रांश, देवांश, आंचल व नित्या आदि मौजूद रहीं।

शेर पर सवार मां की झांकी। अमृत विचार

इंटीग्रेटेड लैब का निर्माण कार्य बंद

अमेठी, अमृत विचार। जिला अस्पताल में बन रही इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) का निर्माण कार्य करीब दो माह से रुका हुआ था। हालांकि अब काम शुरू होने से मरीजों में उम्मीद जगी है। इस लैब के बनने से अब कैंसर, गुर्दा, हृदय रोग व चिकनगुनिया सहित कई गंभीर बीमारियों की जांच के लिए लखनऊ की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। जिला अस्पताल में 80 लाख रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) का निर्माण होना है। लैब स्थापना के लिए एनएचएम की ओर से नामित कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ (यूपीसीएलडीएफ) है। संस्था ने नीचे चिह्नित कमरों में निर्माण कार्य को लेकर दीवारों को तोड़ने आदि का कार्य शुरू कर दिया। वर्तमान में जिला अस्पताल से कैंसर, गुर्दा, हृदय रोग, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफ्लाइटिस, एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम, कालाजार, स्क्रब टाइफस और डेंगू जैसी संचारी रोगों से जुड़ी महत्वपूर्ण जांचें रिपोर्ट के लिए लखनऊ भेजी जाती हैं जिससे मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। नई लैब बनने के बाद ये सभी जांचें जिला अस्पताल में ही उपलब्ध हो जाएंगी। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि संबंधित कार्यकारी संस्था को पत्र लिखा गया है।

जिला अस्पताल के प्रथम तल पर बंद पड़ा पैथोलॉजी का निर्माण। अमृत विचार

साहित्यकारों ने ऑनलाइन मंच पर किया काव्य पाठ

अमेठी, अमृत विचार। साहित्यिक संस्था 'गुंजन' द्वारा देर शाम 'श्रृंगार रस' पर आधारित ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसने श्रोताओं को प्रेम और सौंदर्य के भावों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वाति महेश्वरी द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गणेश वंदना से हुई। इसके उपरांत गुंजन की अध्यक्ष डॉ. दीपा गुप्ता ने विशिष्ट अतिथियों और सभी साहित्यकारों का स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश-विदेश के कई जाने-माने कवियों ने हिस्सा लिया और अपनी रसभरी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली से एडमिरल नूर ने 'सुबह की चाय की चुस्की', ओस्लो, नॉर्वे से डॉ. सुरेश चन्द्र शुक्ल ने 'ओ पूनम का चांद', अमेरिका से वीना कनाडा से भारती ने 'चलो आज फिर मिलकर चलते हैं' कविता पाठ किया। चिरमिरी से डॉ. डीके उपाध्याय ने 'दिन ढलेगा तो फिर रात हो जाएगी' विशाखापट्नम से जूही ने 'है आरज़ू इतनी सी', वीरेंद्र ने 'तेरी सोहबत में' बैंगलोर से निगम राज ने 'चांद आगोश में', डॉ. गिल ने 'मुलाकातों का स्पंदन', उत्तर प्रदेश से डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने 'तूने दिल से पुकारा दिन से रात हो गई', डॉ. शिवम ने 'प्रेम की डगर कितनी दुरुह है' कविताएं प्रस्तुत कीं।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सतांव, रायबरेली। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायती राज विभाग लखनऊ मण्डल एवं यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में मंगलवार से महिला प्रधानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला प्रधानों को पंचायत प्रशासन, योजना निर्माण, ग्राम विकास एवं वित्तीय प्रबंधन में दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने ग्राम पंचायतों में सुशासन और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित कर सकें। जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आई महिला ग्राम प्रधानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

परिषदीय विद्यालयों में हो रहा बच्चों का सर्वांगीण विकास

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं होती, पूर्वाग्रही अवधारणा को तोड़ रहा है, प्रधानाध्यापक रेनू श्रीवास्तव के नेतृत्व में संचालित पीएस घाटमपुर वर्ष 2016 में इस विद्यालय में उनकी तैनाती के समय यह एकल शिक्षक संचालित विद्यालय था जहां पर मात्र 12 बच्चे नामांकित थे, वहीं वर्ष 2025 में नामांकित बच्चों की संख्या 114 है, नौ वर्षों की यह प्रगति मात्र नामांकन दर से ही नहीं अपितु खेल, गीत, संगीत, रंगोली प्रतियोगिता, अभिनय, निबंध प्रतियोगिता, सामुदायिक सहभागिता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जैसे शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी देखने को मिली है, रामायण थीम के कार्यशाला, ज्ञानकुंभ, एवं विद्या ज्ञान प्रतियोगिता में रेनू ने न मात्र वृद्धि की वरन् विद्यालय की आंतरिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया और विद्यालय में अवैध कब्जा एवं श्मशान को भी हटवाया कायाकल्प योजना के तहत विद्यालय का सौन्दर्यीकरण, अभिभावकों का विश्वास हासिल कर बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु अनेक प्रयास किये गये, जिला स्तर पर बच्चों ने क्रीडा क्षेत्र में अपना एवं विद्यालय का नाम रोशन किया।

न्यूज ब्रीफ

युवक ने घर के बाहर फांसी लगाकर दी जान

हरदोई, अमृत विचार। सुबह घर से निकले युवक का शव पास में ही टीनशेड के नीचे फंदे से लटका मिला। कोतवाली देहात के असिगांव निवासी राजेश के पुत्र राजीव (22) ने मंगलवार की सुबह घर में चाय-नाश्ता किया और बाहर निकल गया। कुछ देर बाद घर के बाहर टीन शेड के नीचे उसका शव रस्सी से लटका मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। राजेश व उनकी पत्नी राजेश्वरी के सात बेटों में राजीव से दो बड़े और चार उससे छोटे हैं। तीन बेटियों में एक की शादी हो चुकी है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने लोगों से किया संवाद

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। युवा जागरण सेवा संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आयुष सिंह आशू का टोल प्लाजा संडीला पहुंचने पर नमन गुप्ता द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद ग्राम सभा सनई पहुंचकर शिवानंद के यहां मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। बैठक में आई भीड़ की समस्याओं को एक सप्ताह में निस्तारण कर कोटे का चुनाव कराने का वादा किया।

योजनाओं के प्रचार प्रसार को हुई बैठक

हरदोई, अमृत विचार। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त ने बताया है कि सवायजपुर ब्लॉक के प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल अभियान केंद्र में विभाग द्वारा घुमंतु समुदायों के सर्वेक्षण एवं उत्थान संबंधी कार्यों के लिए जागरूकता एवं संवाद बैठक हुई।

बैंकर्स कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों का एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

डांडिया नृत्य में दिखती है भारतीय संस्कृति की झलक : संतोष अस्थाना

संवाददाता, संडीला, हरदोई

गुजराती वेशभूषा में डांडिया नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार। नगर के टीआरएस कान्वेंट स्कूल में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने गुजराती वेशभूषा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी संतोष अस्थाना व डॉ विभा सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संतोष अस्थाना ने कहा कि भारत विविध संस्कृतियों व सभ्यताओं का देश है। यह नृत्य एकता, सौभाग्य, संस्कृति का प्रतीक है। यूनेस्को ने गुजरात के गरबा नृत्य को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। कार्यक्रम में डांडिया की थीम पर स्कूल को सजाया गया था। महिलाओं व युवतियों ने रंग-बिरंगी छड़ को लेकर गुजराती गानों पर खूब नृत्य किया। कार्यक्रम आयोजक डॉ विभा सिंह ने कहा कि डांडिया पारंपरिक भारतीय नृत्य है। इस नृत्य से भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई देती है। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कपल व सोलो डांस शामिल रहा। इस अवसर पर रामगोपाल, डॉ राहुल द्विवेदी, सुखदेव द्विवेदी, बृजेंद्र सिंह, अजय द्विवेदी, सत्येंद्र, अभिषेक, मोनिका पांडे, गजल सिद्दीकी, शिवांगी अस्थाना, सुनीता मिश्रा, दिव्यांशी, रीता सहित गणमान्य मौजूद रहे।

नारी अबला नहीं, अपनी शक्ति को पहचानें

लोगों को संबोधित करते हुए महिला कांस्टेबल प्रतिमा दुबे ने कहा कि नारी अबला नहीं है। उसे अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति के बारे में बताते हुए कहा कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे हैं।

प्रतिमा को लोक प्रहरी व मानसी को साहित्य रत्न

टीआरएस कान्वेंट स्कूल में डांडिया नृत्य कार्यक्रम के दौरान दो महिला विभूमियों को सम्मानित भी किया गया। क्षेत्र में हिंदी के काव्य को जन-जन तक पहुंचने वाली कवयित्री मानसी कपूर को साहित्य रत्न व महिला कांस्टेबल प्रतिमा दुबे को लोक प्रहरी रत्न से सम्मानित किया गया।

ढाई महीने से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण, डीएम से की शिकायत

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बे के मोहल्ला मुंशीगंज वार्ड नंबर-2 में 19 लाख रुपए की लागत से लगभग 280 मीटर इंटर लाकिंग व नाली निर्माण कराया जा रहा है जो काफी समय से अधूरा पड़ा है। घटिया निर्माण की शिकायत मोहल्ले के लोगों ने सहायक अभियंता सन्तोष दीक्षित से की। जिन्होंने जांच कर ठेकेदार को गिट्टी डिसपी डाल कर निर्माण करने का निर्देश दिया था। निर्देश के बाद ठेकेदार ने सामग्री डाल बीच में 80 मीटर तक इंटर लाकिंग डाल कर निर्माण अधूरा छोड़ दिया है जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की गई है। अधिशासी अधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि कार्य कराया जाएगा।

योजना के लाभार्थियों को मिलेंगे दो निःशुल्क घरेलू गैस सिलेण्डर

डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी योजना की निगरानी

संवाददाता, हरदोई

अनुनय झा, जिलाधिकारी।



अमृत विचार। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त योजना के प्रभारी क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति इस योजना की निगरानी करेगी, समिति में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊर्जा व विपणन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल प्रदान की जायेगी और इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर 2025 व द्वितीय चरण में जनवरी 2026 एवं मार्च 2026 तक पीएमयूवाई के ऐसे एसीटीसी लाभार्थी जिनके बैंक खाते आधार से लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, उन पात्र लाभार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण कराया जायेगा।

लगाए गए पौधों की फोटो सहित आख्या उपलब्ध कराएं : जिलाधिकारी

हरदोई, अमृत विचार। जिला वृक्षोरापण, जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिला वृक्षारोपण के तहत जनपद स्तरीय विभागों द्वारा कराये गये वृक्षारोपण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि लगायें गये वृक्षों में कितने जीवित है उनकी गणना करते हुए फोटो सहित सत्यापन आख्या तत्काल उपलब्ध करायें। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा, प्रभागीय निदेशक जेबी सैन्डे, अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अतिरिक्त मजिस्टेट अरूमिणमा श्रीवास्तव, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, जिला गंगा समिति के अशोक कुमार सिंह सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग की टीम ने खोवा पकड़ा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। नगर क्षेत्र के मौलागंज बस स्टैंड पर मंगलवार की पूर्वाह्न खाद्य विभाग की टीम द्वारा छापेमारी करके रोडवेज बस से लाया गया खोवा मिलावट के संदेह पर पकड़ा गया। यह खोवा अनुराग उधरनपुर और सर्वेश शाहजहांपुर के कब्जे से पकड़ा गया। टीम ने खोवा पर सैंपलिंग की कार्रवाई की है, और खोवा दोनों कारोबारियों की सुपुर्दगी में दे दिया है। खाद्य विभाग की टीम कुमार गुंजन सहायक आयुक्त के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानसिंह, निरंजन, ज्ञान प्रकाश पटेल आदि की टीम दीपावली पर्व के मद्देनजर मिष्ठान कारोबारियों के यहां औचक छापेमारी के लिए निकली थी। बस स्टैंड पर मिलावट के संदेह पर टीम ने अनुराग और सर्वेश के पास से खोवा पकड़ा। छापेमारी की खबर पाकर नगर क्षेत्र की मिष्ठान की छोटी बड़ी समस्त दुकानों के शटर गिर गए हैं।

नया गांव हबीबपुर में स्थित हॉट मिक्स प्लांट किया सीज

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। ग्राम सभा नयागांव हबीबपुर मजरा भूरा टीकुर, थाना क्षेत्र देहात कोतवाली में संचालित हॉट मिक्स प्लांट पर आखिरकार कार्रवाई हुई। क्षेत्रीय लोगों द्वारा लंबे समय से की जा रही शिकायतों के बाद सोमवार को प्रदूषण नियंत्रण विभाग की टीम ने एसडीएम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर प्लांट को सीज कर दिया। ग्रामीणों ने 3 अप्रैल को इस हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। लोगों का आरोप था कि प्लांट से निकलने वाले धुएं और धूल के कारण आसपास के गांवों में प्रदूषण फैल रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को सांस संबंधी दिक्कतें होने लगी थीं। शिकायत के बावजूद लम्बे समय तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष था।

न ली थी अनुमति न ही मानकों पर था खरा

हरदोई, अमृत विचार। सोमवार को जब विभागीय अधिकारियों की टीम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची तो वहां प्लांट चालू हालत में मिला। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए प्लांट को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, थाना पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बिना अनुमति और निर्धारित मानकों का पालन किए बिना किसी भी औद्योगिक इकाई को संचालित नहीं किया जा सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में फिर से ऐसी गतिविधि पाई गई तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई पर राहत की सांस ली और प्रशासन का आभार जताया।

पूर्व विधायक ने शुरू कराई रामलीला

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

उधरनपुर में मेला मंच से संबोधन करते पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू। ● अमृत विचार

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला उधरनपुर में चल रही बारह दिवसीय रामलीला में सोमवार की शाम पूर्व विधायक और प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका आसिफ खां बब्बू ने आरती कर लीला का शुभारंभ करवाया। रामलीला में अयोध्या धाम के कलाकारों द्वारा रामलीला के रंगमंच पर राम रावण के युद्ध में लक्ष्मण जी को शक्ति लगने और हनुमान जी को जड़ी बूटी लाने की लीला की प्रस्तुति दी गई।

पूर्व विधायक बब्बू ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला हमे असत्य पर सत्य की हमेशा विजय होने की सीख देती है। अधर्म पर धर्म हमेशा विजई होता आया है। पूर्व विधायक ने कहा कि नगर पालिका से जुड़ने वाले 17 गांवों में बिजली की आपूर्ति नगर के बिजली घरों से करवाने के प्रयास में बहुत बड़ी सफलता मिली है, अब उधरनपुर सहित उन सभी गांवों को नगर के अनुरूप बिजली की बेहतर सुविधा मिलेगी। पूर्व विधायक ने उधरनपुर में मेला भवन और एक लाइब्रेरी बनवाने की मंच से घोषणा की। इस अवसर पर मेलाध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री छुट्टन, रवि शंकर शुक्ला, पंकज मिश्रा, आशुतोष अग्निहोत्री, अमित त्रिपाठी, श्याम बाबा, विपिन, विमल किशोर अग्निहोत्री, अनुराग शुक्ला, आशीष शुक्ला, विवेक अग्निहोत्री, प्रशांत दीक्षित सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

नवनिर्मित पानी की टंकी का छज्जा गिरा, 2 घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू में जल जीवन मिशन से नव निर्मित पानी की टंकी का छज्जा पुताई करते समय भरभरा कर गिर गया जिससे दो मजदूर घायल हो गए। जिन्हें ठेकेदार द्वारा अपने वाहन से इलाज के लिए ले जाया गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू में जलजीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया था, जो कि पूरी तरह से मानक विहीन करवाया गया था। मंगलवार को ठेकेदार द्वारा पानी की टंकी की पुताई करवाई जा रही थी। दो मजदूर छज्जे पर खड़े होकर पुताई कर रहे थे। अचानक छज्जा भरभरा गिर गया जिससे दोनों मजदूर नीचे गिर कर घायल हो गए।

पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मन्ना लाल वैध, दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। जिले की ऐतिहासिक धरती पर जन्मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पं. मन्ना लाल वैध की पुण्यतिथि पर मंगलवार को अरुणा पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभी ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र के इस वीर सपूत को नमन किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ने पं. मन्नालाल के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। कहा कि पं. मन्ना लाल वैध का नाम हरदोई ही नहीं बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में अंग्रेज़ी हुकूमत के विरुद्ध डटकर संघर्ष किया। कहा कि मन्ना लाल वैध न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि समाजसेवा, शिक्षा और जनजागरण के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। उन्होंने हमेशा लोगों को एकता, समानता और स्वावलंबन का संदेश दिया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विजय पांडे, संजय पांडे, देवेंद्र विक्रम सिंह, अजय कुशवाहा, अजय सिंह, केके. सिंह, बासु खन्ना, शशिभूषण शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

पं. मन्ना लाल वैध को श्रद्धांजलि देते नपाप अध्यक्ष मधुर।

रिश्वतखोरी में निलंबित दो लेखपालों पर केस

हरदोई, अमृत विचार। जमीन के बंटवारे के वाद में पैसा मांगने वाले दो लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। इससे पूर्व दोनों लेखपाल निलंबित भी किए जा चुके हैं। इस प्रकरण में आरोपी प्रधान के खिलाफ भी कार्यवाही डीपीआरओ से करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए हैं। बताते चले कि हरदोई देहात क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरगुज्जा में अर्धनारीशवर इंफ्रा लिमिटेड के निदेशक मनीष रस्तोगी ने लगभग दो साल पहले जमीन खरीदी थी। इसके बावजूद उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं मिला। जिस पर कब्जा दिलाने व बंटवारा कराने के नाम पर तत्कालीन लेखपाल वेद प्रकाश अग्निहोत्री व प्रधान श्यामू सिंह ने तीन किस्तों में नौ लाख रुपये भी ले लिए, इसके बावजूद जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका। जमीन विवाद का यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

सेवानिवृत्त बाइक सवार शिक्षक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा कर मौत

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। बिलग्राम कोतवाली के नाऊपुरवा गांव के पास एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारिका प्रसाद की मौत हो गई। उनकी बाइक को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

साण्डी थाने के नाऊपुरवा निवासी द्वारिका प्रसाद मंगलवार को बाइक पर सवार होकर बिलग्राम से अपने गांव लौट रहे थे, उसी बीच नाऊ पुरवा गांव के पास पहुंचते ही उनकी बाइक को एक तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हे ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही द्वारिका प्रसाद की वहीं पर ही मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। आनन-फानन में वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पंचनामे के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। द्वारिका प्रसाद सेवानिवृत्त शिक्षक थे, उनके चार बेटे हैं।

मंदिर पर टूट कर गिरा बिजली का तार, पुजारी के बेटे की मौत

संवाददाता, हरदोई

- मंगलवार की देर शाम प्रसाद चढ़ाते समय हुई घटना
- मंदिर में मौजूद थे बड़ी संख्या में श्रद्धालु



कार्तिकेय की फाइल फोटो।

अमृत विचार। हाइटेंशन तार टूट कर हनुमान मंदिर के ऊपर गिर पड़ा। उसी समय वहां प्रसाद चढ़ा रहे पुजारी का बेटे की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने साण्डी रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने मौके पर पहुंचकर बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज किए जाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। साण्डी रोड पर नृसिंह मंदिर के बगल में हनुमान मंदिर है। बावन निवासी कुलदीप मिश्रा शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर में किराए पर रहते हैं और मंदिर के पुजारी हैं। मंगलवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ थी। अंदर सुंदर कांड हो रहा था, बाहर पुजारी कुलदीप मिश्रा का 14 वर्षीय पुत्र कार्तिकेय मिश्रा श्रद्धालुओं का प्रसाद चढ़ा रहा था। उसी बीच ऊपर से निकला बिजली का हाइटेंशन तार टूटा और मंदिर के बाहर पड़े टीन शेड पर गिर पड़ा। जिससे कार्तिकेय करंट की चपेट में आ गया। अचानक हुई इस घटना से मंदिर में भगदड़ मच गई। कार्तिकेय मिश्रा को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इधर हादसे के काफी देर बाद भी बिजली काटी न जाने से गुस्साए लोग सड़क पर आ गए और जाम लगा दिया। इसका पता होते ही एसडीएम सदर सुशील मिश्रा, सीओ सिटी अंकित मिश्रा, सीओ बघौली प्रवीण कुमार, तहसीलदार सदर शचींद्र शुक्ला के अलावा ट्रैफिक और कोतवाली शहर व देहात एसएचओ के साथ उनकी टीम पहुंच गई। एसडीएम सदर ने जिलाधिकारी अनुनय झा से बात की। उसके बाद बिजली महकमे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने और मुआवजे का आश्वासन दिया। उसके बाद जाम हटाया जा सका। घटना से श्रद्धालुओं में दहशत है। वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

करंट की चपेट में आने से बाल-बाल बचे श्रद्धालु

हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने और पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी, उसमें बिजली महकमें के एकाउंटेंट सतीश, अपनी पत्नी शशि और बच्चे के साथ शामिल थे, उसी बीच हादसा हो गया। खुद सतीश ने बताया कि उन्होने पुजारी के बेटे को बाहर की तरफ खींचा, जिससे उनकी उंगली झुलस गई। श्रद्धालु इधर-उधर भागने लगे, उसी में उसकी पत्नी शशि की गोद से बच्चा गिर गया। सतीश ने बताया कि बस यूं समझा जाए कि मौत बिल्कुल पास से निकल गई।

नहीं उठा एक्सईएन व जेई का सीयूजी फोन

मंगलवार को हनुमान मंदिर पर हाइटेंशन तार टूटने के बारे में पहले जेई का सीयूजी नंबर मिलाया गया, घंटी जाती रही लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। उसके बाद एक्सईएन का सीयूजी नंबर डायल किया, लेकिन उनका भी फोन रिसीव नहीं हुआ। बताते चले कि राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल बिजली महकमें के ज़िम्मेदारों के इस लापरवाह रवैए को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत कर चुके हैं।

मांग | राष्ट्रीय जन जागरण सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा

लोगों को जाति प्रमाण पत्र देना बंद करे सरकार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज।

अमृत विचार। राष्ट्रीय जन जागरण सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मां कात्यायनी शक्तिपीठ शाहाबाद के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और वर्गों में बंटे लोगों के बीच बढ़ती दूरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि आज भी समाज जातियों में बंटा हुआ है, जिससे एकता, भाईचारा और राष्ट्र की मजबूती प्रभावित हो रही है। आत्मानंद गिरि महाराज मां कात्यायनी शक्तिपीठ पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। महाराज जी ने कहा कि जब तक सरकार जाति आधारित प्रमाण पत्र देना बंद नहीं करेगी, तब तक समाज में सच्ची समानता और एकता स्थापित नहीं हो सकती। उनके अनुसार, जाति प्रमाण पत्र समाज को जोड़ने के बजाय बांटने का कार्य कर रहा है। यह व्यवस्था लोगों को जाति के आधार पर पहचान देने के बजाय, उनके कर्म, आचरण और मानवता के आधार पर मूल्यांकन करने की दिशा में बाधक बन रही है। उन्होंने कहा कि देश में आज भी जाति के नाम पर आरक्षण, राजनीति और नौकरियों में भेदभाव की दीवारें खड़ी की जा रही हैं। इससे न केवल प्रतिभाओं का दमन होता है, बल्कि समाज में आपसी वैमनस्य भी बढ़ती है। उन्होंने प्रश्न किया कि जब संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, तो फिर जाति का प्रमाण पत्र किस उद्देश्य से जारी किया जाता है? स्वामी आत्मानंद गिरि ने कहा कि सरकार अगर सच्चे अर्थों में समानता और समरसता चाहती है, तो उसे जाति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया को पूरी तरह समाप्त कर देनी चाहिए। तभी देश में "एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो सकेगा।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे आपसी भेदभाव को भूलकर एकता और भाईचारे की भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि धर्म का असली उद्देश्य मानवता है, न कि विभाजन। अगर समाज एकजुट हो जाए, तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है।

महिला से दिनदहाड़े हुई टप्पेबाजी, केस दर्ज

हरदोई, अमृत विचार। शहर के सिनेमा रोड पर पहुंची महिला को दो युवक बरगला कर उसे आटो से अम्बेडकर पार्क के पास ले गए और वहां उसे नशा सुंघा दिया। उसके बाद कानों से सोने के बाले, गले से चेन और अगूंठी छीन कर भाग निकले। पुलिस ने दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाली शहर के कृष्ण नगरिया बाबा मंदिर की सुमन मिश्रा पत्नी राजेंद्र मिश्रा सोमवार को कुछ खरीदारी करने सिनेमा रोड पर गईं हुईं थी, उसी बीच दो युवक पास आए और बरगला कर उन्हे आटो पर बैठा कर अम्बेडकर पार्क के पास ले गए। सुमन मिश्रा के बेटे पवन मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

दोस्तों के साथ शराब पीने गए युवक का लटका मिला शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। दिल्ली से करवा चौथ पर घर आया युवक दोस्तों के साथ दारू पीने गया और उसके बाद से गायब हो गया। खोजबीन के दौरान रात में उसका शव पेड़ में फंदे से लटका मिला। कहा जा रहा है कि ठेके पर दोस्तों के बीच झगड़ा हुआ था। शव पर ज़ाहिरा चोंटे होने की बात कही जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के तौकलपुर निवासी 28 वर्षीय अखिलेश यादव पुत्र उदयराज यादव दिल्ली में नौकरी करता था। उसकी दो साल पहले ही सुरसा थाने के दहिगवां गांव से रिंकी के साथ शादी हुई थी। अखिलेश के 10 महीनों का बच्चा है। बताते हैं कि सोमवार की शाम अखिलेश अपने कुछ दोस्तों के साथ रामापुर रहोलिया ठेके पर शराब पीने गया था। जहां अखिलेश और उसके दोस्तों के बीच झगड़ा हुआ था। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह और एसएचओ बेहटा गोकुल धर्मेंद्र गिरि ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की है।

मधुमक्खियों के हमले में किसान की मौत

हरदोई, अमृत विचार। फसल देखने खेत पर पहुंचे किसान के पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। उसके चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर तमाम लोग दौड़ पड़े। हमले से बेहाल हुए किसान को वहां से उठा कर सीएचसी सुरसा पहुंचाया जा रहा था। उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। सुरसा थाने के बढ़ैइनपुरवा मजरा अस्यौली निवासी 45 वर्षीय मिथिलेश कुमार खेती-बाड़ी करता था। सोमवार को वह फसल देखने खेत पर गया था। उसी बीच मधुमक्खियों ने एका-एक उसके ऊपर हमला कर दिया।

सूफियाना सुरों से नूरानी हुई शाम

देवा मेले में ज्योति नूरान की सुरमयी आवाज़ का श्रोताओं पर जमकर चला जादू

संवाददाता, देवा, बाराबंकीः

अमृत विचार। देवा मेला के सांस्कृतिक मंच पर मंगलवार की रात संगीत और सूफियाना रंगों से सराबोर रही, जब मशहूर गायिका ज्योति नूरान ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव, सीजेएम सुधा सिंह और उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद ज्योति नूरान ने अपनी प्रस्तुति प्रसिद्ध सूफी गीत 'दमा दम मस्त कलंदर' से शुरू की, जिसने पंडाल में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी ऊर्जावान आवाज़ और अद्भुत प्रस्तुति ने शाम को यादगार बना दिया। उन्होंने इसके बाद लोकप्रिय गीत 'टुक-टुक' और 'पटाखा गुड्डी' गाए, जिन पर श्रोता तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाते रहे। वहीं 'अल्लाह हू' और 'अली अली' जैसे सूफियाना गीतों ने आध्यात्मिक वातावरण निर्मित कर दिया। दर्शक बार-बार अपनी पसंदीदा धुनों के लिए अनुरोध करते रहे और पूरा सभागार सुरों की गूंज में डूब गया। कार्यक्रम के अंत में ज्योति नूरान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार, आशुतोष उपाध्याय, प्रियंका शुक्ला, मेला समिति के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष पाठक ने किया।

प्रस्तुति देतीं गायिका ज्योति नूरान। ● अमृत विचार

अभिषेक की प्रस्तुति ने जीता लोगों का दिल

देवा, बाराबंकी : अमृत विचार। देवा मेला 2025 की सांस्कृतिक संध्या मंगलवार को उस समय खास बन गई जब प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर अभिषेक राजपूत ने मंच संभाला और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से हर आयु वर्ग के संगीत प्रेमियों को बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत भावपूर्ण गीत 'सैयारा' से हुई, जिसने श्रोताओं को भावनाओं की गहराइयों में उतार दिया। इसके बाद बुल्लेया, सैयोनी, सादगी तो हमारी जरा देखिए, हल्का हल्का सुरूर, कमरिया और लॉलीपॉप जैसे हिट गीतों ने माहौल में जोश भर दिया। अभिषेक राजपूत की प्रस्तुति में न केवल सुरों की मिठास थी, बल्कि उनके गीतों में प्रेरणा, उत्साह और जीवन की उमंग का संदेश भी झलकता रहा। जहां युवा वर्ग ने गायन में ऊर्जा महसूस की, वहीं बुजुर्गों ने संगीत में अपने सुनहरे दिनों की झलक देखी। कार्यक्रम के समापन पर नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार ने उन्हें मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।देवा मेला 2025 की सांस्कृतिक संध्या मंगलवार को उस समय खास बन गई जब प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर अभिषेक राजपूत ने मंच संभाला और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से

प्रस्तुति देते अभिषेक राजपूत।

हर आयु वर्ग के संगीत प्रेमियों को बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत भावपूर्ण गीत 'सैयारा' से हुई, जिसने श्रोताओं को भावनाओं की गहराइयों में उतार दिया। इसके बाद 'बुल्लेया', 'सैयोनी', 'सादगी तो हमारी ज़रा देखिए', 'हल्का हल्का सुरूर', 'कमरिया' और 'लॉलीपॉप' जैसे हिट गीतों ने माहौल में जोश भर दिया। अभिषेक राजपूत की प्रस्तुति में न केवल सुरों की मिठास थी, बल्कि उनके गीतों में प्रेरणा, उत्साह और जीवन की उमंग का संदेश भी झलकता रहा। जहां युवा वर्ग ने गायन में ऊर्जा महसूस की, वहीं बुजुर्गों ने संगीत में अपने सुनहरे दिनों की झलक देखी। कार्यक्रम के समापन पर नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार ने उन्हें मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।

अखिलेश यादव ने भेजी अकीदत की चादर

देवा, बाराबंकी : अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देवा शरीफ में चल रहे उर्स के मौके पर मंगलवार को अपनी ओर से चादर भेजी। उन्होंने प्रदेश सचिव कय्यूम प्रधान को पार्टी कार्यालय लखनऊ बुलाकर चादर भेंट की और निर्देश दिया कि इसे अकीदत और सम्मान के साथ हज़रत वारिस अली शाह की दरगाह पर चढ़ाया जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि देवा शरीफ की पावन धरती गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल है, जहां सभी मज़हबों और तबकों के लोग एक साथ मिलकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देते हैं। उन्होंने कहा कि उर्स का यह आयोजन सामाजिक एकता और सौहार्द की परंपरा को मज़बूती प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कामना की कि देवा शरीफ की दरगाह से देश और प्रदेश में अमन, सौहार्द और खुशहाली का संदेश फैले।

प्रस्तुति देतीं लोकगीत गायिका डॉ. रश्मि उपाध्याय। ● अमृत विचार

लोकगायिका डॉ. रश्मि ने दी यादगार प्रस्तुति

देवा, बाराबंकी : अमृत विचार। मेला की सांस्कृतिक संध्या मंगलवार को लोकगायिका डॉ. रश्मि उपाध्याय की भावपूर्ण और मनोरंजक प्रस्तुतियों से यादगार बन गई। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने गणेश वंदना और हरी हरी दूब चढ़े गजानन... जैसे पारंपरिक गीतों से की, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद उन्होंने भौजी मेला मा भुलानी भैया हेरै हॉट हॉट... जैसे हास्य लोकगीतों से श्रोताओं को खूब हंसाया। हमका लखनऊ शहरिया में घुमा दे..., आज आए अयोध्या में राम, घर-घर दियना जले... जैसे गीतों ने सांस्कृतिक भावनाओं को नई ऊंचाई दी। कार्यक्रम का समापन गए विदेश जो सैयां हमरे, लौटे आधी रात... और नकटा की प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। डॉ. रश्मि की सहज, मोहक और जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

राजस्थान के मौसम अली बने देवा मेला दंगल 2025 के चैंपियन

देवा, बाराबंकी : अमृत विचार। देवा मेला 2025 की बहुप्रतीक्षित दंगल प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य समापन हुआ, जिसमें राजस्थान के मौसम अली पहलवान ने चैंपियन ट्राफी पर कब्जा जमाया। उन्होंने मुज़फ्फरनगर के टाइगर पहलवान समेत कई दिग्गजों को मात देकर यह खिताब जीता। दंगल की शुरुआत विकास पहलवान पन्ना और सुल्तान पहलवान कानपुर के बीच कड़े मुकाबले से हुई, जिसमें विकास पहलवान विजयी रहे। आकाश यादव और नजाकत अली की कुश्ती बराबरी पर छूटी, वहीं तालिब राणा ने रोशन अयोध्या को और खालिक मुरादाबाद ने बादल बरेली को हराया। मौसम अली की कुश्ती का मुख्य आकर्षण उनका मुकाबला नकाबपोश पहलवान से रहा, जिसमें उन्होंने दमदार जीत हासिल की। दंगल समापन पर विजेता को मेला कमेटी के सदस्यों फव्वाद किदवई, महबूब-उर-रहमान, गामा यादव, अरमान, शकील, हामिद, रिजवान और बृज किशोर सोनी द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कुश्ती प्रेमी दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

ट्रॉफी के साथ पहलवान मौसम अली। ● अमृत विचार

हास्य और व्यंग्य से भरपूर नाटक 'किराए का चक्कर' का मंचन करते रंगायन ग्रुप के कलाकार।

किराए का चक्कर नाटक देखकर हंसी से लोटपोट हुए दर्शक

देवा, बाराबंकी : अमृत विचार। देवा मेला के रंगमंच पर मंगलवार की शाम हास्य और व्यंग्य से भरपूर नाटक 'किराए का चक्कर' का मंचन हुआ। रंगायन ग्रुप के कलाकारों ने इस शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। नाटक में हास्य के साथ समाज में फैले छल-कपट और लालच पर करारा व्यंग्य भी देखने को मिला। नाटक की कहानी दो छात्रों विजय और श्याम की है, जो किराए के कमरे में रहते हैं, लेकिन किराया न दे पाने की स्थिति में उलझ जाते हैं। वे मकान मालिक से बचने के लिए एक अजीब योजना बनाते हैं मकान मालिक की ही बेटी को फंसाकर किराया वसूल करना। इस योजना की तैयारी में श्याम लड़की का वेश धारण करता है, और वहीं से शुरू होता है असली हंगामा। मकान मालिक जब कमरे में आता है तो घटनाएं कुछ इस तरह मोड़ लेती हैं कि वह खुद ही 'लड़की' के प्यार में पड़ जाता है और किराया माफ कर देता है। अंत में जब सच्चाई सामने आती है कि वह 'लड़की' दरअसल श्याम है, तो मकान मालिक बेहोश होकर गिर पड़ता है। श्याम की भूमिका में सुमित श्रीवास्तव ने और विजय की भूमिका में अभिषेक सिंह ने शानदार अभिनय किया, जबकि मकान मालिक के रूप में अंकित श्रीवास्तव ने दर्शकों को खूब हंसाया। संवादों की तीव्रता, हास्यपूर्ण अदाएं और जीवंत अभिनय ने दर्शकों को तालियां बजाने और हंसने पर मजबूर कर दिया। 'किराए का चक्कर' ने यह संदेश भी दिया कि चालाकी और धोखे से बना कोई भी ताना-बाना अंततः खुद के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

महिला लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

संवाददाता, शाहाबाद-पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मंगलवार को तहसील सभागार में कृषि, मत्स्य और कुम्हारी कला की महिला लाभार्थियों को एसडीएम अंकित तिवारी और तहसीलदार संध्या यादव ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

दोनों अधिकारियों ने कृषि आवंटन की 10, मत्स्य आवंटन की 2, कुम्हारी कला की 2 को और महिला विरासत की 5 लाभार्थी महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सशक्त और स्वावलंबित किया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा तहसील कर्मी मौजूद रहे।

शाहाबाद तहसील सभागार में प्रमाण पत्र देते हुए एसडीएम अंकित तिवारी।

पिहानी संवाददाता के अनुसार मिशन शक्ति प्रभारी दीक्षा यादव ने आरसी पब्लिक इंटर कॉलेज, अमीरता में छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी। हरपालपुर संवाददाता के अनुसार पलिया के जूनियर स्कूल में पुलिस टीम ने छात्राओं को साइबर फ्राड, बैंक से पैसे कटने, एटीएम से पैसे कटने, किसी भी तरह की फर्जी फोन कॉल आने पर तुरंत हेल्प लाइन नम्बर 1030 पर सूचना देने की जानकारियां दी। मिशन शक्ति टीम में मौजूद उपनिरीक्षक अंजना सचान ने छात्राओं को जागरूक किया।

तनाव में रहे युवक ने फांसी लगा दी जान

औरास उन्नाव, अमृत विचार। पारिवारिक कलह के चलते तनाव में रहे युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति को फंदे से लटका देख पत्नी चीख पड़ी और परिजनों में कोहराम मच गया। कस्बा औरास क्षेत्र के मोहल्ला मनोहर नगर निवासी अमित असर्फी लाल पारिवारिक कलह के चलते तनाव में था। मंगलवार को मजदूरी कर रहे पिता को खाना देकर वापस घर आया और उसने घर के भीतर अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर छत में लगे पंखे में रस्सी से फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

ई-रिक्शा की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक ने तोड़ा दम

उन्नाव सफीपुर, अमृत विचार। बाइक का पंचर बनावाकर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी थी। इसमें घायल युवक की मौत हो गई। भाई की तहरीर पर ई-रिक्शा चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवरामऊ गांव निवासी हीरालाल (22) पुत्र पृथ्वीपाल बीते रविवार शाम बाइक का पंचर बनवाकर लौट रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के अन्धेलिया- हुलासी कुआं मार्ग पर तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। परिजन उसका एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे।

सिटी डायरी

झांकी प्रस्तुत करता कलाकार।

बाबा ब्रह्मदेव मंदिर के वार्षिकोत्सव में झूमे भक्त

पाटन उन्नाव, अमृत विचार। निराकार ब्रह्म की उपासना व गांव व क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रतीक कस्बा पाटन स्थित बाबा ब्रह्मदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव मंदिर श्रृंगार, हवन पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी बाबा ब्रह्मदेव सेवा समिति के तत्वावधान में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। मंदिर में हवन पूजन के बाद कन्याभोज व भंडारा आयोजित किया गया। बाबा के दरबार में बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद लिया। रात में बप्पी जागरण पार्टी रायबरेली द्वारा आयोजित भजन संध्या में भक्तों ने आनंद लिया और खूब झूमे। भजन गायक शिवा बाजपेई सीतापुर व भजन सम्राट पंकज खत्री के भजन "चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है" के साथ भक्तों ने खूब ठुमके लगाए। मंटू झांकी ग्रुप द्वारा राधारानी, फूलों की होली, कृष्ण सुदामा मिलन के साथ हनुमान जी का किरदार करने वाले जाने-माने कलाकार जितेंद्र बजरंगी ने कार्यक्रम देकर भक्तों का मन मोह लिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष अरविंद पटेल ने कलाकारों व अतिथियों का माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इसमें बड़ी संख्या में बाबा के भक्त मौजूद रहे।

पत्नी के मायके से नहीं आने पर पति ने दी जान

औरास उन्नाव, अमृत विचार। थानाक्षेत्र के कुंवर खेड़ा गांव निवासी विमलेश (28) पुत्र नंदलाल उर्फ नंदू की पत्नी मोनी से अनबन चल रही थी। इससे मोनी 5 माह से माखी थानाक्षेत्र की पावा चौकी अंतर्गत रुकनापुर गांव स्थित अपने मायके में थी। बताते हैं कि विमलेश पत्नी को विदा कराने ससुराल भी गया था। लेकिन उसने ससुराल से आने से मना कर दिया। इस पर वह बीते सोमवार घर लौट आया। मंगलवार दोपहर घर के आंगन में उसने फंदे से लटककर जान दे दी। घटना के समय वह घर पर अकेला था।

महिला की हत्या का आरोप लगाकर हंगामा

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के डकौली गांव निवासी महिला का शव बीती सोमवार शाम शारदा नहर में 15 दिन बाद मिला था। मोर्चरी पहुंचे मायके वालों ने महिला की हत्या का आरोप ससुरालियों पर लगाते हुए हंगामा किया। इस पर सीओ सफीपुर पहुंचीं और पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिला लोगों को शांत कराया। बॉडी पूरी तरह से गल जाने के कारण पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। लगभग नर कंकाल में तब्दील हुई बॉडी में ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे बिसरा जांच के लिए भेजा जा सके।

हंगामा कर रहे मृतका के परिजनों से बात करतीं सीओ सोनम सिंह। ● अमृत विचार

हालांकि ऐहतिहातन डीएनए का सैंपल लिया गया।

बता दें कि डकौली गांव निवासी अंजना (32) का शव बीते सोमवार की देर शाम गांव के पास नहर में उतराता मिला था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पति रामबाबू ने बताया कि पत्नी बीती 28 सितंबर को अचानक लापता हो गई थी। 30 सितंबर को उसने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह खुद परिजनों के साथ पत्नी की तलाश कर रहा था। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस में सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा मझवारा गांव निवासी मायके पक्ष से भाई अनिल, बड़ी बहन गुड्डी व अन्य रिश्तेदार पहुंचे और ससुरालियों पर हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामे की सूचना पर सीओ सोनम सिंह मोर्चरी पहुंचीं। परिजनों से बात कर उन्हें शांत करा पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मायके पक्ष ने अंजना के बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जता उन्हें अपने हवाले करने की मांग की। इस पर सीओ ने कानूनी आधार से कार्रवाई कराने की बात कही। अंजना के माता-पिता की मौत हो चुकी है। माखी थानाक्षेत्र के फिरोजपुर कला गांव निवासी उसकी बड़ी बहन गुड्डी व भाई अनिल हैं।

कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष, शिक्षक व बच्चे।

सुदृढ़ विकसित भारत बनाने का संकल्प

हरदोई, अमृत विचार। बावन ब्लाक के पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर में 'विकसित भारत बिल्डथोन-2025 की कार्यशाला' हुई,जिसमें बच्चों के हाथों से बनाए हुए खेल-खिलौनों और ज़रूरत की चीज़ों की प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों ने संकल्प लिया कि 2047 तक देश को सुदृढ विकसित राष्ट्र बनाना है। मुख्य अतिथि मण्डल उपाध्यक्ष शिवेंद्र शुक्ला ने बच्चों को 'लोकल फार वोकल' के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत को आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय रूप से एक विकसित राष्ट्र बनें। इस बीच पीएम श्री विद्यालय के कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने मिट्टी के खिलौने,फल,पंखे और डालिया आदि बना कर उनकी प्रदर्शनी लगाई।

विद्यालय का लोकार्पण करते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू।

प्राथमिक विद्यालय खजुहाई का विधायक ने किया लोकार्पण

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। ग्राम पंचायत कहारकोला के राजस्व गांव खजुहाई, बरगदिया में प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का विद्यालय परिसर में लोकार्पण विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्री सिंह ने कहा कि भरखनी क्षेत्र में शिक्षा और अन्य विकास कार्यों का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जाएगा। सवायजपुर की जनता से किए गए सभी वादे उन्हें याद हैं और वे उन पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

कथा | कथा व्यास ने अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा का किया वर्णन

श्रीकृष्ण ने तोड़ा था देवराज इंद्र का घमंड

बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित महिला मंडल सत्संग भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार रात वृंदावन के विख्यात भागवताचार्य भारत भूषण जी महराज ने भगवान कृष्ण के अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठा लेने की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि घमंड भगवान का भोजन है।

कथाव्यास ने कहा कि राजा इंद्र वृंदावन की कुंज गलियों में गोवंश के साथ विचरण कर रहे भगवान श्रीकृष्ण को पहचान नहीं सके। इंद्र का घमंड चूर करने के लिए ही श्री कृष्ण ने गोप-ग्वालों से इंद्र की पूजा का निषेध कर श्री गोवर्धन महाराज की पूजा का आयोजन किया। तब क्रोधित होकर इंद्र ने अति वृष्टि कराई। भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर धारण कर गोप-ग्वालों को तेज वर्षा से बचाया और इंद्र का घमंड तोड़ा। श्री गोवर्धन महाराज की पूजा और 56 भोग की प्रसादी में विधायक श्रीकांत कटियार ने पहुंचककर गिरिराज जी का पूजन-अर्चन कर व्यास जी को सम्मानित किया। बाद में यजमान अशोक रस्तोगी, चौधरी रमेश सिंह गुड्डू, चौधरी कमलेश सिंह कमलू, कृष्ण कुमार रस्तोगी व डॉ. नीरज गुप्ता आदि ने विधायक को अंगवस्त्र पहनाकर अभिनन्दन किया। गोवर्धन पूजा में शरद अग्रवाल, डॉ. प्रदीप रस्तोगी, पंडित राजकुमार द्विवेदी, पंडित सतीश चंद्र त्रिपाठी भागवताचार्य व पंडित संजीव दीक्षित आदि श्रोता व भक्त मौजूद रहे।

कथा व्यास को सम्मानित करते विधायक श्रीकांत कटियार।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पलटा ट्रैक्टर, दो लोग गंभीर

औरास उन्नाव, अमृत विचार। राजस्थान प्रांत के अलवर जिले के थाना लक्ष्मणगंज अंतर्गत मकरेटा गांव निवासी हरकेश (35) व रामावतार (48) ट्रैक्टर से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से जा रहे थे। एक्सप्रेस-वे के 280 पॉइंट पर अज्ञात वाहन ने पीछे से ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर एक्सप्रेस-वे पर पलट गया और ट्रैक्टर सवार दोनों लोग गंभीर घायल हो गए। यूपीडा की एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

महिला अपराध में वांछित दबोचे

पाटन उन्नाव, अमृत विचर। बिहार थाना पुलिस ने बच्चियों को बहलाकर भगा ले जाने व शारीरिक शोषण करने के दो वांछितों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया। अभय उर्फ हिमांशु निवासी गांव अमियां थाना गौरीगंज अमेठी को गांव खटखट कुंडली से और दूसरे वांछित छोटू उर्फ नैतिक निवासी गांव डुबकी थाना मल्लावां फतेहपुर को बजौरा पुल अंडरपास के पास से दबोचा।

शिविर में मरीजों का पंजीकरण करते चिकित्सक।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार। मंगलवार को सीएमओ भवनाथ पांडेय के निर्देशन में सीएचसी पर भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा द्वारा विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस शिविर में प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. आनंद पांडेय ने मानसिक रोगों से सम्बंधित समस्याओं व उनके लक्षणों तथा उपचार के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारियां दीं।

न्यूज ब्रीफ

जुए की फड़ पर पुलिस का छापा, 5 पकड़े गए

उन्नाव, अमृत विचार। सदर कोतवाली प्रभारी संजीव कुशवाहा ने मुखबिर से मिली सूचना पर फोर्स के साथ सोमवार रात किला चौकी क्षेत्र के सैय्यद बाबा की मजार के पीछे दबिश दी। जहां जुआ खेल रहे आमिर उर्फ लड्डू पुत्र रईश पहली खेड़ा, मुजम्मिल पुत्र याशीन निवासी तालिब सराय, शाह आलम पुत्र मुन्ना डरियन टोला, अथक यादव पुत्र शिवकुमारच निवासी तालिब सराय व अनुज गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार निवासी पुरानी बाजार सदर कोतवाली को पुलिस कर्मियों ने दबोच लिया। फड़ व जामातलाशी में करीब 20 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए लोगों पर जुआं अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

तहसीलदार को हटाने के लिए दिया ज्ञापन

उन्नाव। सदर तहसीलदार सुरभि गौतम व अधिवक्ताओं के बीच चल रहा विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। बार एसोशिएशन की बैठक में सोमवार को सदर तहसीलदार के अधिवक्ताओं के प्रति रवैए की आलोचना की गई थी। मंगलवार को उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरीश मिश्रा की अगुवाई में अधिवक्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने तहसीदार पर कार्रवाई की मांग करते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज को दिया। इसमें अधिवक्ताओं ने कहा कि इससे पहले कई बार की गई शिकायतों के बावजूद तहसीलदार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में अधिवक्ता 16 अक्तूबर को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस दौरान महामंत्री अनुज बाजपेई आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

पशु आरोग्य मेले में 969 का हुआ उपचार

नवाबगंज। विकासखंड क्षेत्र के चमरौली गांव में पं. दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का आयोजन मंगलवार को पशु चिकित्सालय द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मोहान विधायक बृजेश रावत का प्रधान समर बहादुर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक ने सरकार द्वारा पशुओं व पशुपालकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने सरकार द्वारा पशु पालकों व कृषकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। मेले में 969 पशुओं का उपचार हुआ। इसमें 539 बड़े व 430 छोटे पशु शामिल थे। राकेश दीक्षित, प्रेम, सुनीता, जानकी, शांती, शालू आदि मौजूद रहे।

जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव निवासी देशराज लोध (45) पुत्र स्व. चांदेलाल मंगलवार सुबह 11 बजे खेत गया था। जहां उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। युवक जंगली दवाई व झाड़फूंक के चक्कर मे पड़ा रहा। जब हालत अधिक बिगड़ी तो परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां से उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आए और पुलिस को सूचना दी। मृतक की एक बेटी किरन (13) व बेटा यश (8) है।

मंगल दल सदस्यों को मिली खेल सामग्री

उन्नाव। जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में गठित 75 युवक मंगल दल व 50 महिला मंगल दल के 2-2 (कुल-250) सदस्यों व पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें जिले की अंशिका कविता महिला मंगल दल व प्रिंश वर्मा, निखिल कुमार युवक मंगल दल को मुख्यमंत्री ने प्रोत्साहन खेल सामग्री दी। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों से आये मंगलदलों व सभी जिलों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी व मंगल दलों को विधायक, सांसद खेल स्पर्धा के शुभारम्भ की घोषणा भी की।

फीडर-5 के आठ ट्रांसफार्मर बंद

शुक्लागंज। मरहला चौराहा पर आरओबी निर्माण के चलते मंगलवार को बिजली विभाग की लाइन शिफ्टिंग का कार्य जारी था। इस दौरान भूमिगत केबल जोड़ने के कार्य में जेसीबी से खुदाई के समय एचटी लाइन कट जाने से फीडर-5 की सप्लाई ठप हो गई। इसके कारण आर्यनगर, आजाद नगर, अलीनगर समेत आसपास के कई मोहल्लों की बिजली करीब डेढ़ घंटे बाधित रही। कार्यदायी संस्था द्वारा केबल ज्वाइंट जोड़ने के दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हादसा हुआ। एचटी लाइन कटते ही फीडर-5 ट्रिप कर गया और इससे जुड़े आठ ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति बंद हो गई। अचानक बिजली गुल होने से क्षेत्र के करीब पंद्रह सौ घर अंधेरे में डूब गए। शाम साढ़े पांच बजे तक बाधित क्षेत्रों की आपूर्ति बहाल की जा सकी।

नवीन पुल पर ढाई घंटे तक लगा जाम

कराह उठे राहगीर, मरहला चौराहे पर आरओबी निर्माण कार्य व अव्यवस्थित यातायात बना परेशानी का कारण

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। मंगलवार सुबह शुक्लागंज स्थित नवीन गंगापुल पर ढाई घंटे तक भीषण जाम लगा रहा। पुल से लेकर आनंद नगर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लगने से कानपुर-उन्नाव मार्ग पूरी तरह थम गया। जाम के कारण स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और आम राहगीर घंटों तक फंसे रहे। कई लोगों ने मजबूरन वाहन छोड़ पैदल पुल पार किया।

सुबह करीब नौ बजे ऑफिस और स्कूल टाइम पर वाहनों का दबाव बढ़ा तो अचानक पुल के बीचोंबीच एक चारपहिया वाहन खराब हो गया। पीछे से आने वाले वाहनों ने ओवरटेक करने की कोशिश की, जिससे दोनों ओर की लेनें जाम हो गईं। कुछ ही देर में पुल से लेकर राजधानी मार्ग तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। स्थिति नियंत्रण से बाहर होती देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर शुक्लागंज थाने की पुलिस व यातायात पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने मौके पर पसीना बहाते हुए जाम खुलवाने की मशक्कत की।

मरहला चौराहे पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

करीब ढाई घंटे बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका, हालांकि पुल के दोनों छोरों पर देर तक वाहन रेंगते हुए चलते रहे। जाम के चलते कई स्कूल वाहन छात्रों को समय पर नहीं पहुंचा सके। वहीं लेट हो रहे लोग पैदल ही अपने गंतव्य को रवाना हुये।

नवीन पुल के रास्ते पर भीषण जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

मरहला पर आरओबी निर्माण से फोरलेन पर भी यातायात बाधित

नवीन पुल के साथ-साथ मरहला चौराहे के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य भी मंगलवार को जाम का कारण बना। निर्माण कार्य के चलते सड़क का एक हिस्सा संकरा हो गया है, जिस कारण फोरलेन और आजाद मार्ग से आने वाले वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। भारी वाहनों के गुजरने से यातायात कई बार थम गया। पुलिसकर्मी लगातार यातायात नियंत्रित करने में जुटे रहे, लेकिन दोपहर तक वाहनों की रफ्तार सामान्य नहीं हो सकी। इस दौरान सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम के चलते आवागमन करने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

वाहन की टक्कर से कचहरी पुल पर गिरा विद्युत पोल

कचहरी पुल पर टूटा पड़ा विद्युत पोल। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। शहर के व्यस्ततम कचहरी पुल पर सोमवार देरात बड़ा हादसा टल गया। देररात 1 बजे अज्ञात वाहन ने सर्विस लेन के विद्युत पोल में टक्कर मार दी। इससे पोल केबल समेत टूटकर ब्रिज पर गिर गया। रात होने से बड़ा टल गया।

पोल और केबल बीच पुल पर पड़े होने से मंगलवार दिन भर यातायात बाधित रहा और भीषण जाम लगा रहा। साथ ही कब्बाखेड़ा सब स्टेशन से जुड़ी केवटा तालाब व कचहरी समेत 250 बिजली कनेक्शन धारकों की आपूर्ति ठप हो गई। जिससे लोगों को पेयजल संकट व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना पर विद्युत विभाग ने आपूर्ति बंद की। सुबह जेई मुकेश भारती ने मौके का जायजा लिया। जाम बढ़ने पर यातायात प्रभारी ने दोनों ओर कर्मी लगाकर भारी वाहनों की आवाजाही रोकी। कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर साढ़े 3 बजे पोल हटाया गया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। एसडीओ सुशील कुमार ने बताया कि पोल लगा दिया गया है। रात तक पूरी तरह से आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

पराली जलाने पर हो सकता है जुर्माना

उन्नाव, अमृत विचार। फसल अवशेष को खेतों में जलाना दंडनीय अपराध है। अवशेष जलाने से हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के चलते जिला, स्तर व विकासखंड स्तर पर सेल का गठन करते हुये हर दिन इसका अनुश्रवण किया जा रहा है। खरीफ की फसलें धान, मक्का, गन्ना आदि फसलों के अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। जिसमें पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाना, एफआईआर दर्ज करना व उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित करना शामिल है।

जानकारी देते हुए उपनिदेशक कृषि रविचंद्र प्रकाश ने कहा कि सेटेलाइट द्वारा पराली जलाने की प्रत्येक घटनाओं की निगरानी की जा रही है। पराली जलाने की घटना मिलने पर संबंधित को दंडित करने के संबंध में राजस्व विभाग के शासनादेश के तहत कार्रवाई की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय व राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार पराली जलाने पर जुर्माना राशि को दोगुना कर दिया है। जो छोटे से लेकर बड़े किसानों तक के लिए लागू है। पराली जलाने पर जुर्माना दो एकड़ से कम जमीन वाले किसान पर 5 हजार, 2 से 5 एकड़ जमीन वाले किसान पर 10 हजार व 5 एकड़ से अधिक जमीन वाले किसान पर 30 हजार निर्धारित किया गया है। किसानों से कहा गया कि पराली न जलाएं इसके बजाय उसे खेतों में मिलाकर खाद बनाएं या उसे नजदीकी गोशालाओं में दान कर दें। जिससे पर्यावरण, मृदा स्वास्थ्य व मानव स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव न पड़े।

पुरानी खुन्नस में मारपीट के बाद हुई फायरिंग, कई घायल

सफीपुर। सफीपुर के मंगल बाजार में पुरानी खुन्नस के चलते दो पक्ष आमने - सामने आ गए। इसमें मारपीट के बाद हुई फायरिंग में करीब 6 लोग घायल हुए है।

कस्बा के मंगल बाजार मोहल्ला निवासी रामआसरे व दर्शन पड़ोसी है। दोनों के परिवारों में पुरानी खुन्नस चल रही है।।मंगलवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो देखत - देखते मारपीट में बदल गयी। दोनों पक्षों में पहले लाठी डंडे चले। उसके बस अवैध असलहों से हुई गोलीबारी से कई लोगों के घायल होने को सूचना पर पुलिस पहुंची। जो घायल दर्शन (25) पुत्र सुखराम,रामआसरे (36)पुत्र मुल्ला,अमरेश (30) पुत्र नन्हे लाल व ओम प्रकाश (23) पुत्र नन्हा को सीएचसी लाई। कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

पर्व को लेकर घाटों पर सफाई शुरू

शुक्लागंज, अमृत विचार। गंगा का जलस्तर हाल ही में खतरे के निशान से ऊपर जाने के बाद घटने पर नगर के अधिकतर घाट ऊबड़-खाबड़ हो गए हैं। नमामि गंगे घाट की सीढ़ियों पर बालू जमा होने और गाद भरने से श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। इसी को देखते हुए मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने घाटों का निरीक्षण किया और तत्काल सफाई कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

दीपावली और छठ को ध्यान में रखते हुए पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के निर्देश पर प्रतिनिधि के साथ पालिका कर्मी ने सभी प्रमुख घाटों आनंद घाट, नमामि गंगे घाट के अलावा अन्य तटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाटों की सफाई, बालू हटाने, समतलीकरण और एंटी-लार्वा छिड़काव के निर्देश दिए गए। छठ पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आनंद घाट पर जेसीबी की मदद से अस्थायी वैकल्पिक मार्ग तैयार कराया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु आसानी से गंगा की मुख्य धारा तक पहुंच सकें। पालिका टीम ने मौके पर सफाई कर्मियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

घाट की सीढ़ियों की साफ सफाई कराते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि। अमृत विचार

गरेरेपुरवा में 12वां विशाल जवाबी कीर्तन कल

शुक्लागंज। गरेरेपुरवा में बाबा नर्मदेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में 16 अक्टूबर को 12वां विशाल जवाबी कीर्तन आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में देशभर के प्रसिद्ध भजन कलाकार हिस्सा लेंगे। कीर्तन के मुख्य कलाकारों में रणजीत राज (प्रयागराज), मधुप श्रीवास्तव (रायबरेली) और दुर्गेश नंदिनी (महोबा) शामिल हैं, जो अपने भक्ति गायन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। समिति अध्यक्ष रघुबीर यादव, बी.एल. यादव, संदीप यादव, विजय पाल राजपूत और कमलेश राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं के बैठने व प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है।

त्योहार को लेकर चला सघन चेकिंग अभियान

शुक्लागंज। त्योहारों के मद्देनजर गंगाघाट पुलिस पूरी तरह सतर्क दिखाई दी। अवैध पटाखों की रोकथाम के लिए मंगलवार को पुलिस ने बालूघाट मोड़ के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया। दोपहर से लेकर देर शाम तक चले अभियान में पुलिस टीम ने कानपुर की ओर से आने वाले चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज गजेन्द्र यादव के नेतृत्व में की गई जांच के दौरान किसी भी वाहन में विस्फोटक सामग्री या अवैध पटाखे नहीं मिले। पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए सभी संदिग्ध वाहनों की बारीकी से जांच की। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अवैध पटाखों के परिवहन या भंडारण में पकड़े जाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नए गंगापुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू

शुक्लागंज। शुक्लागंज में गंगा नदी पर पुराने पुल के समानांतर बनाए जाने वाले नए पुल के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो गई है। मंगलवार को कार्यदायी संस्था केकेआर गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियर ने शुक्लागंज की ओर से निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक कार्य शुरू किया। टीम ने पुल निर्माण के लिए निर्धारित स्थलों का मृदा परीक्षण कराने हेतु चिन्हांकन कार्य कराया।

नया पुल पुराने पुल से लगभग 50 मीटर दूरी पर बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर लगभग 235 करोड़ रुपये की लागत आएगी। शासन द्वारा प्रारंभिक कार्य के लिए 82 करोड़ 33 लाख 97 हजार रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। मंगलवार को कार्यदायी संस्था के इंजीनियर देवेन्द्र सिंह चौहान और सर्वेयर विपिन कुमार की देखरेख में टोटल स्टेशन मशीन के माध्यम से सर्वे का कार्य किया गया। सर्वे के दौरान गंगा नदी के किनारे दो स्थानों पर चिन्हांकन किया गया है।

देश की पहली डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स सेवा का उद्घाटन

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मौजूद रेल अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

बिछिया, उन्नाव, अमृत विचार। केंद्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण इलेक्ट्रॉनिकी व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोनिक रेलवे स्टेशन स्थित गुड्स शेड लखनऊ मंडल पर देश की पहली डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स सेवा का शुभारंभ किया।

रेल अफसरों ने बताया कि भारतीय रेल द्वारा लॉजिस्टिक्स सेवाओं के आधुनिकीकरण व ग्राहक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री सूचना एवं प्रसारण इलेक्ट्रॉनिकी व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोनिक गुड्स शेड लखनऊ मंडल पर देश की पहली डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स सेवा का शुभारंभ किया है। यह सेवा कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित होगी। बताया कि यह परियोजना अभी दो वर्षों के लिए स्वीकृत की गई है।

मेटा के अलर्ट से पुलिस ने बचाई युवक की जान

उन्नाव। इंस्टाग्राम में आत्महत्या करने का वीडियो डालने पर मेटा ने पुलिस मुख्यालय को संदेश भेजा। नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस होने पर डीजीपी मुख्यालय से इसकी सूचना उन्नाव पुलिस को दी गई। लोकेशन जिले के बिहार थानाक्षेत्र की थी। इस पर पुलिस लोकेशन ट्रैस कर युवक के घर पहुंची। परिजनों को पूरी बात बता बिहार पुलिस कमरे में पहुंची तो युवक फंदे से लटकने ही वाला था। छत नीची होने से वह लटक नहीं पाया था। उसे नीचे उतारकर उसकी काउंसिलिंग की गई तो युवक ने बताया कि वह एक युवती से प्रेम करता है। लेकिन युवती ने उससे बात करना बंद कर दिया था। इसी तनाव में उसने पोस्ट कर आत्महत्या करने की योजना बनाई थी। सीओ मधुनाथ मिश्रा ने बताया कि बिहार थानाक्षेत्र के हमीरपुर गांव निवासी संदीप पुत्र भोलू ने आत्महत्या करने का प्रयास करने वीडियो पोस्ट किया था। 16 मिनट में पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर युवक को बचा लिया।

श्रीकृष्ण महोत्सव में सीता स्वयंवर का हुआ मंचन

श्री कृष्ण महोत्सव के दौरान लीला का मंचन करते पात्र। अमृत विचार

शुक्लागंज, अमृत विचार। शंकरपुर के सन्नी गांव में चल रहे 19वें श्रीकृष्ण लीला महोत्सव में मंगलवार की रात सीता स्वयंवर और धनुष भंग की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। श्री बृज रास बिलास लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस मंचन ने दर्शकों को रामायण काल की याद दिला दी।

लीला के दौरान जनकपुर में राम द्वारा भगवान शिव के धनुष को भंग करने और सीता के स्वयंवर का दृश्य जब मंच पर जीवंत हुआ तो पूरा पंडाल जयश्रीराम के नारों से गूंज उठा। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर रामायण की कई आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर लोग भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक भावना और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का प्रचार करना है।

कैलाशनाथ मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

शुक्लागंज। कंचनगर स्थित कैलाशनाथ बाबा मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने पर मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ और भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम में बबलू पांडेय, ब्रजमोहन, राजेश गुप्ता गोल्डी, मोहित तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भाजपा नेता के साथ मारपीट, मामला दर्ज

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर निवासी भाजपा नेता शुभम तिवारी के साथ राजमार्ग पर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि 12 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 11 बजे उन्नाव से घर लौटते समय शुक्लागंज अंबिकापुरम के पास भातूफार्म निवासी पीयूष तिवारी ने उनकी गाड़ी रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और संपत्ति नुकसान की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

खतरे में नौनिहाल | सोमवार को लालकुंआ-ऊंचगांव मार्ग पर पल्टी थी बच्चों से भरी वैन

बेमानक स्कूली वाहनों पर अफसरों की मूक सहमति

शुभम निगम, उन्नाव

अमृत विचार। जिले में इन दिनों स्कूली बच्चों की सुरक्षा खतरे में हैं। स्कूल प्रबंधन निजी व मानक विहीन वाहनों में नौनिहालों को बैठाकर आवागमन कराने से उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। इसे लेकर शिक्षा विभाग के अफसर, एआरटीओ व विद्यालय प्रबंधन सब आंखे मूंदे हैं।

अधिकारियों की इसी घोर अनदेखी का नतीजा बीते सोमवार बारासगवर थानाक्षेत्र में उस समय सामने आया था जब लालकुंआ-ऊंचगांव मार्ग पर बच्चों से भरी एक वैन पेड़ से टकराकर पलट गई थी। इसमें तीन बच्चों की हालत गंभीर है। एआरटीओ रेकॉर्ड में दर्ज करीब 400 वाहनों के मुकाबले जिले में हज़ारों मानक विहीन वैन, ऑटो और ई-रिक्शा क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर दौड़ा रहे हैं। जुलाई में चालान की खानापूर्ति के बाद इन वाहनों को दोबारा संचालन की खुली छूट दे दी गई। मार्ग पर तैनात जिम्मेदार भी ऐसे वाहनों को अनदेखा कर आगे जाने देते हैं। बच्चों की सुरक्षा के प्रति अधिकारियों की यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसे लेकर यातायात प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि मानक विहीन स्कूली वाहनों के विरुद्ध एआरटीओ अफसरों के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा। साथ ही ऐसे वाहन स्वामियों व चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निजी वैन में क्षमता से अधिक भरे गए स्कूली बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर, जनपद-उन्नाव।

पत्रांक:-10-135 /नि0सू0/न0पं0स0/2025-26 दिनांक- 14 अक्टूबर, 2025

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 (15 नवम्बर 2025 से 14 नवम्बर, 2026 तक) के लिये ठेका टेम्पो-टैक्सी स्टैण्ड उठाये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। विवरण निम्नवत् है :-

क्र0	नाम ठेका	अनुमानित धनराशि	जमानत धनराशि @10%	निविदा शुल्क +GST@18%	समयावधि
1	2	3	4	5	6
1	नगर पंचायत सफीपुर सीमान्तर्गत ठेका टेम्पो-टैक्सी स्टैण्ड (स्थल का नाम-कोतवाली के बगल में समस्त मार्गों के लिए)	17,42,609.00	1,74,261.00	2,006.00	15 नवम्बर 2025 से 14 नवम्बर, 2026 तक

:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी, वित्तीय बिड खोलने का विवरण निम्नवत् है:-

(a)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि	15.10.2025
(b)	वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि	15.10.2025 प्रातः 11:00 बजे
(c)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय	05.11.2025 प्रातः 10:00 बजे तक
(d)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	05.11.2025 प्रातः 11:00 बजे
(e)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय	तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त
(f)	ई-निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर-उन्नाव।

नोट:-निविदा से सम्बंधित विस्तृत नियम व शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सफीपुर,
जनपद-उन्नाव।

अध्यक्ष
नगर पंचायत सफीपुर,
जनपद-उन्नाव।

सपने वह नहीं होते, जो हम सोते में देखते हैं। सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं देते।
-एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति

इस नोबेल से सबक

इस वर्ष का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जिन प्रख्यात अर्थशास्त्रियों को दिया गया है, उनके शोध ने यह स्पष्ट किया है कि इनोवेशन अथवा नवाचार तथा क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं की जीवनरेखा हैं। ये सिद्धांत बताते हैं कि आर्थिक विकास केवल पूंजी या श्रम के विस्तार से नहीं, बल्कि नए विचारों, तकनीकी नवाचारों और उद्यमशीलता से संचालित होता है। 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' की अवधारणा नई नहीं है। जोसेफ शुंपीटर इसे पहले ही स्थापित कर चुके हैं, लेकिन तीनों अर्थशास्त्रियों ने आधुनिक संदर्भ में शोध के द्वारा इस अवधारणा को वैज्ञानिक एवं तार्किक आधार दिया। किएटिव डिस्ट्रक्शन या रचनात्मक विनाश का मतलब है, विकास की प्रक्रिया में जो नई तकनीक, नए उत्पाद और नए व्यापार मॉडल रचे जाते हैं, वे पुरानी तकनीक, उत्पाद और व्यापार प्रारूप का विनाश करते है, उन्हें विस्थापित करते हैं, लेकिन साथ ही वे नई संभावनाओं का निर्माण भी करते हैं। बेशक, प्रक्रिया में पुरानी नौकरियां और उद्योग नष्ट होते हैं, लेकिन यही विनाश सृजन का मार्ग खोलता है।

आज तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में यह सिद्धांत बहुत प्रासंगिक है। आफिशियल इंटेलिजेंस, हरित ऊर्जा, जैव-प्रौद्योगिकी और डिजिटल वित्त इत्यादि नई तकनीक पुराने औद्योगिक ढांचे को बदल रही हैं, जिससे पारंपरिक नौकरियां जा रही हैं, पर इससे नए रोजगार, नए कौशल और नए उद्योग भी जन्मते हैं। वाकई औद्योगिक क्रांति और बाद के तकनीकी युग में ज्ञान के प्रसार और नवाचार ने उत्पादकता को कई गुना बढ़ा दिया है। साफ है कि समाज में ज्ञान संस्कृति यानी प्रयोग, अनुसंधान की प्रवृत्ति ही दीर्घकालिक विकास की कुंजी है। जब नवाचार की प्रतिस्पर्धा सतत आर्थिक विकास को गति देती है तब सरकारी नीतियां नवाचार को प्रोत्साहित करती हैं, जैसे शिक्षा, अनुसंधान निवेश, स्टार्टअप संस्कृति या खुला बाजार। इससे अर्थव्यवस्था अपने आप में ही सुधार करने लग जाती है।

भारत जैसे विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए इस शोध में कई नीतिगत सबक छिपे हैं। सबसे पहला, नवाचार को सिर्फ वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे व्यवसाय, कृषि, शिक्षा और शासन की प्रत्येक परत में समाहित किया जाना चाहिए। दूसरा, सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो उद्यमिता को बढ़ावा दें- जैसे कर प्रोत्साहन, सरल नियम और असफलता को दंडित करने के बजाय सीखने का अवसर मानना। भारत में स्टार्टअप क्रांति, डिजिटल इंडिया और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन जैसी योजनाएं इसी दिशा की शुरुआत हैं, पर इन्हें ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर रूपांतरित करने की जरूरत है। तकनीकी बदलावों से विस्थापित श्रमिकों के पुनः कौशल-प्रशिक्षण की नीति भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि 'विनाश' का पक्ष 'सृजन' में सहज रूप से बदल सके। असल में विकास का अर्थ केवल बढ़ते आंकड़ों में नहीं, बल्कि नए विचारों की गति और उसे अपनाने में छिपा है। भारत को यदि तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनना है, तो उसे नवाचार को नीति और संस्कृति, दोनों का मजबूत केंद्र बनाना होगा। देश के लिए 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यही सबक समीचीन होगा।

प्रसंगवश

कलाम ने कहा, चेक भुनाएं वरना वापस लें सामान

डॉ. नंद किशोर साह
लखनऊ

आज 15 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम की जयंती है। वह ऐसे व्यक्ति थे, जो जहां भी रहे, वहां अपनी अमिट छाप छोड़ी। पहले उनसे जुड़े एक किस्से की बात करते हैं- एक बार डॉ. कलाम तमिलनाडु के एक कार्यक्रम में पहुंचे। वह एक कंपनी का प्रोग्राम था। कंपनी ग्राइंडर मशीन बनाया करती थी। उन्होंने औपचारिकतावश अपने सामान का डेमो कलाम साहब को दिखाया। डॉ. कलाम को एक ग्राइंडर पसंद आ गया। उन्होंने उसे खरीदने की इच्छा जाहिर की। कंपनी ने तुरंत ही एक शानदार ग्राइंडर पैक करा कर उन्हें गिफ्ट दे दिया। उन्होंने कहा कि वह इसे मुफ्त में नहीं लेना चाहते, बल्कि इसे खरीदना चाहते हैं। कलाम साहब गिफ्ट में ग्राइंडर लेने के लिए किसी भी हाल में राजी नहीं हुए। डॉ. कलाम ने कंपनी को ग्राइंडर की कीमत 4850 रुपये का चेक दे दिया।

कंपनी ने इसे अपना सौभाग्य मानते हुए उस चेक को शानदार फ्रेम में करा कर अपने ऑफिस में लगवा लिया। उन्होंने सोचा होगा कि ऐसा शायद ही कोई होगा, जिसके पास कलाम साहब का चेक होगा। यह उनके लिए एक कीमती तोहफा था। दो महीने गुजरने के बाद भी जब चेक जमा नहीं हुआ तो एक दिन कलाम साहब के ऑफिस से कंपनी के पास फोन आया और इन्क्वायरी की गई कि अब तक चेक क्यों जमा नहीं किया गया है। कंपनी ने सच-सच सारी बात बता दी। कलाम साहब की तरफ से कंपनी से कहा गया कि या तो वह चेक को कैश कराएं या फिर अपना ग्राइंडर वापस मंगा लें।

अबुल पकीर जैनुलआब्दीन अब्दुल कलाम, जिन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से जाना जाता है, भारत के एक महान वैज्ञानिक, राजनेता और देश के पूर्व राष्ट्रपति थे। उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था। उनके पिता जैनुलआब्दीन एक साधारण स्कूल शिक्षक थे और उनकी माता आशियम्मा एक गृहिणी थीं। कलाम के परिवार ने उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत की। कलाम ने अपनी स्कूली शिक्षा रामेश्वरम से पूरी की और बाद में तिरुचिरापल्ली के सेंट जोसेफ कॉलेज में पढ़ाई की। डॉ. कलाम का सपना भारतीय वायु सेना में लड़ाकू पायलट बनने का था, लेकिन दुर्भाग्यवश यह सपना पूरा नहीं हो सका। उन्होंने प्रवेश परीक्षा में नौवां स्थान प्राप्त किया था, जबकि भारतीय वायु सेना ने केवल शीर्ष 8 उम्मीदवारों का चयन किया था। कलाम ने हार नहीं मानी और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की।

डॉ. कलाम ने करियर की शुरुआत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में एक वैज्ञानिक के रूप में की। उन्होंने भारत के पहले उपग्रह प्रक्षेपण यान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाद में, उन्होंने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) में काम किया और भारत के मिसाइल कार्यक्रम के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. कलाम को भारत के मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में भारत ने 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। 2002 में, कलाम साहब को भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया। उन्होंने छात्रों और युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. कलाम एक अच्छे लेखक और वक्ता थे। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं, जिनमें 'विंग्स ऑफ फायर' और 'इग्नाइटेड माइंड्स' प्रमुख हैं।

भू-राजनीति: बदल रहे हैं दोस्त और दुश्मन के रिश्ते

दिग्विजय सिंह
कानपुर

ज्योपॉलिटिक्स तेजी से बदल रही है। दोस्त और दुश्मन के रिश्ते भी बदल रहे हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सेनाएं आमने-सामने हैं तो बगराम एयरबेस के मुद्दे पर भारत-पाक साथ हैं।

तहरीके तालिबान पाकिस्तान के बहाने पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एयर स्ट्राइक कर युद्ध का एक नया मोर्चा खोल लिया। पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक के जवाब में अफगानी सैनिकों द्वारा किए गए हमले में पाकिस्तान के चार दर्जन से अधिक सैनिकों की मौत हुई और सात सैनिक बंधक बना लिए गए। अफगानी सैनिकों ने कई पाकिस्तानी सुरक्षा चौकियों पर कब्जा कर लिया। कतर के दबाव में फिलहाल दोनों तरफ से बंदूकें तो थम गई हैं, लेकिन जो हालात हैं, उससे नहीं लगता कि यह शांति स्थायी है। कभी भी किसी भी समय दोनों तरफ से हमले हो सकते हैं। इस संघर्ष के बाद हर किसी की निगाह सऊदी अरब पर है, क्योंकि हाल ही में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच सुरक्षा समझौता हुआ है, जिसके तहत एक देश पर हमला दोनों देशों पर माना जाएगा। ऐसे में अब सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान की सुरक्षा के लिए सऊदी अरब तालिबान से मोर्चा लेगा। वैसे सऊदी की तरफ से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

बगराम एयरबेस के बहाने अफगानिस्तान में फिर से जड़ें जमाने की कोशिश में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पाकिस्तान ने हाल ही में बड़ा झटका दिया था। भारत, रूस, चीन तो पहले से ही नहीं चाहते कि अमेरिका पुनः अफगानिस्तान में अपने कदम रखे, लेकिन पाकिस्तान ने भी इन देशों के सुर में सुर मिलाकर अमेरिका को सकते में डाल दिया था। अब अफगानिस्तान से पाकिस्तान की ठन गई है, तो अमेरिका ने भी चुप्पी साध ली है। बगराम के मुद्दे पर अमेरिका के विरोध में पाकिस्तान के कदम को रूस से रिश्ते को प्रगाढ़ करने और चीन को खुश करने के लिए लिए उठाया गया कदम माना जा रहा है। अमेरिका के साथ उसकी बढ़ती दोस्ती से चीन खफा है।

मंगलवार को अफगानिस्तान पर मॉस्को फॉर्मेट के बाद जारी बयान में अमेरिका का नाम लिए बिना ही भारत समेत 10 प्रभावशाली देशों ने अफगानिस्तान और अन्य पड़ोसी देशों में किसी दूसरे देश के सैन्य ढांचे को अस्वीकार कर दिया। इस फार्मेट पर भारत के साथ ही पाकिस्तान ने भी हमला किया है। पाकिस्तान के इस कदम से अमेरिका को बड़ा झटका लगा है। अगर बगराम एयरबेस पर अमेरिका कदम रखता है, तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान रूस, चीन और ईरान को होगा। वह यहां से जहां चीन के परमाणु ठिकानों पर निगाह रख सकेगा, वहीं आसानी से ईरान पर हमला भी कर सकेगा।

अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस पर दो दशक से अधिक समय तक अमेरिका का नियंत्रण रहा है। अगस्त 2021 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मंजूरी के बाद अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी हुई थी। इस दौरान अमेरिका ने इस एयरबेस को लावारिस छोड़ दिया था। खरबों रुपये के अत्याधुनिक हथियार, लड़ाकू विमान, तोप आदि अमेरिकी सैनिक यहीं छोड़ गए थे। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि यह एयरबेस अमेरिका के नियंत्रण में आ जाए। इसके लिए वे लगातार अलग-अलग मंचों पर अपनी इच्छा जाहिर कर चुके हैं, हालांकि अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान ने इसका विरोध किया है।

बगराम से महज दो हजार किलोमीटर दूरी पर संवेदनशील चीनी परमाणु केंद्र है। यह केंद्र लोप नूर के पास है। कोको नूर परमाणु केंद्र भी इसके काफी नजदीक है। अमेरिका इन केंद्रों पर बारीकी से नजर रखना चाहता है। चीन और तालिबान की नजदीकी किसी से छिपी नहीं है। अफगानिस्तान में लिथियम, तांबा, लोहा, सोना और यूरेनियम जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में हैं। चीन प्रशासन तालिबान के साथ मिलकर इसका दोहन करना चाहता है, इसीलिए चीन ने काबुल के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास शुरू किया है। अमेरिका यहां से रूस के मध्य एशियाई इलाकों तक सैन्य नजर रख सकता है। उत्तर में ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान, पश्चिम में ईरान, दक्षिण में पाकिस्तान और पूर्व में चीन है। पर वह बगराम से आसानी से निगरानी कर सकता है। रूस से भी अमेरिका का तनाव चल रहा है। राजधानी मास्को में मंगलवार को हुए कार्यक्रम में 10 देशों ने अमेरिका के इस कदम का विरोध किया है।

खास बात यह रही कि ऑपरेशन सिंदूर में करारी हार के बाद बार-बार हमले की गीदड़ भभकी देने वाला पाकिस्तान, भारत के साथ इस मुद्दे पर खड़ा नजर आया। पाकिस्तान लगातार अमेरिका से व्यापारिक और रक्षा सौदे करने में जुटा है। इससे चीन नाराज है। मॉस्को में आयोजित सातवें 'मॉस्को फॉर्मेट' सम्मेलन में भारत ने बगराम एयरबेस का नाम नहीं लिया पर कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता और स्थिरता सबसे पहले है। खास बात यह रही कि इस बैठक में तालिबान की तरफ से विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी भी शामिल हुए। भारत का अफगानिस्तान के समर्थन में खड़ा होना दोनों देशों के रिश्तों के लिए शुभ संकेत है। आमिर खान मुत्ताकी ने भारत के विरुद्ध किसी भी देश को अफगानिस्तान की धरती का उपयोग न होने का भरोसा दिया है, तो भारत ने भी अपने राजनयिक संबंध को पूर्ण रूप से बहाल करते हुए काबुल में दूतावास खोलने की घोषणा कर दी है।

उधर, अगर अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच यह संघर्ष युद्ध में बदलता है, तो चीन के रुख पर भी हर किसी की निगाह होगी। चीन ने दोनों देशों में भारी भरकम निवेश कर रखा है। सऊदी अरब का क्या रुख होगा यह भी खाड़ी देश जानना चाहते हैं। वैसे सऊदी अरब कभी नहीं चाहेगा कि उसके तालिबान से रिश्ते खराब हों, पर सवाल यह है कि अगर वह पाकिस्तान के समर्थन में नहीं आता है, तो फिर समझौते का क्या होगा जो हाल ही में दोनों देशों ने किया है।

आमने सामने

दुर्गापुर मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म मामला चौंकाने वाला है। हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती। वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।
-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

ममता बनर्जी एक बार फिर झूठा बयान जारी कर रही हैं, क्योंकि घटना परिसर के अंदर नहीं, कॉलेज के बाहर हुई है। यह प्रशासन की पूर्ण विफलता है। इस सरकार में जांच में दक्षता की कमी है, जो इन बलात्कारियों को प्रोत्साहित कर रही है।
-सुकांत मजूमदार, केंद्रीय मंत्री

निकोबार द्वीप परियोजना और उठते सवाल

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

'महान निकोबार द्वीप परियोजना' के तहत 75 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने जनजातियों के अस्तित्व को लेकर कुछ सवाल उठाए हैं।

'महान निकोबार द्वीप परियोजना' पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने नाराजगी जताते हुए अंग्रेजी अखबार में लेख लिखा है। उसमें उन्होंने कहा है कि शोंपेन और निकोबारी जनजातियों का अस्तित्व इस परियोजना के चलते दांव पर है। भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक विषिश्ट पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश की अनुमति नहीं दे सकती। हमें न्याय के इस उपहास और राष्ट्रीय मूल्यों के साथ इस विश्वासघात के विरुद्ध अपनी आवाज उठानी चाहिए। इसके पहले राहुल गांधी ने भी जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम को लिखे पत्र में इस परियोजना पर आपत्ति जताई थी।

दूरांचल में समुद्र तटीय क्षेत्रों में भारत विकास की दृष्टि से पीछे रहा है। उन तटीय क्षेत्रों पर भी हमने ध्यान नहीं दिया, जो आर्थिक और चीन जैसे धोखेबाज देश से चुनौती के लिए सामरिक दृष्टि से अहम हो सकते हैं। निकोबार अर्थात अंडमान-निकोबार द्वीप समूह इस नाते अछूता है। इस क्षेत्र को प्रसिद्ध सेल्यूलर जेल की वजह से जानते हैं, जो अब राष्ट्रीय स्मारक है। दूसरे, उन जनजातियों के लिए जानते हैं, जो आज भी भारत की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बन पाई हैं। नतीजतन अपनी परंपरागत प्राकृतिक अवस्था में रहकर प्रकृति के सानिध्य में ही गुजर-बसर कर रही हैं। अब इस क्षेत्र की तस्वीर बदलने जा रही है। सिंगापुर की तर्ज पर निकोबार के तट का विकास, केंद्र सरकार बड़ी मात्रा में निवेश करके 'महान निकोबार द्वीप परियोजना' (जीएनआई) के अंतर्गत कर रही है। 75 हजार करोड़ की इस बृहद परियोजना के तहत कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने की तैयारी है, हालांकि परियोजना के अमल से बड़े स्तर पर पर्यावरण को नुकसान भी होगा।

निकोबार द्वीप समूह 10 हजार 44 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। बंगाल की खाड़ी में पोत परिवहन को नया आयाम देते हुए 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से एक पोतांतरण बंदरगाह (ट्रांसशिपमेंट पोर्ट) का निर्माण करने की योजना प्रस्तावित है। यह बंदरगाह विकास से जुड़ी गतिविधियों के बड़े केंद्र के रूप में विकसित होगा। इस बंदरगाह को समुद्री जल मार्ग की प्रमुख गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। वैसे भी यह क्षेत्र दुनिया के कई पोतांतरण बंदरगाहों की तुलना में काफी प्रतिस्पर्धा दूरी पर स्थित है। बदलती जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में पूरी दुनिया यह मानकर चल रही है कि जिस देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों का नेटवर्क और कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, 21वी सदी के व्यापार में वही देश अग्रणी रहेंगे। ऐसे में इस दूरांचल में ढांचागत सुविधाएं बढ़ेंगी तो अंचल का विकास तो होगा ही, अन्य भारतीयों से समरसता भी बढ़ेगी। बड़ी नदियों से मछली पकड़कर गुजारा करने वाले भी करीब तीन करोड़ मछुआरे हैं। अंडमान-निकोबार क्षेत्र में तटवर्ती मछुआरों को इस क्षेत्र के विकास का सीधा लाभ मिलेगा। मछली और सीवीड का कारोबार बढ़ेगा, जिससे इस समुदाय की समृद्धि बढ़ेगी।

महान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का निकोबार क्षेत्र आरक्षित जैवमंडल (बायोस्फीयर) क्षेत्र में आता है। इसे 2013 में विशेष जैवमंडल का दर्जा दिया गया था। भारत में कुल 18 जैवमंडल क्षेत्र हैं, उनमें से एक निकोबार जनजातीय (आदिवासी) आरक्षित वन-भूमि की श्रेणी में है। इस समुद्री क्षेत्र में विशेष प्रजाति के लैदरबैक कछुए, खारे पानी में रहने वाले मगरमच्छ, निकोबारी केकड़े खाने वाले मकाक और प्रवासी पक्षी शामिल हैं, जिनका इस बहुआयामी विकास परियोजना से प्रभावित होना तय है। निर्माणाधीन पोतांतरण टर्मिनल, ऊर्जा संयंत्र, हवाई अड्डा और आवासीय भवन भी बनाए जा रहे हैं। उत्तरी और मध्य अंडमान के बीच सड़क सुविधा को बेहतर बनाने के लिए दो बड़े पुल निर्माणाधीन हैं और यहां के राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस सभी परियोजनाओं के लिए जो भूमियां अधिसूचित की गई हैं, उन पर खड़े 8,52,000 पेड़ों को भी काटा जाना है।

इस कारण पर्यावरणविद् यह आशंका जता रहे हैं कि इससे यहां के प्राचीन वर्षा वनों को भारी क्षति होगी। इन्हें हानि होगी तो कई दुर्लभ प्राणी व वनस्पतियों की प्रजातियां और इस भू-भाग का मानसून भी प्रभावित होगा। यही नहीं निकोबार द्वीप समूह में गिनती के रह गए जो जनजातीय समूह आदिम अवस्था में रहते हैं, उनका नैसर्गिक जीवन भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इनमें शोंपेन और निकोबारी वनवासी जनजातियां शामिल हैं। इनकी संख्या करीब 1761 है।

निकोबार में एक विशेष प्रजाति का नहीं उड़ सकने वाला पक्षी मेगापॉड का भी घर है। इनके कुल 51 घोंसले हैं, जिनमें से 30 पूरी तरह नष्ट कर दिए जाएंगे। दरअसल, यह विकास गलाथि खाड़ी और कैंपबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यानों की दस किमी परिधि में होना है, जो पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, हालांकि भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और अंडमान-निकोबार प्रशासन के वन एवं पर्यावरण विभाग ने दावा किया है कि परियोजना से वन और प्राणियों को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। मैंग्रोव वृक्षों के संरक्षण और दस हेक्टेयर में फैली मूंगा चट्टानों की 20,668 बस्तियों में से 16,150 बस्तियों की सुरक्षा मूल स्थान से खिसकाकर की जा रही है।

सोशल फोरम

चिड़ियों का प्रोटेस्ट

देश के एक विख्यात और वरिष्ठ पत्रकार सईद नकवी का मानना है की गाजा और इजरायल शांति समझौते की सबसे बड़ी वजह यूरोप और पूरे विश्व में (भारत को छोड़ कर) युद्ध को रोकने और शांति को स्थापित करने के लिए चले विशाल जन आंदोलन हैं। करोड़ों लोग प्रदर्शन करते सड़कों पर उतर आए थे और सरकारों को अपना अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा था।

असगर वजाहत
चर्चित साहित्यकार

लोकतंत्र में जनमत से बड़ी कोई शक्ति नहीं है, और जनमत बनाने तथा लोगों तक जानकारी पहुंचाने का सबसे बड़ा माध्यम मीडिया/सोशल मीडिया है, लेकिन दुख की बात है कि हमारे कुछ बुद्धिजीवी सोशल मीडिया को महत्व नहीं देते।

बोलने का असर सिर्फ इंसानी समाज पर ही नहीं बल्कि जानवरों और चिड़ियों पर भी पड़ता है।

एक सच्ची घटना बताता हूं, जिस पर मैंने एक छोटी कहानी भी लिखी है।

दूसरी मंजिल पर मेरा फ्लैट था। वहां से एक पेड़ पर लगा चिड़िया का घोंसला दिखाई देता था। चिड़िया ने अंडे दिए थे।

एक दिन मैंने देखा कि एक बिल्ली पेड़ पर चढ़ रही है। निश्चित रूप से उसका इरादा चिड़िया के अंडे खाना था।

चिड़िया ने यह देख लिया और वह बिल्ली के ऊपर उड़ कर ची-ची करने लगी।

थोड़ी देर में दो-चार चिड़िया वहां और आ गईं और वह भी बिल्ली के सिर पर मंडरा कर ची-ची करने लगीं। बिल्ली उनकी परवाह के बिना पेड़ पर चढ़ती रही, लेकिन धीरे-धीरे चिड़ियों की तादाद और आवाज इतनी तेज हो गई कि बिल्ली रुक गई और नीचे उतरने लगी।

बोलिए, लिखिए और बताइए, नहीं तो आप गूंगे, बहरे और अंधे हो जाएंगे।

-फेसबुक वाल से

सामयिकी

'सोने के पिंजरे में कैद' राज्यपाल की पीड़ा

अमरपाल सिंह वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कल जयपुर में एक पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान जो कहा, वह केवल एक बुजुर्ग नेता का आत्म संवाद मात्र नहीं है, बल्कि इससे एक राज्यपाल के रूप में तमाम तामझाम के बीच रहकर भी अकेलापन महसूस कर रहे नेता का दर्द झलकता है। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान पद से नहीं, जनता के बीच रहने वाले कार्यकर्ता के रूप में होनी चाहिए। पद आज है, कल चला जाएगा, लेकिन कार्यकर्ता की पहचान कोई नहीं मिटा सकता। मैं महामहिम बन गया तो क्या जनता से दूर हो जाऊं। कार्यकाल खत्म होते ही मैं फिर से कार्यकर्ता हो जाऊंगा। सबको लगता है कि राज्यपाल बनकर मेरे मजे हैं, लेकिन मुझे तो सोने के पिंजरे में कैद कर दिया गया है।

राज्यपाल कटारिया का यह कथन केवल किसी व्यक्ति की निजी व्यथा नहीं है, बल्कि यह उस पूरे दौर की आत्म स्वीकृति है, जिसने राजनीति को सेवा से सत्ता में और जन संवाद को जन प्रबंधन में बदलते हुए देखा है। इस वक्तव्य में उस व्यक्ति का दर्द है, जिसने एक शिक्षक के रूप में, स्वयंसेवक के रूप में, कार्यकर्ता, विधायक और मंत्री के रूप में, यानी जिंदगी के हर पड़ाव पर जनता से सीधा रिश्ता बनाया। उन्होंने वह दौर देखा है, जब राजनीति में प्रवेश का अर्थ पद प्राप्ति की लालसा न होकर जनसेवा का संकल्प होता था, जब नेताओं के दरवाजे बिना किसी अपॉइंटमेंट के खुले रहते थे।

जयपुर में कटारिया जब कह रहे थे कि पद आज है, कल चला जाएगा, तो वे हमें उस मूलभूत सच्चाई की याद दिला रहे थे कि सत्ता अस्थायी होती है, पर सेवा स्थायी, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि मौजूदा राजनीति इस सत्य को भुला बैठी है। अब पद ही पहचान बन गया है और जनता से रिश्ता केवल औपचारिकता का प्रतीक बनकर रह गया है। नेताओं और जनता के बीच संवाद का जो पुल कभी लोकतंत्र की जान हुआ करता था, वह अब सुरक्षा घेरे, नौकरशाही की परतों और ट्रांसफर-पोस्टिंग की फाइलों में टूट चुका है। राजनीति की भाषा में 'सेवा' का स्थान 'प्रबंधन' ने ले लिया है।

कटारिया ने भाषण के दौरान पूछा, "मैं महामहिम बन गया तो क्या जनता से दूर हो जाऊं? उनका यह सवाल केवल एक वाक्य नहीं बल्कि उस असहजता का प्रतीक है, जो हर सच्चे कार्यकर्ता के भीतर तब जन्म लेती है, जब उसे सत्ता के ऊंचे पदों पर आसीन कर दिया जाता है। पद की गरिमा और मर्यादा जरूरी है, लेकिन जब यह आम आदमी से संवाद में बाधक बन जाती है, तो लोकतंत्र की आत्मा घुटने लगती है।"

कटारिया जिस सोने के पिंजरे की बात करते हैं, वह 'सोने का पिंजरा' वास्तव में उस स्थिति का परिचायक है, जिसमें बाहरी वैभव है, लेकिन भीतर सन्नाटा पसरा है। उसमें चमक है, लेकिन प्राणवायु नहीं। मर्यादा है, पर जीवंतता का नितांत अभाव है। कटारिया की यह पीड़ा केवल व्यक्तिगत नहीं है। यह नेताओं की उस पीढ़ी की पीड़ा है, जिसने राजनीति को हमेशा सेवा समझा, धंधा नहीं बनाया। यह पीढ़ी मानती थी कि नेता जनता से ताकत लेता है, लेकिन जनता पर शक्ति नहीं दिखाता। नेताओं की यह पीढ़ी दरी बिछाने में शर्म नहीं करती थी, लेकिन लोकतंत्र की आत्मा को जीवित रखती थी। पर अब दौर बदल चुका है। किसी भी दल को देख लीजिए, आज उसका कार्यकर्ता व्यवस्था के किनारों पर खड़ा उपेक्षित महसूस कर रहा है, इसीलिए दलगत राजनीति भी अब जनता के बीच से नहीं, सत्ता के गलियारों से संचालित होती दिखाई देती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

कला और सौंदर्य की मिसाल है ओरछा का किला

हर किले का अपना अलग रूप और सौंदर्य होता है। यह अपने अंदर सिर्फ इतिहास ही नहीं समेटे रहते हैं, बल्कि इसमें कला के भी दीदार होते हैं। इन कलाकृतियों का सौंदर्य ही अनोखा नहीं है, बल्कि इसका भी अपना इतिहास और परंपरा है। ओरछा का किला भी कुछ ऐसा ही है। अपने अंदर बहुत नायाब सौंदर्य समेटे हुए। मध्य प्रदेश के ओरछा को भगवान राम की नगरी कहा जाता है। यहां के राजा राम हैं। इसलिए राम राजा मंदिर में प्रभु को सुबह शाम गार्ड ऑफ ऑनर देने की परंपरा है। ओरछा का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रही है। आज भी यहां के किले को देखने और राजा राम के दर्शन को भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया से पर्यटक आते हैं। यहां के किले आज भी अपने गौरवशाली इतिहास की कहानी कहते हैं।

उमंग अग्रवाल
कानपुर

16 वीं शताब्दी में बसा ओरछा शहर

ओरछा शहर की स्थापना 16वीं शताब्दी में हुई थी। बुंदेला महाराजा रुद्र प्रताप सिंह ने इस शहर की नींव 1501 में रखी थी। महाराजा रुद्र प्रताप सिंह ने महल का निर्माण शुरू कराया था, लेकिन यह उनके जीवन काल में पूरी तरह बनकर तैयार नहीं हो पाया। उनके बेटे भारतीचंद ने राजा महल का निर्माण पूरा कराने की कोशिश की पर वे भी इसमें सफल नहीं हुए। बाद में उनके बेटे मधुकर शाह ने महल को पूर्ण निर्माण 1531 में करवाया। महल के अंदर बुंदेली चित्रकारी के अद्भुत और नायाब नमूने देखने को मिलते हैं। कमरों में रामायण से संबंधित चित्र हर किसी को आकर्षित करते हैं।

नृत्यांगना के नाम पर भी एक महल

महाराज रुद्रप्रताप सिंह के वंशज राजा इंद्रसेन ने उस समय की मशहूर नृत्यांगना राय प्रवीण के सम्मान में एक महल की स्थापना कराई थी। इस महल को राय प्रवीण महल के नाम से लोग जानते हैं। यहां उकेरी गईं नृत्य की मुद्राएं यह दर्शाती हैं कि राजा नृत्य और संगीत को कितना बढ़ावा देते थे। बताते हैं कि शहंशाह अकबर को जब पता चला, तो उन्होंने राय प्रवीण और उनके गुरु केशवदास को दिल्ली स्थित महल बुलाया। जब राय प्रवीण ने देखा कि शहंशाह अकबर को उनके प्रति आसक्ति हो रही है, तो उन्होंने सांकेतिक रूप से गीत के जरिए उन्हें बताया कि मैं किसी और की प्रिय हूं। इसलिए उनका उपयोग करना आपकी गरिमा के अनुकूल नहीं होगा। इसके बाद शहंशाह अकबर ने राय प्रवीण को पूरे सम्मान के साथ ओरछा भेज दिया था।



यहां जहांगीर भी एक रात ठहरे

ओरछा के किले पर मुगलों की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। 1605 से लेकर 1627 तक बीरसिंह देव यहां के राजा थे। राजा बीर सिंह देव और मुगल बादशाह जहांगीर के बीच गहरी दोस्ती थी। महाराज ने अपने दोस्त जहांगीर के लिए महल की स्थापना कराई थी। इस महल में जहांगीर भी रुके। इसकी कलाकारी और भव्यता देखते ही बनती है। बीर सिंह के बेटे जुझार सिंह और जहांगीर के बेटे शाहजहां के बीच जब मनमुटाव हुआ तो शाहजहां ने जुझार सिंह से दिखावटी रिश्ता बनाया। जुझार सिंह और उनके छोटे भाई हरदौल सिंह के बीच दरार डाल दी। जुझार सिंह ने शाहजहां के कहने पर ही अपनी पत्नी से हरदौल की हत्या करा दी थी। रानी ने खीर में जहर डालकर हरदौल को खिला दिया था। कहा जाता है कि हरदौल अपनी भाभी से बहुत प्रेम करता था, लेकिन पति के कहने पर महारानी ने अपने देवर को मौत की नींद सुला दिया।

राजा बीर सिंह ने दतिया में बनवाया महल

दतिया जिले में स्थित सतखंडा महल पहाड़ पर स्थित है। यह महल राजपूत वास्तुकला और मुगल वास्तुकला का प्रतिनिधित्व करता है। ओरछा के राजा बीर सिंह देव द्वारा स्थापति किए गए 52 महलों में से एक है। सतखंडा महल अपनी अद्भुत कला के लिए प्रसिद्ध है। इस महल में 440 कमरे हैं। 1620 में ओरछा के राजा बीर सिंह ने इस महल की स्थापना की थी। इस सात मंजिला महल के निर्माण में न तो लकड़ी और न ही लोहे का इस्तेमाल किया गया है। यह सिर्फ पत्थर और ईंटों से बनाया गया है। मजबूती का प्रमाण यही है कि यह 1620 से आज तक खड़ा है और पर्यटकों को लुभा रहा है। इस सात मंजिला खूबसूरत इमारत को केवल एक रात में रुकने के लिए ही इस्तेमाल किया जाता है। राजा बीर सिंहदेव को दतिया जिला उपहार में मिला था।

कहानियों के देश में रंगकर्म

हम कहानियों का देश हैं। हम हमेशा से कहानियां सुनते-सुनाते आए हैं। दादी-नानी की कहानियां, या फिर गांव की चौपाल पर बैठकर बड़े-बूढ़ों की कहानियां। कोई तमाशा आया तो हमने उसमें भी कहानी सुनी। हर बरस होने वाली रामलीलाओं में हमने राम-रावण की कहानी सुनी।

हमारे देश में बरसों से कहानियां कही और सुनी जा रही हैं। गली-मोहल्लों, चौबारों और चौपालों से होती हुई ये कहानियां मंच तक आईं। संगीत, प्रकाश, वस्त्र-परिधान, उच्च अभिनय और उत्कृष्ट निर्देशनों से जब ये कहानियां सजाई गईं तो जैसे जादू हो गया। लोगों के दिल-दिमाग पर जैसे कोई नशा तारी हो गया। कोई चमत्कार जैसे किसी को बांध लेता है, उसी तरह रंगमंच ने अपने दर्शकों, अपने चाहने वालों को बांध लिया। एक लंबी परंपरा चल पड़ी।

लव तोमर
रंगकर्मी

एक दौर में, जब सिनेमा उतना हावी नहीं था, लोगों के पास मनोरंजन के साधन के रूप में केवल रंगमंच या मंच पर प्रदर्शित होने वाली कलाएं ही थीं। तब हम वे कहानियां कह रहे थे जो लोगों की कहानियां थीं। लोग उनसे जुड़ते थे। वे अपने आपको उन नाट्य-प्रदर्शनों में खोजते थे और खोज लेने पर उनसे जुड़कर हंसते थे, रोते थे, साथ में गाते थे।

समय बदला। दर्शक और निर्देशक, एक ही तरह के काम बनाकर और देखकर ऊबने लगे। तब जरूरत महसूस हुई नए प्रयोगों की, जो समय की मांग को देखते हुए बड़े अभिनेताओं और निर्देशकों द्वारा किए भी गए। कुछ सफल हुए, कुछ असफल भी। एक संतुलन चाहिए था, जिसमें नई कहानियों या फिर पुराने नाटकों पर नए प्रयोग किए जाते, लेकिन प्रयोगों की अंधाधुंध दौड़ ने संतुलन बिगाड़ दिया। कहानियां नाटकों से इस तरह गायब हो गईं जैसे कभी थीं ही नहीं। बचे रह गए केवल खोखले प्रयोग, अवसादों से भरे अभिनय, शून्य में देर तक बिना भाव या बेहोशी से ताकते हुए अभिनेता, ऊल-जलूल आवाजें, चीख-चिल्लाहट।

वर्तमान समय में हम देखते हैं कि निर्देशकों की 'कुछ नया करने', 'कुछ अलग करने' की हवस ने कहानियों को कहीं बहुत पीछे छोड़ दिया है। प्रयोग, जो रंगमंच के लिए वरदान की तरह प्रकट हुए थे, धीरे-धीरे कब श्राप में बदल गए, यह न तो दर्शक भांप पा रहे हैं, न निर्देशक, लेकिन इनका असर दिख रहा है-नाटकों के प्रदर्शनों में दर्शकों की लगातार गिरती संख्या इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। ऑडिटोरियमों (नाट्यगृहों) में अब आपको दर्शक के रूप में ज्यादातर या तो आलोचक दिखाई देंगे, या फिर रंगकर्मी और कुछ दर्शक। इन 'महान प्रयोगों' वाले नाटकों में यदि आपको कुछ समझ न आए, तो गलती नाटक की नहीं, आपकी है। जैसा कि हरिशंकर परसाई जी ने कहा है- "जो समझ न आए, वो और पवित्र होता है।"

अब अपने मन के अवसादों और असुरक्षाओं को निर्देशकों और अभिनेताओं ने मिलकर मंच पर परोसना शुरू कर दिया है। इस सबमें से लेखक और उसकी लिखी गई कहानी को नाटक के लिए अब न तो ज़रूरी समझा जाता है, न ही कोई उसकी बात करता है। हिंदी रंगमंच में उच्च-स्तरीय नाटकों की कमी का मुख्य कारण लेखकों की लगातार होती उपेक्षा भी है।

आधुनिक समय में, जब स्क्रीन मनोरंजन इतना अधिक बढ़ गया है, तब यह कहा जा सकता है कि रंगमंच और लाइव आर्ट्स का भविष्य उज्ज्वल है, ख़ासकर नाटकों का, क्योंकि एक समय के बाद लोगों को स्क्रीन से ऊब होगी, रोज बनते सिनेमा से ऊब होगी, रील्स और यूट्यूब वीडियो से ऊब होगी। तब मानव-मन लौटेगा वापस उस खोज में, जहां वह खोजेगा इंसान का इंसान से सीधा कलात्मक संपर्क।

तब हमें कहानियों की ज़रूरत होगी। हमें जरूरत होगी प्रयोगों के साथ फिर से कहानियां कहने की। हमें समझना होगा कि दर्शक अपने अभिनेता के साथ रोना, हंसना, प्रेम करना, किसी सुंदर कहानी का किरदार बनकर खुद को भूल जाना चाहता है। नाटक देखते हुए वह डेढ़ से दो घंटे अपनी दुनिया से परे कहीं चले जाना चाहता है। वह तैयार है आपके साथ यात्रा करने को, लेकिन क्या हम तैयार हैं? यदि उत्तर 'न' में है, तो हमें तैयारियां करनी होंगी, इससे पहले कि देर हो जाए।

रंगकर्म को लेकर देश, शहर, राज्य में यदा-कदा कुछ-न-कुछ कार्यक्रम होते रहते हैं, जिनका उद्देश्य या तो दिखावा होता है, जिससे सरकारी मदद लेकर रंगकर्म के नाम पर किया जाए, या फिर आत्म केंद्रित होकर खुद ही खुद को प्रसन्न करने का आडंबर।

समय आ गया है कि हम इस जड़ता को तोड़ें। रंगकर्म को नई ऊर्जा देने के लिए ज़्यादा से ज्यादा युवाओं को इसमें शामिल किया जाए। उन्हें बागडोर दी जाए, मौका दिया जाए, स्थान और सम्मान दिया जाए। नई पीढ़ी न केवल नई दृष्टि लेकर आती है, बल्कि वह उन प्रश्नों के स्थायी समाधान की भी संभावना रखती है, जो बरसों से रंगकर्म को घेरे हुए हैं। जैसे जीविका, संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता के प्रश्न।

आधुनिकता लील गई कला और धरोहर

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार मतलब उल्लास। इस उल्लास में कला का बड़ा ही महत्व था। किसी भी त्योहार को ले लीजिए, उसमें आपको हर स्तर पर कला का समावेश मिलेगा। कहीं घर और जमीन पर सुंदर रंगोली और कलाकृतियां उकेरी जाती हैं तो दीपावली जैसे त्योहारों में भी दीवारों की रंगाई-पुताई कर उस पर सुंदर चित्र उकेरे जाते थे। जमीन पर रंगोली बनाई जाती थी। तमाम तरह आकार-प्रकार के दीये बनाए जाते थे। अहम यह था कि इन सारे ही कामों में सभी की सहभागिता होती थी। लोगों को रोजगार मिलता था। त्योहारों की अर्थ व्यवस्था कुछ ऐसी थी कि सभी के घर दीपावली की खुशहाली बराबर से रहती थी। दौर बदल गया है। पुराना कहकर नई जनरेशन ने परंपराओं और मान्यताओं को किनारे कर दिया है।

ऋतु चौधरी
लेखिका

कभी दीपावली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि पूरे जीवन का उत्सव हुआ करती थी। त्योहार आते ही घरों में हर्ष की लहर दौड़ जाती थी। बच्चे से लेकर बड़ों तक सब किसी न किसी तैयारी में जुट जाते थे। घरों की दीवारें, आंगन, गलियां सब अपनेपन की महक से भर उठती थीं। वह समय था जब त्योहार खरीदे नहीं जाते थे, बल्कि जीए जाते थे।

घर-आंगन की रौनक और मिट्टी की खुशबू

दीपावली से महीनों पहले ही घरों की लिपाई-पुताई शुरू हो जाती थी। दीवारें गोबर, लाल मिट्टी, गेरू और चुने से रंगी जाती थीं। महिलाएं अपने हाथों से आंगन में रंग-बिरंगे चित्र बनाती थीं। कहीं कमल खिला होता, कहीं मोर नाचता, तो कहीं पत्तियों और बेलों की लहराती सजावट होती। इन कलात्मक रचनाओं के लिए कोई प्रशिक्षण केंद्र नहीं था, न ही कोई 'आर्ट क्लास'। यह कला तो मां से बेटी और भाभी से ननद तक, स्नेह और अनुभव के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होती थी। हर घर में कला थी, हर दीवार में स्नेह।

बाजार ने खत्म की कला की जीवंतता

बाजार त्योहारों पर हावी हो गए हैं। इसमें कला कब मर गई पता भी नहीं चला। बाजार ने हमारी परंपराओं को धीरे-धीरे निगल लिया। अब त्योहारों की तैयारी दुकानों और ऑनलाइन स्टोर्स पर पूरी होती है। न घर की लिपाई-पुताई के रंग हैं, न मिट्टी की खुशबू। बाजारीकरण ने उत्सवों को उत्पाद बना दिया है। दीये अब प्लास्टिक या बिजली के हो गए हैं, मिठाइयां डिब्बों में पैक होकर आती हैं। घरों में रौनक अब रोशनी की नहीं, एलईडी की चमक की हो गई है।

कुम्हारों का मौसम और दीयों की लौ

गांवों में कुम्हारिन नानी महीनों पहले से मिट्टी जमा करती थीं। उनके हाथों से गढ़े सैकड़ों दीये घर-घर की रौनक बनते थे। बाजारों और हाटों में दीयों की पंक्तियां सजी होती थीं। मिट्टी के ये दीपक न केवल घर को रोशन करते थे, बल्कि श्रम, परंपरा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी थे। दीवाली से पहले के दिन कुम्हारों, रंगसाजों और बनिया के लिए उत्सव जैसे होते थे। हर कोई किसी न किसी रूप में त्योहार का हिस्सा था। कोई दीप बनाता, कोई मिठाई, कोई सजावट।

मां अन्नपूर्णा की चतुराई और सहेजने की परंपरा

उस समय घरों में गाय-भैंसें होती थीं, दूध की कोई कमी नहीं। पर त्योहारों के खर्चे का हिसाब बड़ी चतुराई से घर की महिलाएं संभालती थीं। वे रोजमर्रा के उपयोग से थोड़ा दूध बचा लेतीं, दही और मावा तैयार करतीं और त्योहार के दिन वही स्वादिष्ट पकवान बनते। जलेबी, गुझिया, मठरी, चिरौंजी का हलवा और खुरमा। स्त्रियां केवल घर की रसोइया नहीं थीं, वे तो संस्कृति की संरक्षिका थीं। उनका हर काम परिवार के सुख और उत्सव से जुड़ा था। सच ही कहा गया है। मां अन्नपूर्णा की उपाधि यूं ही नहीं दी गई।

बाजार	सेंसेक्स	निफ्टी
बंद हुआ	82,029.98	25,145.50
गिरावट	297.07	81.85
प्रतिशत में	0.36	0.32

सोना 1,30,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,85,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

एलजी के शेयर 48% बढ़त के साथ बंद

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के शेयर ने मंगलवार को बाजार में शानदार शुरुआत की और 1,140 रुपये प्रति के निर्गम मूल्य के मुकाबले 48 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर 50.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,715 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, यह 52.31 प्रतिशत उछलकर 1,736.40 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में 48.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,689.40 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर ने 50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,710.10 रुपये शुरुआत की। अंत में 48.23 प्रतिशत चढ़कर 1,689.90 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन सुबह के कारोबार में 1,14,671.81 करोड़ रुपये रहा। दिन में मात्रा के संदर्भ में बीएसई पर कंपनी के 78.56 लाख शेयर और एनएसई पर 687.94 लाख शेयर का कारोबार हुआ।

फिक्की के अगले अध्यक्ष होंगे अनंत गोयनका

नई दिल्ली। उद्योग मंडल फिक्की ने मंगलवार को आरपीजी समूह के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका को 2025-26 के लिए अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। फिक्की ने कहा कि फिलहाल संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोयनका अगले महीने के अंत में होने वाली वार्षिक आम बैठक के बाद हर्षवर्धन अग्रवाल की जगह अध्यक्ष पद संभालेंगे। आरपीजी समूह पांच अरब डॉलर का विविधीकृत समूह है। इसका कारोबार टायर, बुनियादी ढांचा, औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में फैला हुआ है। वह इसके पहले प्रमुख टायर विनिर्माता सिएट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) रह चुके हैं।

सीतारमण किसान केंद्रों का करेंगी उद्घाटन

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार से कर्नाटक के चार दिवसीय दौरे पर हैं। वह किसान प्रशिक्षण केंद्रों और कृषि प्रसंस्करण के लिए साझा सुविधा केंद्रों का उद्घाटन करेंगी। सीतारमण के कार्यालय ने एक्स पर लिखा कि अपनी यात्रा के दौरान, मंत्री उन युवाओं से भी बातचीत करेंगी जो पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत शामिल हुए हैं। राज्यसभा में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाली सीतारमण चिलवाडगी गांव में मुरमुरे की एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) इकाई का भी दौरा करेंगी।

मांग बढ़ने से बढ़ा रत्न-आभूषण का निर्यात

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सितंबर में निर्यात 6.5% बढ़कर 2.9 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने मंगलवार को कहा कि त्योहारी और शादी-ब्याह के मौसम में मांग बढ़ने से वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सितंबर में कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात 6.55 प्रतिशत बढ़कर 2,914.29 करोड़ डॉलर (25,737.50 करोड़ रुपये) का हो गया।

जीजेईपीसी ने कहा कि सितंबर, 2024 में रत्न एवं आभूषण निर्यात 2,735.26 करोड़ डॉलर (22,925.81 करोड़ रुपये) का रहा था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में, कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात में 3.66% की वृद्धि देखी गई और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 13.60 अरब डॉलर की तुलना में 14.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा कि इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में उद्योग में सुधार के उत्साहजनक संकेत दिखाई दे रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग और ब्रिटेन जैसे प्रमुख बाजारों में रत्न एवं आभूषण उत्पादों की मांग मजबूत हुई है और निर्यात में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। प्रवासी भारतीयों के बीच आगामी त्योहारी और शादी-ब्याह के मौसम के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में छुट्टियों के मौसम की मांग से आने वाली तिमाही में इस सकारात्मक गति के बने रहने की उम्मीद है। जीजेईपीसी के अनुसार, भारतीय रत्न एवं आभूषण निर्यात के लिए एक प्रमुख गंतव्य - अमेरिका - को शुल्क संबंधी कारकों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2025 की अप्रैल-सितंबर अवधि के लिए, अमेरिका को कुल निर्यात 40.28% घटकर 277 करोड़ 6.6 लाख डॉलर रह गया, जबकि तराशे और पॉलिश किए हुए हीरों का निर्यात 53.62% घटकर 117 करोड़ 50.9 लाख डॉलर रह गया।

भंसाली ने कहा कि जीजेईपीसी सरकार के साथ निकट समन्वय में है क्योंकि अमेरिकी बाजार को आपूर्ति करने वाले निर्यातक और निर्माता मौजूदा शुल्क स्थिति के कारण काफी तनाव का सामना कर रहे हैं। हम इस क्षेत्र को स्थिर करने के लिए राहत-उन्मुख उपायों की वकालत करने के लिए सरकार के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

मोबाइल फोन निर्यात 95% चढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। देश का मोबाइल फोन निर्यात सितंबर में सालाना आधार पर 95% चढ़कर 1.8 अरब डॉलर से अधिक हो गया। उद्योग निकाय आईसीईए ने मंगलवार को अनुमानित आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी। 'इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन' (आईसीईए) ने कहा कि अगस्त एवं सितंबर महीने उत्पादन समायोजन और मौसमी आपूर्ति चक्र के कारण पारंपरिक रूप से निर्यात के लिहाज से सुस्त माने जाते हैं। लेकिन इस बार का मजबूत प्रदर्शन देश में विकसित हुए मजबूत मोबाइल फोन विनिर्माण पारिस्थितिकी को दर्शाता है। संघ ने कहा कि अप्रैल-सितंबर के दौरान मोबाइल फोन निर्यात अनुमानित रूप से 13.5 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 8.5 अरब डॉलर था। यह 60% से अधिक की वृद्धि है। यह दर्शाता है कि भारत का मोबाइल फोन निर्माण क्षेत्र निरंतर पैमाना, दक्षता एवं विश्वसनीयता के तीन स्तंभों पर टिके हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार है। अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड और ब्रिटेन को भारत में निर्मित मोबाइल फोन का प्रमुख रूप से निर्यात होता है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अमेरिका को 9.4 अरब डॉलर का फोन निर्यात होने का अनुमान है, जो पिछले साल इसी अवधि में 3.1 अरब डॉलर था। इसमें सालाना आधार पर 200% की वृद्धि दर्ज की गई। कुल फोन निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत रही जबकि पिछले साल यह 37 प्रतिशत थी। आईसीईए ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के मोबाइल फोन निर्यात के 35 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

एमईडीएफ में भुगतान के बाद जमे मांस के निर्यात की अनुमति

ठंडा और जमे हुए मांस उत्पादों के निर्यात को वाणिज्य मंत्रालय की इकाई एपीडा द्वारा प्रबंधित मांस निर्यात विकास कोष (एमईडीएफ) में भुगतान के बाद ही अनुमति दी जाएगी। यह निर्णय 29 अक्टूबर, 2025 से लागू होगा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) देश के कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात से संबंधित मुद्दों की देखता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि ठंडे और जमे हुए मांस उत्पादों के निर्यात की अनुमति, केवल एपीडा द्वारा संचालित मांस निर्यात विकास कोष (एमईडीएफ) में धन भेजने पर ही दी जाएगी। पशु उत्पादों का निर्यात भारतीय कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। पशु उत्पादों के निर्यात में भैंस का मांस, भेड़/बकरी का मांस, पॉल्ट्री उत्पाद, पशु आवरण, दूध और दुग्ध उत्पाद और शहद शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में देश का पशु उत्पादों का निर्यात 4.5 अरब डॉलर का हुआ था।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मुद्राकोष ने बढ़ाकर किया 6.6%

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6% कर दिया। इससे पहले इसके 6.4% रहने का अनुमान लगाया था।

पहली तिमाही में मजबूत आर्थिक वृद्धि के साथ यह अनुमान बढ़ाया गया है, जो अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को सीमित करेगा। हालांकि, मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अपनी ताजा विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में 2026-27 के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 0.2% घटाकर 6.2% कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि जुलाई के विश्व आर्थिक परिदृश्य की अद्यतन रिपोर्ट की तुलना में, 2025 के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। इसमें पहली तिमाही की मजबूत वृद्धि जुलाई से भारत से आयात पर अमेरिकी शुल्क दर में वृद्धि की भरपाई से कहीं अधिक है। इसके साथ 2026 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम किया गया है।

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इससे पहले 6.4 प्रतिशत रहने का लगाया था अनुमान

उल्लेखनीय है कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल-जून में 7.8 प्रतिशत रही, जो पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। इस महीने की शुरुआत में विश्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.3 से बढ़ाकर 6.5% किया था। साथ ही कहा था कि देश सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ ने जुलाई में भारत की आर्थिक वृद्धि के अपने अनुमान को संशोधित कर 2025 और 2026 दोनों के लिए 6.4 प्रतिशत कर दिया था।

परमाणु ऊर्जा में वृद्धि को कानून में बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की समिति ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विधायी संशोधनों से लेकर देश में यूरेनियम उत्पादन बढ़ाने समेत कई उपायों की सिफारिश की है। ये उपाय न केवल परमाणु क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करेंगे, बल्कि ऐसी परियोजनाओं की स्थापना के लिए आवश्यक मंजूरी में तेजी लाने में भी मदद करेंगे।

विद्युत मंत्रालय ने फरवरी में '2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक समिति का गठन किया था।

- यूरेनियम उत्पादन बढ़ाने समेत कई उपायों की सिफारिश

समिति ने 2047 तक 100 गीगावाट का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी पहलुओं पर कई दौर की चर्चा की है और लक्ष्य के सामने आने वाली चुनौतियों की पहचान करने के साथ उन्हें कम करने के लिए आवश्यक उपायों की सिफारिश की है। देश में वर्तमान में स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 8.88 गीगावाट है।

समिति का अनुमान है कि 100 गीगावाट क्षमता प्राप्त करने के लिए 19 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी। परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 (सीएलएनडीए) में संशोधन, आवश्यक निजी पूंजी लाने और आपूर्तिकर्ताओं एवं संभावित निवेशकों की जोखिम धारणा को कम करने के लिए आवश्यक होंगे। परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 वर्तमान में परमाणु परियोजनाओं में निजी क्षेत्र और यहां तक कि राज्य सरकारों की भागीदारी की भी अनुमति नहीं देता है।

कीमतों में नरमी से थोक महंगाई घटकर 0.13 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य पदार्थों, ईंधन एवं विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बीच सितंबर में थोक मुद्रास्फीति (महंगाई) घटकर 0.13% रह गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी दी गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति पिछले साल अगस्त में 0.52% और सितंबर में 1.91% थी।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतें सितंबर में 5.22% कम हुईं जबकि अगस्त में यह आंकड़ा 3.06% था। सब्जियों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। सब्जियों की कीमत सितंबर में 24.41% घटी जबकि अगस्त में यह 14.18% कम हुई थी। विनिर्मित उत्पादों के मामले में महंगाई अगस्त के 2.55% के मुकाबले घटकर 2.33% रह गई। ईंधन और बिजली की कीमतें सितंबर में 2.58% कम हुईं जबकि पिछले महीने इनमें 3.17% गिरावट आई थी।

वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री आस्था गुडवानी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में सामान्य रूप से कमी के कारण थोक महंगाई के लंबे समय तक कम बने रहने की उम्मीद है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट निदेशक पारस जसराय ने कहा कि सितंबर, 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति बढ़कर 31 महीने के उच्चस्तर 1.9% पर पहुंच गई। इसकी वजह सालाना आधार पर आभूषणों की कीमतों में 34.1% की रिकॉर्ड वृद्धि रही।

पीएचडीसीसीआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं महासचिव रंजीत मेहता ने कहा कि थोक कीमतों में कमी की मुख्य वजह खाद्य एवं ऊर्जा की कम लागत, मजबूत कृषि उत्पादन और वैश्विक स्तर पर जिंस की स्थिर कीमतें रहीं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखता है। केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दरों को 5.5% पर अपरिवर्तित रखा था। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.5% पर आ गई।

मंगोलिया के विकास में भारत दृढ़ साझेदार : मोदी

मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना भारत की चार दिवसीय यात्रा पर, भारत मंगोलिया के लोगों को मुफ्त ई-वीजा कराएगा उपलब्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ व्यापक वार्ता के बाद मंगलवार को कहा कि मंगोलिया के विकास में भारत एक विश्वसनीय साझेदार रहा है और दोनों देश एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। उखना सोमवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है।

उखना के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि भारत मंगोलिया के लोगों को मुफ्त ई-वीजा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि भारत की 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता से कार्यान्वित तेल रिफाइनरी परियोजना मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह भारत की विश्व में सबसे बड़ी विकास साझेदारी परियोजना है और 2500 से भी अधिक भारतीय पेशेवर मंगोलिया के साथियों के साथ मिलकर इस परियोजना को साकार कर रहें हैं। मोदी ने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घनिष्ठ साझेदार के रूप में खड़े हैं और एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। मंगोलिया के राष्ट्रपति ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका की सराहना की तथा विशेष रूप से नई दिल्ली के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का उल्लेख किया। अपने मीडिया वक्तव्य में मोदी ने यह भी कहा कि भारत और मंगोलिया के बीच संबंध महज कूटनीतिक संबंध से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि सदियों से दोनों देश बौद्ध धर्म के सिद्धांतों से बंधे हुए हैं, यही कारण है कि हमें आध्यात्मिक सहोदर भी कहा जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उखना के साथ हुई बातचीत में दोनों देशों के बीच इस परंपरा और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

10 लाख प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण शीघ्र

मोदी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी है कि अगले वर्ष भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेषों को भारत से मंगोलिया भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत 'गंदन' बौद्ध मठ में एक संस्कृत शिक्षक भी भेजेगा, ताकि वहां के बौद्ध ग्रंथों का गहराई से अध्ययन किया जा सके और प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमने 10 लाख प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण की परियोजना को भी शीघ्र ही शुरू करने का निर्णय लिया है। मंगोलिया में बौद्ध धर्म के लिए नालंदा विश्वविद्यालय की अहम भूमिका रही है।

सोनम वांगचुक को एकांत कारावास में नहीं रखा गया है : जोधपुर जेल अधीक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

जोधपुर केंद्रीय कारागार अधीक्षक ने उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि रासुका के तहत हिरासत में लिये गए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को एकांत कारावास में नहीं रखा गया है और उन्हें आगंतुकों से मिलने सहित वे सभी अधिकार प्राप्त हैं, जो एक कैदी को मिलते हैं।

वांगचुक राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं। जेल अधीक्षक ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में कहा कि वांगचुक किसी भी पुरानी बीमारी से पीड़ित नहीं हैं और चिकित्सकीय और शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। हलफनामे में कहा गया है कि बंदी को जनरल वार्ड में 20 गुणा 20 फुट के एक मानक बैरक में रखा गया था, जहां वह आज तक बंद हैं और फिलहाल वह इस जेल बैरक में अकेले रह रहे हैं। यह हलफनामा वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की ओर से उच्चतम न्यायालय में दायर की गई उस याचिका के जवाब में दाखिल किया गया है, जिसमें उन्होंने रासुका के तहत अपने पति की हिरासत को चुनौती दी है और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। जेल अधीक्षक ने बताया कि वांगचुक पूरी तरह से स्वस्थ हैं और हिरासत के बाद से हर दिन सामान्य आहार ले रहे हैं। हलफनामे में कहा गया है कि यह रेखांकित करना आवश्यक है कि राजस्थान कारागार नियमावली, 2022 के नियम 538 के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत बंदियों को मामले के तथ्यों से परिचित स्थानीय पुलिसकर्मी की उपस्थिति के बिना अपने मुलाकातियों से बातचीत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- उच्चतम न्यायालय को बताया कि वांगचुक को आगंतुकों से मिलने सहित सभी अधिकार प्राप्त

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा दिये जाने और इसे छठी अनुसूची में शामिल किये जाने की मांग को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दो दिन बाद वांगचुक को 26 सितंबर को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था। इस हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गयी और 90 घायल हो गये थे। सरकार ने उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है।

यूपीएससी की अंतरिम उत्तर कुंजी संबंधी बदलाव को सुप्रीम मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने लाखों उम्मीदवारों को राहत देते हुए परीक्षाओं में पारदर्शिता का मार्ग किया प्रशस्त

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के तुरंत बाद अंतरिम उत्तर कुंजी प्रकाशित करने की संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की नीति में बदलाव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने लाखों उम्मीदवारों को बड़ी राहत देते हुए भविष्य की परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया।

पीठ याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालयों के माध्यम से पिछली शिकायतों के समाधान की मांग करने की भी अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने उत्तर कुंजी जारी करने की संघ लोक सेवा आयोग की कथित अपारदर्शी नीति को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता और एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड प्रांजल किशोर की उनके व्यापक नोट के लिए भी सराहना की, जिसमें प्रारंभिक परीक्षा के बाद उत्तर कुंजी तुरंत जारी करने की सिफारिश की गई थी। इस सिफारिश ने यूपीएससी को हिमांशु एवं अन्य बनाम भारत संघ के मुख्य मामले में दायर अपने प्रति-हलफनामे में इस मांग को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। आयोग ने नया ढांचा अपनाया है जिसके तहत आपत्तियों के लिए अंतरिम कुंजियां प्रारंभिक परीक्षा के तुरंत बाद, जबकि अंतिम कुंजियां सभी स्तर के परिणामों के बाद जारी होंगी।

अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 12 नवंबर को

- अग्रिम जमानत के लिए सत्र न्यायालय का रुख किए बिना वादियों द्वारा सीधे उच्च न्यायालय जाने का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 12 नवंबर को उस मामले की सुनवाई करेगा, जिसमें अग्रिम जमानत के लिए सत्र न्यायालय का रुख किए बिना वादियों द्वारा सीधे उच्च न्यायालय जाने का मुद्दा उठाया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को बताया गया कि केरल में अग्रिम जमानत के 80 प्रतिशत मामले पहले वहां के उच्च न्यायालय में आते हैं।

आठ सितंबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि यद्यपि उच्च न्यायालय और सत्र न्यायालय को गिरफ्तारी-पूर्व जमानत की याचिका पर विचार करने का समवर्ती क्षेत्राधिकार प्रदान किया गया है, लेकिन न्यायालयों के पदानुक्रम की मांग है कि इस तरह के उपाय का अनुरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति को सीधे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय की उस प्रथा पर ध्यान दिया था, जिसमें वादी द्वारा सत्र न्यायालय में जाए बिना अग्रिम जमानत आवेदनों पर सीधे विचार किया जाता है। मंगलवार को पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं, जो इस मामले में न्यायमित्र के रूप में इसकी सहायता कर रहे हैं। मामले में पेश हुए वकीलों में से एक ने कहा कि केरल में लगभग 80 प्रतिशत अग्रिम जमानत याचिकाएं पहले उच्च न्यायालय में आती हैं। सुनवाई के दौरान लूथरा ने न्याय तक पहुंच के पहलू का उल्लेख किया। पीठ ने कहा कि अब हम हर जगह ई-फाइलिंग की ओर बढ़ रहे हैं।

अडाणी को संपत्तियां बेचने के लिए सहारा की याचिका पर केंद्र और सेबी से उच्चतम न्यायालय ने मांगा जवाब

उच्चतम न्यायालय ने सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड की उस याचिका पर केंद्र, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और अन्य हितधारकों से जवाब मांगा, जिसमें कंपनी ने अडाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को 88 प्रमुख संपत्तियां बेचने की अनुमति मांगी है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एमएम सुंदरेश की विशेष पीठ ने सहारा समूह के धन अदायगी दायित्वों से संबंधित लंबे समय से चल रहे मामलों में सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) के अंतरिम आवेदन पर सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने आदेश दिया कि केंद्रीय वित्त और सहकारिता मंत्रालयों को वर्तमान कार्यवाही में पक्ष बनाया जाए और 17 नवंबर तक याचिका पर उनका जवाब मांगा। पीठ ने न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नफड़े से सहारा फर्म के अदाणी समूह की कंपनी को बेची जाने वाली प्रस्तावित 88 संपत्तियों का विवरण तैयार करने को कहा।

ईसाई स्कूल मुस्लिम को हिजाब के साथ में अनुमति दे : केरल सरकार

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने मंगलवार को कोच्चि में ईसाई संस्थान की ओर से संचालित एक निजी स्कूल को निर्देश दिया कि वह वहां पढ़ने वाली एक मुस्लिम लड़की को हिजाब पहनकर शिक्षा जारी रखने की अनुमति दे। मंत्री ने स्कूल के प्रधानाचार्य और प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे छात्रा और उसके अभिभावकों को संस्थान में 'हिजाब' पहनने के कारण होने वाली मानसिक परेशानी का भी समाधान करें।

शिवनकुट्टी के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्हें बुधवार तक इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। शिवनकुट्टी ने बयान में जोर देकर कहा कि धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कायम रखने वाले केरल में किसी भी छात्रा के सामने ऐसी कठिनाई पेश नहीं आनी चाहिए।

- प्रधानाचार्य-प्रबंधन को निर्देशित किया कि वे छात्रा की मानसिक परेशानियों का भी समाधान करें

उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान को संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंत्री का यह निर्देश एर्णाकुलम के शिक्षा उपनिदेशक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि स्कूल प्राधिकारियों की ओर से गंभीर चूक हुई है। उप निदेशक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि छात्रा को हिजाब की वजह से कक्षा में बैठने नहीं देना गंभीर कदाचार और शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है।

ब्रिटेन ने वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी की परीक्षा की और कठिन

● बढ़ते आव्रजन पर व्यापक कार्रवाई के लिए संसद में रखा गया प्रस्ताव

लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने भारत सहित दूसरे देशों के वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की अनिवार्य परीक्षा को मंगलवार को और कठिन बनाने की शर्तें पेश कीं। ब्रिटेन में बढ़ते आव्रजन पर बड़ी कार्रवाई के तहत संसद में यह प्रस्ताव रखा गया।

ब्रिटेन का गृह विभाग अंग्रेजी भाषा की यह नई परीक्षा आयोजित की जाएगी। आठ जनवरी, 2026 से सभी कुशल श्रमिकों के लिए आगामी वीजा आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में परिणामों का सत्यापन किया जाएगा। वीजा आवेदक का अंग्रेजी बोलने, सुनने, पढ़ने और लिखने का स्तर ए-लेवल अथवा 12वीं कक्षा के समकक्ष होना चाहिए, जिसे लेवल बी2 कहा जाता है। गृह विभाग का मानना है कि इससे तय होगा कि वीजा आवेदक ब्रिटेन के जीवन में घुलमिल सकेंगे। गृहमंत्री शबाना महमूद ने कहा, इस देश ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है जो यहां आकर देश के विकास में योगदान देते हैं, लेकिन प्रवासियों का हमारी भाषा सीखे बिना यहां आना, हमारे राष्ट्रीय जीवन में योगदान देने में असमर्थ होना अस्वीकार्य है।

मारिया को नोबेल देने से नाराज वेनेजुएला ने नार्वे दूतावास पर ताला लगाया

नार्वे और ऑस्ट्रेलिया में अपने दूतावास पहले ही किए बंद, देश की सरकार की नाक में दम करती रही हैं विपक्ष की नेता माचादो

काराकस, एजेंसी

देश की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचादो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने से नाराज वेनेजुएला सरकार ने नार्वे के दूतावास पर ताला लगा दिया है। वेनेजुएला में नोबेल समिति के फैसले की ही कड़ी आलोचना का ज्वार थम नहीं रहा है। कहा जा रहा है कि माचादो देश में सत्ता पलटने के लिए विदेशी सैन्य हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं और खुद भी तख्तापलट के प्रयासों में भागीदार रही हैं।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने माचादो को धुर दक्षिणपंथी नेता बताते हुए कहा कि वह देश में बाहरी हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं, जबकि लोग इसे अस्वीकार कर चुके हैं। हाल के जनमत सर्वेक्षणों से पता चला है कि 90 प्रतिशत से अधिक वेनेजुएलावासी देश के खिलाफ किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करते हैं। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को संसाधनों के रणनीतिक पुनर्वितरण का हवाला देते हुए नॉर्वे और ऑस्ट्रेलिया में अपने दूतावासों को बंद करने की घोषणा कर दी थी।

सामाजिक अधिकार के लिए काम करने वाले कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने माचादो को पुरस्कार देने की घोषणा के बाद से ही इस फैसले की निंदा की और निराशा जताते हुए हुए कहा शांति के पुरस्कार को आधुनिक उपनिवेशवाद के साधन के रूप में बदल दिया गया है। डोमनिकन राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के एक गठबंधन ने संयुक्त रूप से इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा, किसी ऐसे व्यक्ति को नोबेल शांति पुरस्कार देना जिसने खुले तौर पर अमेरिकी और इजराइली सैन्य हस्तक्षेप का आह्वान किया है, उस शांतिवादी भावना का अपमान है जिसने अल्फ्रेड नोबेल को प्रेरित किया था।

देश में तख्तापलट की वकालत करती रही हैं मारिया

माचादो 2002 के तख्तापलट में भाग लेकर चर्चा में आई थीं। तब तत्कालीन राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज़ को कुछ समय के लिए सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। वह 2014 की ला सालिडा सड़क हिंसा में भी शामिल रही थीं, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए थे। माचादो वेनेजुएला पर अमेरिका के आर्थिक प्रतिबंधों का समर्थन करने के साथ इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से वेनेजुएला में सत्ता पलटने के लिए सैन्य सहयोग भी मांग चुकी हैं।

रूबियो ने किया था नोबेल पुरस्कार के लिए समर्थन

नोबेल पुरस्कार के लिए माचादो का समर्थन अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने किया था, जो वेनेज़ुएला के प्रति वर्तमान अमेरिकी नीतियों के कट्टर समर्थक रहे हैं। माचादो नोबेल मिलने के बाद कई बार उसे ट्रंप को समर्पित करने की घोषणा कर चुकी हैं। अमेरिका ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान के नाम पर कैरेबियन सागर में वेनेजुएला क्षेत्र के किनारे बड़े पैमाने पर सैन्य तैनाती कर रखी है। अमेरिकी सेना ने सितंबर से अब तक कम से कम चार नावों पर बमबारी की है, जिसमें कुल मिलाकर 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए हैं।

वर्ल्ड ब्रीफ

स्पेसएक्स ने स्टारशिप रॉकेट की 11वीं परीक्षण उड़ान शुरू की

वाशिंगटन। स्पेसएक्स ने सोमवार को अपने एक और विशाल स्टारशिप रॉकेट को परीक्षण उड़ान पर भेजा, जो पिछली बार की तरह इस बार भी सफलतापूर्वक दुनिया के आधे हिस्से में पहुंचा और साथ ही नकली उपग्रहों को भी प्रक्षेपित किया। स्टारशिप अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट है और यह टेक्सास के दक्षिणी सिरे से शाम को गर्जना के साथ उड़ा। उड़ान के बाद इससे बूस्टर अलग हो गया और यह मेक्सिको की खाड़ी में योजनाबद्ध तरीके से पहुंचा। अंतरिक्ष यान हिंद महासागर में उतरने से पहले अंतरिक्ष में उड़ता रहा। स्पेसएक्स के डैन ह्यूट ने घोषणा की 'धरती पर वापसी पर स्वागत है स्टारशिप। क्या दिन है।' यह स्टारशिप की 11वीं परीक्षण उड़ान थी।

चीन कर रहा है अपने चौथे विमानवाहक पोत का निर्माण

बीजिंग। चीन चौथे विमानवाहक पोत का निर्माण कर रहा है और साथ ही समुद्री परीक्षण पूरा होने के बाद 'फुजियान' नामक तीसरे विमानवाहक पोत को सेवा में शामिल करने की तैयारी में है। हांगकांग आधारित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने मंगलवार को विमानवाहक पोत के उपग्रह से लिए गए चित्र पोस्ट करते हुए कहा कि चौथे विमानवाहक पोत का निर्माण कार्य लियाओनिंग प्रांत के डालियान स्थित एक शिपयार्ड में प्रगति पर है। चीनी सैन्य प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने पिछले महीने कहा था कि तीसरा विमानवाहक पोत 'फुजियान' जल्द ही नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा। चीन के तीनों ही विमानवाहक पोत पारंपरिक ऊर्जा से संचालित हैं।

रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में मिला 340 कैरेट का बड़ा हीरा

मॉस्को। रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में एक भंडार से 340 कैरेट का एक उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला है। गर्वनर अलेक्जेंडर त्सिबुल्स्की ने कहा कि यह हीरा आधुनिक रूस में खोजे गए पांच सबसे बड़े हीरों में से एक है और यह स्थानीय वी. ग्रिब भंडार के औद्योगिक विकास के दौरान मिला। यह अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। गवर्नर के अनुसार, यह रत्न न केवल अपने असाधारण आकार के लिए, बल्कि अपनी गुणवत्ता और बाजार के दामों के लिए भी खास है। उन्होंने कहा, ऐसे सभी प्राकृतिक हीरों की तादाद दो प्रतिशत से अधिक नहीं हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट वैश्विक दृष्टिकोण जरूरी

संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों के सैन्य प्रमुखों के सम्मेलन में बोले सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी

नई दिल्ली, एजेंसी

● कहा- 56 से ज्यादा संघर्षों में उलझे हैं 90 देश, संवेदनशील मोड़ पर खड़ी है दुनिया

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की अभूतपूर्व चुनौतियों से निपटने के लिए शांति स्थापना मिशनों में एकजुटता और वैश्विक दृष्टिकोण का आह्वान किया। जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों (यूएनटीसीसी) के सैन्य प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है जहां 56 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं और इनमें लगभग 90 देश शामिल हैं।

सेना प्रमुख ने कहा, विघटनकारी तकनीकों का प्रसार, गैरसरकारी तत्वों का बढ़ता प्रभाव, हाइब्रिड युद्ध और दुष्प्रचार के प्रकोप ने संघर्ष की पारंपरिक सीमाओं को धुंधला कर दिया है। उन्होंने कहा, बदलती भूराजनीतिक स्थिति उस आम सहमति की भावना को कमजोर कर रही हैं जो संयुक्त राष्ट्र की एकजुट कार्रवाई का आधार है। ऐसी वास्तविकताएं अधिक लचीली, त्वरित और एकीकृत प्रतिक्रियाओं की मांग करती हैं जो केवल शांति रक्षक ही मिलकर कर सकते हैं।

सेना प्रमुख ने कहा कि ये उभरते ख़तरे बदलती भूराजनीतिक स्थितियों से और भी जटिल हो गए हैं, जो पारंपरिक रूप से एकजुट संयुक्त राष्ट्र कार्रवाई की नींव रखने वाली आम सहमति की भावना को लगातार कमज़ोर कर रहे हैं। वैश्विक शांति स्थापना प्रयासों के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा, शांति स्थापना में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में भारत ने संयुक्त राष्ट्र के कुल 71 शांति अभियानों में से 51 अभियानों में लगभग तीन लाख पुरुषों और महिलाओं को भेजा है। इनमें कोरिया (1950) और कांगो (1960) में हमारी शुरुआती तैनाती से लेकर अभी चल रहे 11 मिशनों में से 9 में हमारी सेना तैनात है।

यूएनटीसीसी के सम्मेलन में 32 देशों के सैन्य प्रमुखों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

सम्मेलन में शामिल है 32 देशों का शीर्ष सैन्य नेतृत्व

सम्मेलन में 32 देशों का वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व हिस्सा ले रहा है। इनमें अल्जीरिया, आर्मेनिया, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, घाना, भूटान, ब्राज़ील, बुरुंडी, कंबोडिया, मिस्र, इथियोपिया, फिजी, फ्रांस, इटली, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, मेडागास्कर, मलेशिया, मंगोलिया, मोरक्को, नेपाल, नाइजीरिया, पोलैंड, रवांडा, श्रीलंका, सेनेगल, तंजानिया, थाईलैंड, युगांडा, केन्या, उरुग्वे, वियतनाम शामिल हैं। सम्मेलन में साझा क्षमता निर्माण के लिए रक्षा प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही हैं।

राजनाथ ने कहा- खुलेआम वैश्विक नियमों का उल्लंघन कर रहे कुछ देश

नई दिल्ली। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ देश अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं जबकि कई अन्य देश अगली सदी में वर्चस्व स्थापित करने के लिए अपने खुद के मानदंड बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत पुरानी पड़ चुकी अंतरराष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को कायम रखने में मजबूती से खड़ा है। रक्षा मंत्री ने उन देशों का नाम नहीं लिया जो वैश्विक मानदंडों का उल्लंघन कर रहे हैं या अपने नए मानदंड बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम आज की चुनौतियों का सामना पुराने बहुपक्षीय ढांचों से नहीं कर सकते। व्यापक सुधारों के बिना संयुक्त राष्ट्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है।

जेलेंस्की-ट्रंप की मुलाकात से पहले रूस का यूक्रेन में अस्पताल पर हमला

कीव, एजेंसी

● खारकीव शहर पर रात भर बरसाए शक्तिशाली ग्लाइड बम, ड्रोन से किया हमला, अस्पताल से निकाले गए मरीज

रूसी सेना ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रातभर शक्तिशाली ग्लाइड बम और ड्रोन से हमला किया, जिसमें एक अस्पताल को निशाना बनाया गया। इसमें सात लोग घायल हो गए।

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की वाशिंगटन जाने तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से और अधिक अमेरिकी सैन्य मदद मांगने की तैयारी कर रहे हैं। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि यूक्रेन के खारकीव पर हुए हमले में शहर का मुख्य अस्पताल प्रभावित हुआ, जिससे 50 मरीजों को निकालना पड़ा। जेलेंस्की ने कहा कि हमले का मुख्य लक्ष्य ऊर्जा प्रतिष्ठान थे। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, हर दिन, हर रात रूस बिजली संयंत्रों, बिजली लाइनों और हमारी प्राकृतिक गैस सुविधाओं पर हमला करता है।

यूक्रेनी नेता ने विभिन्न देशों से आग्रह किया कि वे रूस के लंबी दूरी के हमलों को रोकने में मदद करें और इसके लिए वे यूक्रेन को अधिक वायु रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराएं। जेलेंस्की ने कहा, हम अमेरिका और यूरोप, जी-7 तथा उन सभी साझेदारों की कार्रवाई पर भरोसा कर रहे हैं, जिनके पास ये प्रणालियां हैं और जो हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए इन्हें उपलब्ध करा सकते हैं। दुनिया को मॉस्को को वास्तविक वार्ता के लिए मेज पर बैठने के लिए मजबूर करना होगा। लेकिन यूक्रेन को विदेशी सैन्य सहायता के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि हाल ही में सहायता में भारी गिरावट आई है।

यूनाइटेड अगेंस्ट न्यूक्लियर ईरान की ओर से यूक्रेन से प्राप्त ईरानी शाहिद-136 ड्रोन को मंगलवार को लंदन की संसद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित किया गया। यह वही हथियार है जिसका इस्तेमाल रूस ने यूक्रेन के खिलाफ विनाशकारी प्रभाव के लिए किया है।

यूक्रेन को मिलने वाली सहायता पर नजर रखने वाले जर्मनी के कील इंस्टीट्यूट ने बताया कि जुलाई और अगस्त में सैन्य सहायता में वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 43 प्रतिशत गिरावट आई है। जेलेंस्की शुक्रवार को वाशिंगटन में ट्रंप से मिलने वाले हैं। वार्ता के केंद्र में यूक्रेन को अमेरिका द्वारा लंबी दूरी तक मार करने वाले अत्याधुनिक अस्त्र उपलब्ध कराने पर चर्चा होने की उम्मीद है।

गाजा युद्धविराम पर बंधकों के शवों को लेकर अनिश्चितता का साया बरकरार

हमास ने लौटाए सिर्फ चार शव, 24 अभी भी उसी के कब्जे में

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल-हमास युद्ध में मंगलवार को भी संघर्ष विराम कायम रहा, हालांकि कई जटिल मुद्दे अनसुलझे होने के कारण इस पर अनिश्चितताओं का दौर जारी है। सबसे बड़ा प्रश्न यह उठ रहा है कि हमास 28 बंधकों के शव इजराइल को कब लौटाएगा, साथ ही उससे रिहा किए गए बंधकों और कैदियों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं।

मृत बंधकों में से चार के शव ही सोमवार को इजराइली अधिकारियों को सौंपे गए जो युद्धविराम समझौते के पहले चरण का हिस्सा है। मंगलवार को इनमें से दो की पहचान इजराइल के गाइ इलूज और नेपाल के छात्र बिपिन जोशी के तौर पर की गई। सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के दौरान दोनों को अगवा किया गया था। इजराइल ने कहा कि इलूज की मौत उपचार के बिना बंदी बनाने के दौरान हुए घावों के कारण हुई, जबकि जोशी की युद्ध के पहले महीनों में हत्या कर दी गई थी। मुक्त किए गए बंधकों का मंगलवार को इलाज किया गया। इलाज कुछ सप्ताह जारी रहने का अनुमान है।

इजराइल की कैद से रिहा किए गए फिलिस्तीनियों का गाजा में हुआ जोरदार स्वागत।

इजराइल ने सारे शव लौटाने के लिए दिया शाम तक का वक्त

यरूशलम। इजराइल ने मंगलवार को हमास की ओर से अपने सभी 28 बंधकों के शव न सौंपे जाने से गहरी निराशा जताई और आगे किसी भी प्रगति के लिए शाम तक की समयसीमा तय की है। शीर्ष इजराइली अधिकारियों ने हमास पर जानबूझकर वादे से पीछे हटने का भी आरोप लगाया है। इजराइल का मानना है कि हमास पहले से ही कुछ शवों को अपने पास रखे हुए है और संभवत: उसके अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए उन्हें सौंपने से इन्कार कर रहा है। एक मध्यस्थ देश के अरब राजनयिक ने हिब्रू मीडिया एजेंसियों को बताया कि मध्यस्थ इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं और उन्हें नहीं लगता कि गाजा समझौता खतरे में है। सोमवार को हमास ने चार बंधकों के शव सौंपे थे, 24 उसी के कब्जे में हैं।

मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट, राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे

एंटानानारिवो, एजेंसी

हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट हो गया है। सशस्त्र बल यहां सत्ता संभाल रहे हैं। मेडागास्कर में एक विशिष्ट सैन्य इकाई के कर्नल ने मंगलवार को यह जानकारी सार्वजनिक की।

उनकी यह घोषणा संसद द्वारा राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान के तुरंत बाद आई है। राष्ट्रपति राजोएलिना सैनिकों के विद्रोह के कारण देश छोड़कर भाग गए हैं। कर्नल माइकल रैंड्रियनिरिना ने कहा कि सेना एक परिषद बनाएगी जिसमें सेना और अर्द्धसैनिक कानून प्रवर्तन बल के अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि एक नागरिक सरकार का शीघ्र गठन करने के लिए एक प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रपति राजोएलिना सात वर्षों से सत्ता पर काबिज थे जिनके कार्यकाल का अब अंत होना माना जा रहा है।

युवा कर रहे थे देश भर में सरकार विरोधी प्रदर्शन सेना की एक इकाई ने भी लिया था हिस्सा

इससे पहले एक विशिष्ट सैन्य इकाई ने सप्ताहांत में युवाओं के नेतृत्व वाले सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भाग लिया था और उनसे पद छोड़ने का आह्वान किया था। राष्ट्रपति ने सोमवार रात सोशल मीडिया पर प्रसारित एक भाषण में कहा कि उन्होंने अपनी जान के डर से देश छोड़ दिया है। तख्तापलट की कोशिशों के बीच मंगलवार को राजोइलिना ने देश की संसद के निचले सदन को भंग करने की घोषणा भी की। उनका ठिकाना बताया जा रहा है। युवा प्रदर्शनकारियों ने 25 सितंबर को पानी और बिजली की कमी के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। कुछ प्रदर्शन हिंसक हो गए और जल्द ही राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग तक पहुंच गए। छह अक्टूबर को देश भर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

बांग्लादेश में कारखाने और गोदाम में आग से 16 की मौत

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार को कपड़े के कारखाने और रसायन के एक गोदाम में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कपड़ा कारखाने के बगल में स्थित रसायन गोदाम में भीषण आग लग गई। बाद में कपड़ा कारखाने से 16 शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि ऐसा संदेह है कि आग रसायन गोदाम में लगी और अनवर फैशन गारमेंट्स कारखाना तथा शाह आलम रसायन गोदाम तक फैल गई।

बातचीत ठप, अमेरिका में लंबे समय तक शटडाउन रहने की आशंकाएं बढ़ीं

● स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा- अमेरिकी इतिहास में हो सकता है सबसे लंबा शटडाउन

वाशिंगटन। रिपब्लिकन पार्टी से स्पीकर माइक जॉनसन ने सोमवार को कहा कि संघीय सरकार का 'शटडाउन' (सरकारी वित्तपोषण रुकने से कामकाज ठप होना) अब तक का सबसे लंबा 'शटडाउन' हो सकता है। जॉनसन ने कहा कि जब तक डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित अपनी मांगों को नहीं छोड़ते और इसे पुनः शुरू नहीं करते, तब तक वह उनके साथ बातचीत नहीं करेंगे।

'शटडाउन' के 13वें दिन कैपिटल में स्पीकर ने कहा कि उन्हें ट्रंप प्रशासन द्वारा बर्खास्त किए जा रहे हजारों संघीय कर्मचारियों के विवरण की जानकारी नहीं है। यह एक बेहद असामान्य सामूहिक छंटनी है जिसे व्यापक रूप से सरकार के दायरे को सीमित करने के लिए 'शटडाउन' का लाभ उठाने के तरीके के रूप में देखा जा रहा है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 15 अक्टूबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 10 .33 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर, **ऋतु**- शरद।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- पुष्य 12 .00 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

मेष - आज आप वैचारिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। गुप्त शत्रु आपको आपके शुभचिंतकों के प्रति भड़काने का प्रयास कर सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में धन बर्बाद हो सकता है। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

वृष - आज शुभ समाचार मिलने से पूरा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मित्रों के साथ करियर को लेकर चर्चा करेंगे। काम की अधिकता के बावजूद नौकरी में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझेगा।

मिथुन - आज परिवार के छोटे सदस्यों की प्रसन्नता देखकर आप भी खुश रहेंगे। व्यापार की चुनौतियों का समाधान निकाल लेंगे। आज आप धन कमाने के अलग-अलग तरीकों पर विचार कर सकते हैं। दांपत्य संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे। गले में खराश जैसी समस्या हो सकती है।

कर्क - आज घर में धार्मिक आयोजन होने से आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज आप अच्छे मूड में रहेंगे। सिद्धांतों के बजाय व्यवहारिक तरीके से समस्याओं का समाधान करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में आ रही परेशानियां दूर होंगी।

सिंह - आज प्रतिक्रियावादी होने के बजाय ज्यादातर शान्त रहें। घर की देखरेख को आज समय देना पसंद करेंगे। आज रोगियों को सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। नकारात्मक लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते

कन्या - आज करियर के तरक्की के बेहतरीन अवसर आपको मिल सकते हैं। काफी समय से लंबित कार्य अब शुरू होने के अच्छे योग हैं। आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। आपको अच्छे कार्यों के कारण पुरस्कार मिल सकता है। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक हो सकते हैं।

तुला - आज आप शांति से अपना दिन बिताना चाहेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से समय बहुत ही अच्छा है। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक उत्तरदायित्व का भली-भांति निर्वाह करेंगे। जॉब में आपको नया काम सौंपा जा सकता है।

वृश्चिक - आज कारोबारी यात्रा के लिए जा सकते हैं। वाद-विवाद से आपको बचना चाहिए। कई दिनों बाद प्रेमीजन से मुलाकात होगी। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। मित्रों के साथ संबंध मधुर होंगे। आपके विचारों को समाज में प्रमुखता मिलेगी।

धनु - आज जिसका हित करने का प्रयास करेंगे हो सकता है वही आपको धोखा दे दे। भूमि-संपत्ति विवादों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। परिवार में थोड़ी अशांति रहेगी। किसी से आज बड़ा लेन-देन न करें। हृदय रोगियों को दवाइयों और दिनचर्या का विशेष ध्यान रखना चाहिये।

मकर - आज दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक रहेंगे। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ रहेगा। मित्रों के साथ आनंद का समय बितायेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। भाई-बहनों की सहायता से आपको कार्यक्षेत्र में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे।

कुंभ - आज नए संपर्क विकसित होने से मन प्रसन्न रहेगा। परिजनों के लिए खरीदारी कर सकते हैं। बिना मतलब दूसरों के मामलों में न पड़ें। अपनी योजनाओं को फिलहाल अपने तक ही सीमित रखें। संतान को शिक्षा में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

मीन - आज आपकी कार्यशैली में बेहतरीन सुधार होगा। किसी पॉलिसी में बड़ा पूंजी निवेश कर सकते हैं। मन में परोपकार का हित जागृत होगा। यश और कीर्ति मिलने से आपके मन में अहंकार का भाव भी जागृत हो सकता है। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे।

सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		5				
6			4			9		
	4				3			8
9					5			
8		6			1	3		5
			2					4
5			1	3			2	
	7	1			4			9
			5	9		6		

सुडोकू - 129 का हल

3	2	5	9	6	8	1	4	7
4	8	7	2	1	3	9	5	6
9	6	1	7	4	5	8	3	2
8	5	6	3	2	9	4	7	1
2	1	4	8	7	6	3	9	5
7	3	9	4	5	1	2	6	8
6	7	2	1	9	4	5	8	3
1	9	3	5	8	7	6	2	4
5	4	8	6	3	2	7	1	9

मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि पांच-छह महीनों में हम किस तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं। इसलिए एक टीम के रूप में यह अच्छा संकेत है कि हम ऐसा करने में सफल रहे हैं। जब से गंभीर ने कहा कि मुझे छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है तब से मैं बल्लेबाज के रूप में सोच रहा हूं। –रविंद्र जडेजा

स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

फिडे विश्व कप: गुकेश को मिली शीर्ष वरीयता

नई दिल्ली : गोवा में 30 अक्टूबर से शुरू हो रहे फिडे विश्व कप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होंगे, उनके बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंदा का स्थान है। यह टूर्नामेंट 27 नवंबर तक चलेगा। इसमें दुनिया भर के प्रमुख सितारे भाग लेंगे और डेनमार्क के अनीश गिरि को चौथी वरीयता दी गई है। इस प्रतियोगिता में 20 लाख डॉलर की बड़ी पुरस्कार राशि होगी और इसमें दुनिया भर से 206 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। पुरस्कारों के अलावा खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में तीन स्थानों के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। गोवा में शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स में सीधे प्रवेश मिलेगा। इस प्रतियोगिता में अमेरिका के वेस्ले सो पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं, जिनके बाद क्रमश: विन्सेंट केमर, वेई यी, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, शखरियार मामेदयारोव और हंस नीमन का स्थान है।

जोश-जम्पा, भारत के साथ पहले वनडे से बाहर

पर्थ : ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर जोश इंगलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा क्रमश: चोट और पारिवारिक कारणों से भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले वनडे मैच में नहीं खेल पाएंगे। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे शृंखला खेलेगा, जिसके बाद पांच मैचों की टी–20 शृंखला होगी। अगले दो वनडे मैच एडिलेड (23 अक्टूबर) और सिडनी (25 अक्टूबर) में होंगे। इंगलिस पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, जिससे वह इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी–20 शृंखला में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह जोश फिलिप को विकेटकीपर के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।

आइसलैंड ने फ्रांस का विजय अभियान थामा

रेक्जाविक : फ्रांस ने आइसलैंड के साथ 2–2 से ड्रॉ खेलकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में स्थान सुरक्षित करने का मौका गंवा दिया। फ्रांस ने इससे पहले लगातार तीन मैच में जीत हासिल की थी। दो बार की विश्व चैंपियन टीम अगर आइसलैंड को हरा देती और यूक्रेन की टीम अज़रबैजान को हराने में नाकाम रहती, तो फ्रांस की टीम विश्व कप में जगह पक्की कर सकती थी। यूक्रेन ने 2–1 से जीत दर्ज की। विश्व कप 2022 का उपविजेता फ्रांस अभी भी ग्रुप डी में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जो यूक्रेन से तीन अंक अधिक हैं। फ्रांस की टीम कप्तान किलियन एमबाप्पे के बिना मैदान पर उतरी थी, जिन्होंने शुक्रवार को अजरबैजान के खिलाफ टीम की 3–0 की जीत में गोल किया था, लेकिन दाएं टखने में चोट के कारण वह लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।

पैरा पावरलिफ्टिंग में मैथ्यू ने कांस्य जीता

नई दिल्ली : भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जोबी मैथ्यू ने मिस्र के काहिरा में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप के लेजेंड्स (मास्टर्स) वर्ग में कांस्य पदक जीता। मैथ्यू ने अपने पहले प्रयास में 147 किग्रा के भार उठाया लेकिन इसे अमान्य घोषित कर दिया गया। उन्होंने इसके बावजूद दूसरे प्रयास में 148 किग्रा वजन आसानी से उठा लिया। मैथ्यू ने इस लय को जारी रखते हुए अपने अंतिम प्रयास में 152 किग्रा का वजन उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनका पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किग्रा था जिसे उन्होंने दो महीने पहले बीजिंग विश्व कप में हासिल किया था। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि पेरू के नील ग्रेसिया ने 161 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता।

रोहित-कोहली के भविष्य पर गंभीर ने कहा- मौजूदा समय में रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

विराट कोहली और रोहित शर्मा 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप खेलने के इच्छुक हैं, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मंगलवार को इस स्टार जोड़ी के भविष्य को लेकर कोई वादा नहीं किया। गंभीर ने कहा कि वनडे विश्व कप में अभी दो साल से अधिक का समय है और वर्तमान में रहना जरूरी है।

शुभमन गिल की वनडे कप्तान के रूप में नियुक्ति के साथ राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने पहले ही वनडे क्रिकेट में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है और 2027 में कोहली (39) और रोहित (40) की उम्र को देखते हुए उनके भविष्य पर काफी संदेह है। गंभीर ने कहा कि 50 ओवर का विश्व कप अभी ढाई साल दूर है। वर्तमान में रहना बहुत जरूरी है। जाहिर है वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वे वापसी कर रहे हैं। उनका अनुभव ऑस्ट्रेलिया में काम आएगा। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के समापन पर कहा कि उम्मीद है कि ये दौरा दोनों खिलाड़ियों के लिए सफल साबित होगा, लेकिन इससे जरूरी बात यह है कि टीम एक सफल शृंखला खेले। ऐसा माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में होने वाले नौ वनडे मैचों (ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन-तीन मैच) में इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर काफी कुछ निर्भर करेगा। भारतीय टीम पिछले एक साल में गंभीर की कोचिंग में सभी प्रारूपों में बदलाव के दौर से गुजर रही है। राष्ट्रीय टीम में शामिल करते समय किसी खिलाड़ियों के गुणों पर गंभीर ने कहा कि इस सूची में प्रतिभा सबसे पहली चीज है। फिर काम के प्रति लगन और ड्रेसिंग रूम में आपके व्यवहार खासकर टेस्ट क्रिकेट में काफी मायने रखता है। हम यह भी परखने की कोशिश करते है कि रन बनाने और विकेट लेने के अलावा आप किस तरह से टीम के लिए योगदान दे सकते हैं। आप में खेल के लिए जज्बा होना भी काफी जरूरी है। आप में अगर ये सारे गुण है तो आप निश्चित रूप से एक सफल टेस्ट करियर बना सकते हैं।

के. श्रीकांत से गंभीर बोले- 23 साल के खिलाड़ी को निशाना बनाना शर्मनाक



भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में चुने जाने पर सवाल उठाने वाले पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत पर पलटवार करते हुए कहा कि 23 वर्षीय खिलाड़ी को निशाना बनाना शर्मनाक है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर आरोप लगाया था कि राणा केवल गंभीर की वजह से राष्ट्रीय टीम में हैं। उन्होंने कहा कि राणा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में इसलिए चुना गया क्योंकि वह गंभीर की जी–हुजूरी करते हैं। गंभीर ने वेस्टइंडीज पर भारत की टेस्ट शृंखला जीत के बाद कहा कि यह शर्मनाक है कि कोई व्यक्ति अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए 23 साल के खिलाड़ी को निशाना बना रहा है। अगर आप मुझे निशाना बनाना चाहते हैं, तो बनाइए। मैं इससे निबट सकता हूं, लेकिन यूट्यूब व्यूज के लिए 23 साल के युवा खिलाड़ी को ट्रोल करना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि उनके (राणा के) पिता चयनकर्ता नहीं हैं। उन्होंने अपनी योग्यता के आधार पर टीम में जगह बनाई है। इन युवा लड़कों को निशाना मत बनाइए। हालांकि यह पता नहीं चल सका है, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से यह निशाना श्रीकांत के बेटे अनिरुद्ध पर लगाया जा सकता है, जिन्हें एक बार ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम में चुना गया था। तब श्रीकांत चयन समिति के अध्यक्ष थे। श्रीकांत ने हाल ही में कहा था कि केवल एक सदस्य है, हर्षित राणा... कोई नहीं जानता कि वह टीम में क्यों है। सबसे अच्छा यही है कि हर्षित राणा की तरह बनें और टीम में चयन के लिए गंभीर की लगातार हां में हां मिलाते रहें। गंभीर ने कहा कि अगर राणा अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो चयन समिति उन्हें हटा देगी। राणा ने अब तक तीनों प्रारूप में 10 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 19 विकेट लिए हैं। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि लोगों को उनके प्रदर्शन के आधार पर निशाना बनाइए और चयनकर्ता इसी काम के लिए हैं। अगर आप सोशल मीडिया पर किसी 23 साल के खिलाड़ी के बारे में बुरी बातें कहेंगे, तो इससे उसकी मानसिकता पर क्या असर पड़ेगा। अगर आपका बच्चा कल क्रिकेट खेलता है, तो कल्पना कीजिए कि उसके साथ दुर्व्यवहार हो। वह 23 साल का है, 33 साल का नहीं। मेरी आलोचना करो, मैं इसे बर्दाश्त कर सकता हूं, लेकिन वह 23 साल का लड़का है, इसलिए यह स्वीकार्य नहीं है। गंभीर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और आपको अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए ये चीजें नहीं करनी चाहिए। यह केवल हर्षित के मामले में ही नहीं है। भविष्य में अन्य खिलाड़ियों के साथ भी ऐसा हो सकता है। आप लोगों (मीडिया) से भी मेरा यही कहना है कि आप मुझे निशाना बनाइए, लेकिन खिलाड़ियों को नहीं।

शुभमन को कप्तान बनाकर किसी ने कोई एहसान नहीं किया, वह इसके हकदार

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने युवा कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने इंग्लैंड में कप्तान के रूप में अपनी सबसे कठिन परीक्षा पास कर ली है और किसी ने भी उन्हें टेस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों में कप्तान नियुक्त करके कोई एहसान नहीं किया है। भारत ने गिल की कप्तानी में इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की शृंखला बराबर कराई थी जबकि अब उसने वेस्टइंडीज को दोनों मैच में हराया। गिल को अब रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के दौरे से होगी। गंभीर से जब पूछा गया कि वह मुख्य कोच के रूप में नए कप्तान को कैसे संभालते हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें अपना स्वाभाविक दृष्टिकोण बनाए रखने की इजाजत देकर। मुझे लगता है कि उन्हें टेस्ट या वनडे कप्तान बनाकर किसी ने उन पर कोई एहसान नहीं किया है। मुझे लगता है कि वह इसके हकदार हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत की है। कप्तान के रूप में इंग्लैंड दौरे में वह पहले ही सबसे कठिन परीक्षा पास कर चुके हैं। इंग्लैंड का दौरा काफी कठिन था क्योंकि हमारा मुकाबला विदेशी परिस्थितियों में मजबूत टीम से था। गिल ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और खिलाड़ियों के बीच सम्मान अर्जित किया। गंभीर फिलहाल वर्तमान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और इसे लेकर चिंतित नहीं हैं कि भारत 2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलेगा या नहीं।

द. अफ्रीका शृंखला से पहले रणजी खेलें खिलाड़ी

गौतम गंभीर चाहते हैं कि टेस्ट विशेषज्ञ खिलाड़ी बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में कौशल विशेष अभ्यास की जगह आगामी दक्षिण अफ्रीका शृंखला से पहले मैच अभ्यास के लिए अपने–अपने राज्यों के लिए रणजी ट्रॉफी खेलें। गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम का कार्यक्रम काफी व्यस्त है क्योंकि भारत की टी–20 टीम नौ नवंबर को ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलेगी और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट 14 नवंबर को कोलकाता में शुरू होगा। कोच ने कहा कि कभी–कभी यह मुश्किल होता है, लेकिन पेशेवरता इसी को कहते हैं। खिलाड़ियों को अपने दिनों का सर्वश्रेष्ठ तरीके से इस्तेमाल करने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि हम जानते हैं कि यहां से वन–डे क्रिकेट, फिर टी–20 और चार दिन बाद फिर टेस्ट मैच खेलना काफी मुश्किल है। जो खिलाड़ी केवल टेस्ट का हिस्सा हैं, उनके लिए तैयारी करना और घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत महत्वपूर्ण है।

लोकेश राहुल।

राहुल का अर्धशतक, भारत ने किया क्लीन स्वीप

पांचवें दिन वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट शृंखला की अपने नाम

- मैच में आठ विकेट लेने पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव
- बल्ले-गेंद से शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन मंगलवार को वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारत ने 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 63 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसे जीत के लिए केवल 58 रन की जरूरत थी। भारत ने आखिर में 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन बनाए। राहुल 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के शतकों की मदद से अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 248 रन ही बना पाई थी और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की जिससे उसकी टीम 390 रन बनाने में सफल रही। इससे मैच पांचवें दिन तक खिंच गया। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर पारी और 140 रन से जीता था।

अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

भारत की घरेलू धरती पर श्रेष्ठता की पुष्टि करने के अलावा यह जीत भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में शुभमन गिल की शृंखला में पहली जीत के रूप में भी दर्ज की जाएगी। राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए तथा साई सुदर्शन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। गिल ने 13 रन बनाए जबकि ध्रुव जुरेल छह रन बनाकर नाबाद रहे।

बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को मैच में आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसमें पहली पारी में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों ने इस मैच में अपना जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद रोस्टन चेज, क्रैग ब्रैथवेट के बाद, कप्तान के रूप में अपने पहले पांच टेस्ट मैच हारने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे कप्तान बन गए। चेज़ ने पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि मुझे लगता है कि हमारे खिलाड़ी कैरेबियाई देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से हैं। इसलिए हमें इस आखिरी टेस्ट मैच को एक मानदंड के रूप में उपयोग करना होगा। हमें यहां से जितना संभव हो सके उतना सुधार करना होगा। दो टेस्ट मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने विपक्षी टीम के सभी 40 विकेट चटकाए। भारतीय बल्लेबाजों की ओर से दो मैचों में पांच शतक बनाए गए। भारतीय बल्लेबाजों की असली परीक्षा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट शृंखला में होगी।

खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए कभी-कभी आपको साहसिक फैसले लेने पड़ते हैं: गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए साहसिक फैसले लेने में नहीं हिचकिचाते और वह इस भूमिका के आदी हो चुके हैं। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में जीत के बाद कहा कि मैं खेल की परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता हूं। कभी–कभी आपको साहसिक फैसले लेने होते हैं और यह इस पर निर्भर होता है कि कौन सा खिलाड़ी आपके लिए विकेट ले सकता है या रन बना सकता है। मुझे लगता है कि मैं इस टीम के सभी खिलाड़ियों से काम लेने का आदी हो रहा हूं। मुझे ज़िम्मेदारी निभाना अच्छा लगता है। मुझे ज़िम्मेदारी निभाना पसंद है और मैं इसे अपने तरीके से करता हूं। कुछ अहम फ़ैसलों में शामिल होना मुझे बहुत पसंद है और मुझे लगता है कि इससे मेरे अंदर का सर्वश्रेष्ठ सामने आता है।

- भारत पहली पारी : 518/5 (घोषित)
- वेस्टइंडीज पहली पारी : 248/10
- वेस्टइंडीज दूसरी पारी: 390/10

भारत

124/3 (35.2 ओवर) (दूसरी पारी)

यशस्वी का फिलिप बो वारिकन	08
केएल राहुल नाबाद	58
साई सुदर्शन का होप बो चेज़	39
शुभमन गिल का ग्रीव्स बो चेज	13
ध्रुव जुरेल नाबाद	06

गेंदबाजी : जेडन सील्स 3–0–14–0, जोमेल वारिकन 15.2–4–39–1, खारी पियरे 8–0–35–0, रोस्टन चेज़ 9–2–36–2

अटापट्टू-निलाक्षिका ने श्रीलंका को छह विकेट पर 258 रन तक पहुंचाया

कोलंबो, एजेंसी

निलाक्षिका डिसिल्वा (नाबाद 55 रन) के आक्रामक और कप्तान चामरी अटापट्टू (53 रन) के संयमित अर्धशतक से श्रीलंका ने मंगलवार को महिला वनडे विश्व कप मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 6 विकेट पर 258 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। अटापट्टू ने 72 गेंद में 7 चौके लगाए तो वहीं निलाक्षिका ने सबसे तेज अर्धशतक जड़ते हुए 28 गेंद की पारी में 7 चौके और 1 छक्का जड़ा।

युवा बल्लेबाज विष्मी गुणरत्ने (42) के साथ मिलकर अटापट्टू ने 101 रन की साझेदारी की। हसिनी परेरा ने भी 44 रन का योगदान दिया। टूर्नामेंट में पहली जीत की तलाश में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और ऊपरी क्रम में एक रणनीतिक बदलाव करते हुए गुणरत्ने को कप्तान के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा। दोनों ने पावरप्ले की पांबदियों का पूरा फायदा उठाया और पहले 10 ओवरों में 52 रन बनाए। न्यूजीलैंड की खिलाड़ी मैदान पर अपने तेज तर्रार क्षेत्ररक्षण से दूर दिखीं और कई मौकों पर दोनों बल्लेबाजों के आउट करने और रन आउट के मौके गंवाए। लेकिन पावरप्ले के बाद उन्होंने वापसी की। अटापट्टू ने सोफी डिवाइन की गेंद पर अपना 20वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। लेकिन डिवाइन ने श्रीलंकाई कप्तान को मैडी ग्रीन के हाथों कैच कराया। गुणरत्ने रोजमैरी मैयर की गेंद पर बोल्ड हो गईं। परेरा (44) और हर्षिता (26) ने 58 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। न्यूजीलैंड ने समरविक्रमा, कविशा दिलहारी (4) और परेरा को आउट कर दिया, जिससे रन गति पर लगाम लगी। निलाक्षिका ने शानदार पारी खेलीं।

कोलंबो में खेले जा रहे महिला विश्व कप मैच के दौरान श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू और विश्मी गुणारत्ने।

भरत 8,000 मीटर ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ने वाले पहले भारतीय बने

कोलकाता। आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी मंगलवार को छठे सबसे ऊंचे पर्वत 'माउंट चो ओयू' (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में मनास्लू, मई 2019 में ल्होत्से, मार्च 2022 में अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में कंचनजंगा, मई 2023 में मकालू, अक्टूबर 2024 में शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में धौलागिरी पर चढ़ाई की थी। ये सभी 8,000 मीटर से अधिक ऊंची चोटियां हैं। बची हुई पांच शीर्ष चोटियां के2, नंगा पर्वत, गशेरब्रुम 1 और 2 तथा ब्रॉड पीक पाकिस्तान में हैं।

सुल्तान जोहोर कप | भारत ने दो गोल से पिछड़ने के बाद बनाई बढ़त, पाकिस्तान ने अंतिम क्षणों में बराबरी की

भारत–पाकिस्तान के बीच मैच 3–3 से ड्रॉ रहा

जोहोर बाहरु (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को सुल्तान जोहोर कप के अपने ग्रुप चरण के तीसरे मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला। भारत ने रोमांचक मुकाबले में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बढ़त बनाई लेकिन पाकिस्तान ने गोल करके अंक बराबर कर लिए। इस परिणाम का मतलब है कि भारत को अब तक टूर्नामेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

भारत के लिए अरिजीत सिंह हुंडल (43वें मिनट), सौरभ आनंद कुशवाहा (47वें मिनट), मनमीत सिंह (53वें मिनट) ने गोल दागे। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद (5वें मिनट) के अलावा सूफियान खान (39वें मिनट, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए गेंद पर दबदबा बनाए रखा। भारत ने शुरुआत में सर्कल में कई बार सेंध लगाई जिससे पाकिस्तान बैकफुट पर रहा। पाकिस्तान ने पलटवार करते हुए जल्द ही पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया। कप्तान शाहिद ने बिना कोई गलती किए गेंद गोलकीपर के दाईं ओर से नीचे की ओर डालकर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद सूफयान ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पाकिस्तान की बढ़त 2-0 कर दी। भारत ने क्वार्टर के अंत में एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। तीन मिनट से भी कम समय रहते हुंदल ने गोल करके अंतर कम किया। इसके बाद कुशवाहा ने एक बेहतरीन शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।

भारत के आक्रामक रुख से पाकिस्तान बैकफुट पर

बराबरी गोल करने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारत ने आक्रामक रुख अपनाया जिससे पाकिस्तान बैकफुट पर आ गया। फिर मनमीत ने गोल करके मैच में पहली बार भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि सूफयान ने मैच में दूसरी बार पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बराबरी हासिल कर ली।